# प्रस्तावना

हीरो मोटोकॉर्प **एक्सपल्स 200 4V** वाहन चुनने के लिए धन्यवाद। हम कामना करते हैं कि आने वाले वर्षों में आपको कई मीलों तक निरंतर सवारी का आनंद मिलता रहे।

हीरो मोटोकॉर्प में हम, लगातार अपने पर्यावरण प्रदर्शन में बेहतरी दिखाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो हमारे कॉर्पोरेट सोच का महत्वपूर्ण अंग है. इसे हासिल करने के लिए हम हमारे उत्पाद में नए तौर-तरीक़े लाने में, पर्यावरण कानून सहित सभी लागू कानूनों का पालन करने में और हरियाली बरक़रार रखने को प्रतिबद्ध हैं।

आपका वाहन एमिशन, सुरक्षा और शोर के लिहाज़ से नयी (भारत स्टेज-VI नॉर्म्स) नियम के अनुरूप है। साथ ही हम नॉन एस्बेस्टस ब्रेक शूज़/पैडस और इंजन गैस्केट का भी इस्तेमाल कर रहे हैं, जो स्वाभाव में पर्यावरण के अनुकूल हैं।

यह वाहन एक लाइटिंग विशेषता से लैस है, जिसे "ऑटोमैटिक हेडलैंप ऑन" कहा जाता है. यह विशेषता सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा 22nd फरवरी 2016 की अधिसूचना GSR 188 (E) द्वारा सभी 2 व्हीलर्स के लिए अनिवार्य है। यह फीचर राइडर की सुरक्षा में सुधार के लिए मदद करता है। इंजन के चालू होने पर वाहन का हेडलैंप हमेशा ऑन रहेगा।

यह किताब आप के नए हीरो मोटोकॉर्प **एक्सपल्स 200 4V** के बेसिक ऑपरेशन और मेंटेनेंस में आप की मार्गदर्शक है। इसे ध्यान से पढ़ने के लिए समय निकालें।
किसी भी मशीन के लिए सही देख-भाल और मेंटेनेंस ज़रूरी है, ताकि वो बेहतर प्रदर्शन दे और परेशानी से मुक्त रहे।

आपके अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प डीलर को अधिक जानकारी या सहायता प्रदान करने में ख़ुशी होगी और आने वाले दिनों में वो आप की सेवा के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

आइए हम दुनिया को एक सुरक्षित, स्वस्थ और ज़्यादा पर्यावरण अनुकूल जगह बनाएं।

## नोट

सभी जानकारी, इलस्ट्रेशन, फोटोग्राफ, डायरेक्शंस, स्पेसिफिकेशन्स और बाक़ी चीज़ें जो ओनर्स मेनुअल में दी गयी हैं, वो इसके प्रकाशन के समय उपलब्ध सब से नवीनतम उत्पाद जानकारी पर आधारित हैं, और इसकी सटीकता या शुद्धता की गारंटी नहीं दी जा सकती।

हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड किसी भी समय बिना किसी सूचना और/या किसी बाध्यता के, अपनी सामग्री में बदलाव करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड की पूर्व लिखित अनुमति लिए बिना किसी को भी इस प्रकाशन के किसी भी भाग को पुन: प्रकाशित करने की अनुमति नहीं है।

दिखायी गयी एक्सेसरीज़ स्टैण्डर्ड फिटमेंट का हिस्सा नहीं भी हो सकती हैं। यह हमारा प्रयास है कि हम अपने उत्पादों में लगातार सुधार करें। इससे बिना किसी अग्रिम सूचना के प्रोडक्ट स्पेसिफिकेशन में परिवर्तन हो सकता है। हीरो मोटोकॉर्प 'एक्सपल्स 200 4V' नवीनतम एमिशन नॉर्म्स का पालन करता है।

# विषय-सूची


| | पेज नं. |
|---|---|
| वाहन की पहचान | 1 |
| वाहन के व्यू | 2 |
| वाहन के स्पेसिफ़िकेशन | 7 |
| वाहन की सुरक्षा | 9 |
| सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण जानकारी | 9 |
| सुरक्षात्मक कपड़े | 10 |
| • ऑफ-रोड सेफ्टी | 11 |
| • लोड लिमिट्स और गाइडलाइन्स | 11 |
| • एक्सेसरीज़ और मॉडिफिकेशन्स | 13 |
| एंटी-थेफ्ट टिप्स | 13 |
| सुरक्षित सवारी के लिए टिप्स | 14 |
| स्वस्थ पर्यावरण के लिए टिप्स | 15 |
| पार्ट्स के कार्य | 16 |
| इग्निशन स्विच | 16 |
| • इंस्ट्रूमेंट्स और इंडीकेटर्स | 17 |
| • एलसीडी पैनल | 19 |
| विशेषताएं | 23 |
| हैंडलबार स्विच कण्ट्रोल | 30 |
| एबीएस इंडिकेटर | 32 |
| साइड स्टैंड इंडिकेटर / स्विच | 32 |
| फ्यूल टैंक | 34 |
| सीट लॉक | 35 |
| हेलमेट होल्डर | 35 |
| यूएसबी चार्जर | 35 |
| प्री-राइड इंस्पेक्शन | 36 |
| इंजन स्टार्ट करना | 37 |
| राइडिंग | 39 |
| ब्रैकिंग | 40 |
| पार्किंग / टूल किट | 42 |
| फर्स्ट ऐड किट | 42 |
| वाहन की सफाई और धुलाई | 43 |
| मेंटेनेंस | 43 |
| सुरक्षा के लिए सावधानियाँ | 44 |

| | पेज नं. |
|---|---|
| मेंटेनेंस शेड्यूल | 45 |
| स्पार्क प्लग का निरीक्षण | 48 |
| इंजन ऑयल | 49 |
| ऑयल फिल्टर स्क्रीन और सेंट्रीफ्यूगल फिल्टर की सफाई | 50 |
| इंजन ऑयल कूलर | 52 |
| एयर क्लीनर | 52 |
| वॉल्व क्लियरेंस का एडजस्टमेंट | 54 |
| क्लच लीवर फ्री प्ले | 55 |
| थ्रॉटल ऑपरेशन | 56 |
| ड्राइव चैन का स्लैकनेस | 57 |
| ड्राइव चैन स्लाइडर का निरीक्षण | 60 |
| ब्रेक्स | 60 |
| सस्पेंशन | 63 |
| व्हील | 64 |
| मेन स्टैंड (ऑप्शनल) / साइड स्टैंड का लुब्रिकेशन | 66 |
| टायर्स | 66 |
| नट, बोल्ट्स और फास्टनर्स | 68 |
| बैटरी | 69 |
| फ्यूज बदलना | 70 |
| स्टॉप लैंप स्विच | 71 |
| हेडलैंप फोकस का एडजस्टमेंट | 72 |
| कैटेलिटिक कन्वर्टर | 72 |
| इवैपोरेटिव एमिशन कंट्रोल सिस्टम | 73 |
| वाहन की पॉलिशिंग | 73 |
| बेसिक समस्या का निवारण | 74 |
| रोड साइन | 77 |
| नेविगेशन साइन | 79 |
| वॉरंटी | |
| हीरो जेन्युइन पार्ट्स | |
| जोनल / रीजनल / एरिया ऑफिस | |

# वाहन की पहचान







**व्हीकल आइडेंटिफिकेशन नंबर (VIN)**

**स्थान :** स्टीयरिंग हेड ट्यूब के राइट साइड पर छपा है।

**इंजन नंबर**

**स्थान :** लेफ़्ट क्रैंक केस के लोअर साइड पर छपा है।

**VIN: MBLLDL06#########**

| MBL | LDL06 | # | # | # | # | ##### |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मैन्युफैक्चरर कोड | वाहन का विवरण | चेक डिजिट | मॉडल का वर्ष | प्लांट कोड | मैन्युफैक्चर का महीना | प्रोडक्शन सीरियल नंबर |

**इंजन नंबर : MC20AH########**

| MC20AH | # | # | # | ##### |
|---|---|---|---|---|
| इंजन का विवरण | मैन्युफैक्चर का वर्ष | असेंबली प्लांट | मैन्युफैक्चर का महीना | सीरियल नंबर |

**मॉडल : एक्सपल्स 200 4V**

| के प्रकार | VIN | इंजन |
|---|---|---|
| इलेक्ट्रिक स्टार्ट / ए.बी.एस के साथ फ्रंट डिस्क / रियर डिस्क / स्पोक व्हील | LDL06 | MC20AH |

**VIN और इंजन नंबर की ज़रुरत पड़ सकती है:**

1. वाहन के रजिस्ट्रेशन के वक़्त।
2. लीगल और इन्शुरन्स डिपार्टमेंट से लेन-देन के लिए।

# वाहन के व्यू

## सामने का व्यू




(1) लेग गार्ड
(2) हेडलैंप (हाई बीम)
(3) राइट पोजीशन लैंप
(4) फ्रंट राइट टर्न सिग्नल लैंप
(5) राइट हैंड गार्ड
(6) विंड स्क्रीन
(7) लेफ्ट हैंड गार्ड
(8) हेडलैंप (लो बीम)
(9) फ्रंट लेफ्ट टर्न सिग्नल लैंप
(10) लेफ्ट पोजीशन लैंप
(11) इंजन ऑयल कूलर

***दिखाए गए एक्सेसरीज और विशेषताएं स्टैण्डर्ड फिटमेंट का हिस्सा नहीं हो सकते हैं।**

## पीछे का व्यू




(1) रियर फेंडर
(2) रियर रिफ्लेक्स रिफ्लेक्टर
(3) लेफ्ट रियर टर्न सिग्नल लैंप
(4) टेल / स्टॉप लैंप
(5) लाइसेंस प्लेट लैंप
(6) राइट रियर टर्न सिग्नल लैंप

***दिखाए गए एक्सेसरीज और विशेषताएं स्टैण्डर्ड फिटमेंट का हिस्सा नहीं हो सकते हैं।**

## ऊपर का व्यू




(1) हाई बीम इंडिकेटर
(2) चाबी के साथ इग्निशन स्विच
(3) हॉर्न स्विच
(4) टर्न सिग्नल स्विच
(5) हेडलैंप डिमर स्विच
(6) क्लच लीवर
(7) रियर व्यू मिरर
(8) पास लैंप स्विच
(9) मीटर कंसोल का एलसीडी पैनल। फ्यूल गेज, स्पीडोमीटर और कंसोल की अन्य विशेषताओं के लिए इंस्ट्रूमेंट्स और इंडिकेटर **(पेज 17)** देखें
(10) साइड स्टैंड इंडिकेटर
(11) लेफ्ट टर्न सिग्नल इंडिकेटर
(12) न्यूट्रल इंडिकेटर
(13) राइट टर्न सिग्नल इंडिकेटर
(14) प्रोग्राम्ड-FI मालफंक्शन इंडिकेटर लैम्प (MIL)
(15) मोड (M) और सेट (S) बटन
(16) फ्रंट ब्रेक मास्टर सिलिंडर /रिजर्वायर
(17) फ्रंट ब्रेक लीवर
(18) थ्रॉटल ग्रिप
(19) इंटीग्रेटेड स्टार्ट-किल स्विच
(20) एबीएस इंडिकेटर
(21) फ्यूल टैंक कैप

***दिखाए गए एक्सेसरीज और विशेषताएं स्टैण्डर्ड फिटमेंट का हिस्सा नहीं हो सकते हैं।**

## बाईं ओर का व्यू



(1) साइड रिफ्लेक्स रिफ्लेक्टर
(2) फ्रंट हगर फेंडर
(3) स्टार्टर मोटर
(4) गियर शिफ्ट पेडल
(5) राइडर फुटरेस्ट
(6) मेन स्टैंड (ऑप्शनल)
(7) साइड स्टैंड
(8) पिलियन फुटरेस्ट
(9) साड़ी गार्ड
(10) सीट लॉक
(11) रियर ग्रिप
(12) सीट
(13) लेफ्ट साइड कवर
(14) बैटरी कम्पार्टमेंट (अंदर)
(15) साइड स्टैंड स्विच
(16) फ्रंट फेंडर

***दिखाए गए एक्सेसरीज और विशेषताएं स्टैण्डर्ड फिटमेंट का हिस्सा नहीं हो सकते हैं।**

## दायीं ओर का व्यू




| | |
|---|---|
| (1) रियर कैलिपर असेंबली | (9) फ्रंट डिस्क |
| (2) रियर ब्रेक फ्लुइड रिजर्वायर | (10) थ्रॉटल बॉडी |
| (3) किक स्टार्टर पेडल | (11) राइट साइड कवर |
| (4) रियर ब्रेक मास्टर सिलेंडर | (12) टूल किट कम्पार्टमेंट (अंदर) |
| (5) ब्रेक पेडल | (13) यूएसबी चार्जर और फर्स्ट एड किट कम्पार्टमेंट (अंदर) |
| (6) बैश प्लेट | (14) एयर क्लीनर असेंबली (अंदर) |
| (7) ऑयल लेवल डिपस्टिक | (15) एग्जॉस्ट मफलर असेंबली |
| (8) फ्रंट कैलिपर असेंबली | (16) रियर डिस्क |

***दिखाए गए एक्सेसरीज और विशेषताएं स्टैण्डर्ड फिटमेंट का हिस्सा नहीं हो सकते हैं।**

# वाहन के स्पेसिफ़िकेशन

| आइटम | | स्पेसिफिकेशन |
|---|---|---|
| **डायमेंशन** | | |
| कुल लंबाई | | 2222 mm |
| कुल चौड़ाई | | 850 mm |
| कुल ऊंचाई | | 1258 mm |
| व्हीलबेस | | 1410 mm |
| सैडल ऊंचाई | | 825 mm |
| ग्राउंड क्लियरेंस | | 220 mm |
| **वजन** | | |
| कर्ब वजन | | 158 kg |
| पेलोड | | 130 kg |
| **क्षमता** | | |
| इंजन ऑयल | | डिसअसेंबली पर 1400 मिली और ड्रेन करने पर 1200 मिली |
| फ्यूल टैंक की क्षमता | | 13.0 लीटर |
| हाइड्रॉलिक ब्रेक फ्लूइड | | DoT-4/DoT-3 |
| **इंजन** | | |
| अधिकतम पावर | | 14.1 kW @ 8500 r/min |
| अधिकतम टॉर्क | | 17.35 N-m @ 6500 r/min |
| बोर और स्ट्रोक | | 66.5x57.5 mm |
| कम्प्रेशन रेश्यो | | 10:01 |
| डिस्प्लेसमेंट | | 199.6 cc |
| स्पार्क प्लग | | चैंपियन REK6YC (फेडरल मोगुल) |
| स्पार्क प्लग गैप | | 0.8-0.9 mm |
| वॉल्व क्लियरेंस | इनटेक (ठंड स्थिती में) | 0.08 mm -0.01/+0.02 |
| | एग्जॉस्ट (ठंड स्थिती में) | 0.12 mm -0.01/+0.02 |
| आइडल स्पीड | | 1600±100 r/min |
| **चेसिस और सस्पेंशन** | | |
| फ्रंट सस्पेंशन | | एंटी फ्रिक्शन बुश के साथ टेलिस्कोपिक फ्रंट फॉर्क (व्यास 37 मिमी) |
| रियर सस्पेंशन | | मोनो-शॉक के साथ रेक्टेंगुलर स्विंगआर्म |
| कास्टर एंगल | | 27° |
| ट्रेल लंबाई | | 114 mm |

# वाहन के स्पेसिफ़िकेशन

| आइटम | | स्पेसिफिकेशन |
|---|---|---|
| टायर साइज | फ्रंट | 90/90-21 M/C 54S |
| | रियर | 120/80-18 M/C 62S |
| ब्रेक्स | फ्रंट (डिस्क टाइप) | व्यास 276 mm |
| | रियर (डिस्क टाइप) | व्यास 220 mm |
| **ट्रांसमिशन** | | |
| प्राइमरी रिडक्शन | | 3.05 (67/22) |
| फाइनल रिडक्शन | | 3.461 (45/13) |
| ट्रांसमिशन | | 5 स्पीड कॉन्स्टेंट मेश |
| गियर रेश्यो, 1st | | 2.916 (35/12) |
| 2nd | | 1.875 (30/16) |
| 3rd | | 1.350 (27/20) |
| 4th | | 1.043 (24/23) |
| 5th | | 0.880 (22/25) |
| **इलेक्ट्रिकल्स** | | |
| बैटरी | | *MF बैटरी 12V-6 Ah/ETZ-7 |
| ऑल्टरनेटर | | 120 W @ 5000 r/min |
| हेडलैंप | | 12V-5.6W/9.3W (LED) |
| पोजीशन लैंप | | 12V-0.9W (LED) |
| टेल / स्टॉप लैंप | | 12V-0.2/2.1W (LED) |
| टर्न सिग्नल लैंप | | 12V-10Wx4 nos. **MFR (एम्बर बल्ब-क्लियर लेंस) |
| मीटर एल्यूमिनेशन | | मॉड्यूल एल्यूमिनेटेड LCD |
| न्यूट्रल इंडिकेटर | | LED |
| टर्न सिग्नल इंडिकेटर (RH/LH) | | LEDx2 nos. |
| हाई बीम इंडिकेटर | | LED |
| एबीएस इंडिकेटर | | LED |
| सर्विस रिमाइंडर इंडिकेटर | | LCD डिस्प्ले |
| प्रोग्राम्ड FI मालफंक्शन इंडिकेटर लैम्प (MIL) | | LED |
| लाइसेंस प्लेट लैंप | | 12V-5W |
| साइड स्टैंड इंडिकेटर | | LED |
| फ्यूज | स्टार्टर मैग्नेटिक स्विच | 20A (सर्किट फ्यूज) और 20A (स्पेयर फ्यूज) |
| | फ्यूज बॉक्स | 10A, 10A, 10A (सर्किट फ्यूज) & 10A, 10A (स्पेयर फ्यूज) |

* **MF मतलब मेंटेनेंस फ्री**

** **MFR मतलब मल्टी-फोकल रिफ्लेक्टर**

## वाहन की सुरक्षा

### सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण जानकारी

अगर आप अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी खुद लेते हैं और सड़कों पर आने वाली मुश्किलों को समझते हैं, तो आप का वाहन कई वर्षों तक आप का साथ दे सकता है।

जब आप वाहन चलाते हैं, तो आप अपनी सुरक्षा के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं। इस पूरे मैनुअल में आप को कई उपयोगी बातें मिलेंगी। निम्नलिखित कुछ हैं जिन्हें हम सबसे महत्वपूर्ण मानते हैं।

**हमेशा हेलमेट पहनिए।**

यह साबित है कि - हेलमेट सिर में आने वाली चोटें और उनकी गंभीरता को काफी हद तक कम करता हैं। इसीलिए हमेशा हेलमेट पहनिए और अपने पिलियन राइडर को भी पहनने को कहिए। हम यह भी गुज़ारिश करते हैं कि आप आंखों की सुरक्षा करें, मजबूत जूते, ग्लव्स और दूसरे सुरक्षात्मक गियर पहनें।

**अपना वाहन चलाने से पहले**

सुनिश्चित करें कि आप शारीरिक रूप से फिट हैं, मानसिक रूप से स्थिर हैं और शराब या नशीली दवाएं नहीं ली हैं। देखें कि आपने और आपके पिलियन ने एक मानक वाले व्हीकल हेलमेट और सुरक्षा वाले कपड़े पहने हुए हैं। अपने पिलियन को ग्रैब रेल या अपनी कमर को पकड़ने, मोड़ों पे अपने साथ झुकने और वाहन के रुकने पर भी अपने पैरों को फुटरेस्ट पर रखने को कहें।

**अपने वाहन को सीखने और अभ्यास करने के लिए समय निकालें**

अन्य वाहन चलाने के बाद भी, किसी सुरक्षित जगह पर अपने वाहन का अभ्यास करें, ताकि आप यह जान सकें कि यह वाहन कैसे काम करता है, संभलता कैसे है, वाहन का साइज़ और वजन कितना है।

Hero RideSafe

**सुरक्षित सवारी करें**

हमेशा अपने आस-पास के अन्य वाहनों पर ध्यान दें, और यह न मानें कि दूसरे ड्राइवर्स आप को देख रहे हैं। जल्दी से रुकने या मुश्किलों के लिए तैयार रहें।

**अपने आप को आसानी से दिखने लायक रखें**

कुछ ड्राइवर वाहन नहीं देखते हैं क्योंकि वे देखना ही नहीं चाहते हैं। अपने आप को ज़्यादा दिखने लायक बनाने के लिए, सफ़ेद चमकीले कपड़े पहनें, ऐसी पोज़िशन में रहे ताकि दूसरे आप को देख सकें, लेन बदलने या टर्निंग से पहले सिग्नल दें, और हॉर्न का उपयोग करें ताकि दूसरे लोग आप को नोटिस कर सकें।

**वाहन चलाते समय अपनी हद में रहें**

हदों को पार करना वाहन दुर्घटनाओं का एक और प्रमुख कारण है। अपनी व्यक्तिगत क्षमताओं से ज़्यादा या ज़रुरत से ज़्यादा तेज़ गति से कभी भी सवारी न करें। याद रखें कि थकान और लापरवाही के चलते आपके सही निर्णय लेने और सुरक्षित रूप से सवारी करने की क्षमता काफी कम हो जाती है।

**शराब पीकर वाहन ना चलाएं**

शराब या नशीली दवाएं लेकर सवारी करना खतरनाक है। शराब के चलते बदलते हालातों में प्रतिक्रिया करने की आपकी क्षमता कम हो जाती है और प्रतिक्रिया का समय नहीं मिलता। शराब पीकर वाहन ना चलाएं।

**अपने वाहन को सुरक्षित स्थिति में रखें**

सुरक्षित सवारी के लिए, हर सवारी से पहले अपने वाहन का निरीक्षण करें और सभी बताए गए रखरखाव करना ज़रूरी हैं। लोड की सीमा को कभी भी पार न करें, और इस वाहन के लिए हीरो मोटोकॉर्प द्वारा बताए गए एक्सेसरीज़ का ही उपयोग करें। अधिक जानकारी के लिए **(पेज 11)** देखें ।

## अगर आप किसी दुर्घटना में शामिल हैं

आपकी सुरक्षा आपकी पहली प्राथमिकता है। अगर आप या कोई और घायल हुआ है, तो चोटें कितनी गंभीर है और क्या वाहन चलाना सुरक्षित है इसका पता करने के लिए समय निकालें। ज़रूरत पड़ने पर आपातकालीन सहायता के लिए कॉल करें। अगर कोई अन्य व्यक्ति या वाहन दुर्घटना में शामिल है तो लागू कानूनों और नियमों का भी पालन करें।

अगर आप सवारी जारी रखने का फ़ैसला लेते हैं, तो पहले अपने वाहन की कंडीशन जांच लें। अगर इंजन अभी भी ऑन है, तो उसे बंद करें। फ्लूइड लीक्स का निरिक्षण करें, ज़रूरी नट और बोल्ट टाइट हैं ये देखें, और हैंडलबार, ब्रेक लीवर, ब्रेक और पहियों को चेक करें। हो सकता है कि आपके वाहन को ऐसा नुकसान हुआ हो, जो तुरंत दिखाई न दे। अपने वाहन को जल्द से जल्द किसी क्वालिफाइड सर्विस फैसिलिटी में दिखवाइये।

## सुरक्षात्मक कपड़े

आपकी सुरक्षा के लिए, हम दृढ़ता से गुजारिश करते है कि आप जब भी सवारी करें हमेशा एक मान्यता प्राप्त हेलमेट पहनें (ISI मार्क्ड), आंखों को सुरक्षित रखें, जूते, ग्लव्स, लंबी पैंट और लंबी बाजू की शर्ट या जैकेट पहनें। अकेले/पिलियन राइडिंग करते हुए ढीले/लटकते हुए कपड़ों का ध्यान रखें। हालांकि पूरी सुरक्षा संभव नहीं है, पर ज़रूरी गियर पहनने से सवारी करते समय चोट लगने की संभावना कम हो सकती है।

उचित राइडिंग गियर चुनने में आपकी मदद करने के लिए नीचे कुछ सुझाव दिए गए हैं।

### ⚠ चेतावनी

- **हेलमेट ना पहनने से दुर्घटना में गंभीर चोट या मौत की संभावना बढ़ जाती है।**
- **सुनिश्चित करें कि सवारी करते समय आप और पिलियन हमेशा हेलमेट पहनें, आंखों की रक्षा करें और दूसरे रक्षात्मक कपड़े ज़रूर पहनें।**

## हेलमेट और आँखों की सुरक्षा

आपका हेलमेट आप के लिए राइडिंग गियर का सबसे ज़रूरी हिस्सा है, क्योंकि यह सर के चोटों से सबसे बेहतर सुरक्षा देता है। एक हेलमेट आप के सर पर आराम से और सुरक्षित तरह फिट होना चाहिए। रिफ्लेक्टिव स्ट्राइप्स की ही तरह उजले रंग के हेलमेट से आप ट्रैफिक में ज़्यादा आसानी से दिखते हैं।

एक ओपन-फेस हेलमेट से थोड़ी सुरक्षा मिलती है, पर फुल-फेस हेलमेट ज़्यादा सुरक्षा देता है। अपनी आंखों की सुरक्षा और बेहतर नज़ारे के लिए हमेशा फेस शील्ड या चश्मा पहनें।

## अतिरिक्त राइडिंग गियर

हेलमेट और आंखों की सुरक्षा के साथ-साथ, हम यह भी सुझाव देते हैं:

- अपने पैरों और टखनों की सुरक्षा के लिए नॉन-स्लिप सोल्स वाले मजबूत जूते पहनें।
- लेदर ग्लव्स से आप के हाथ गर्म रहते हैं और छाले, कटने, जलने और खरोंच रोकने में मदद मिलती है।
- एक टू व्हीलर राइडिंग सूट या जैकेट से आराम के साथ-साथ सुरक्षा भी होती है। उजले रंग के कपड़े आप को ट्रैफ़िक में अधिक दिखने में मदद करते हैं। ढीले कपड़े पहनने से बचें, जो की आपके वाहन के किसी भी हिस्से में फंस सकते हैं।

**ऑफ - रोड सेफ्टी**

यह वाहन आपको ऑफ-रोड सवारी करने के सभी उत्साह का आनंद देता है। इसके लिए कुछ सुझाव का पालन करना जरूरी है, जो ऑफ-रोड उत्साह को सुरक्षा से जोड़ेगी।

**सुरक्षात्मक इक्विपमेंट**

आपकी सुरक्षा के लिए जरूरी है। इन्हें हमेशा पहनने का नियम बनाएं।

- **हेलमेट -** आवश्यक इक्विपमेंट ।
- **गॉगल्स -** दृश्यता जितनी अधिक होगी, उतना ही अच्छा होगा। ऐसे गॉगल्स चुनें जो टूटे या चटकें नहीं।
- **लम्बे बाजू की शर्ट -** बाहों को संभावित चोटों से बचाने के लिए कोहनी और कंधों को पूरी तरह से सुरक्षित करने के लिए ।
- **ग्लव्स -** पैडेड हैंड बैक वाले मॉडल ऑफ-रोड राइडिंग के लिए सबसे अधिक प्रभावशाली हैं। ऐसे ग्लव्स चुनें जो आपके हाथों में फिट हों।
- **(एब्डोमिनल बैंड) पेट की पट्टी -** यह आंतरिक अंगों को ऑफ-रोड धक्कों से बचाती है।
- रैनफोर्सड जींस या नायलॉन ट्राउज़र्स घुटने की सुरक्षा के साथ । जो सुरक्षा बढ़ाते हैं। आपके गति की उचित स्वतंत्रता के लिए सही आकार चुनें।
- **जूते -** रैनफोर्सड चमड़े से बने होने चाहिए जिसमें मोटे खांचे वाले तलवे और स्टील की टिप्स हों। उन्हें लचीला भी होना चाहिए और आपको ठीक से फिट होने चाहिए।
- **(वैस्ट बैग) कमर की बैग -** यह महत्वपूर्ण है ताकि आप स्पेयर पार्ट्स और उन हिस्सों को ले जा सकें जिन्हें वाहन से निकाला गया था।

**वाहन की तैयारी**

ऑफ-रोड प्रैक्टिस के लिए, यह आवश्यक है कि आपका वाहन पूरी तरह से सही मैकेनिकल स्थिति में हो। फ्रंट ब्रेक लीवर, क्लच लीवर और टर्न सिग्नल ब्रैकेट को ढीला रखना चाहिए ताकि नीचे गिरने की स्थिति में, टूटने से बचने के लिए वह घूम सके। हैंडलबार्स पर केवल थोड़ासा बल लगने पर घूम जाने के लिए इन्हें ढीला करना चाहिए। सबसे प्रतिकूल परिस्थितियों में, रियर व्यू मिरर और टर्न सिग्नल को निकाल देना चाहिए।

**लोड लिमिट्स और गाइडलाइन्स**

आपका वाहन आपको, एक पिलियन और सीमित मात्रा में कार्गो ले जाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। जब आप कार्गो जोड़ते हैं या किसी यात्री को ले जाते हैं, तो आपको एक्सलरेशन और ब्रेकिंग के दौरान कुछ अंतर महसूस हो सकता है। लेकिन जब तक आप अपने वाहन की देखभाल अच्छी तरह से करते रहते हैं, अच्छे टायर्स और ब्रेक लगवाते हैं, आप लिमिट्स और गाइडलाइन्स के दायरे में सुरक्षित रूप से भार ले जा सकते हैं।

हालांकि वजन सीमा से ज़्यादा या असंतुलित भार उठाना आप के वाहन की हैंडलिंग, ब्रेकिंग और स्टेबिलिटी को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। नॉन हीरो मोटोकॉर्प एक्सेसरीज़, मॉडिफिकेशन्स और ख़राब मेंटेनेंस आपकी सुरक्षा मार्जिन को कम कर सकते हैं।

**लोडिंग**

आप अपने वाहन पर कितना वज़न डालते हैं, और आप इसे कैसे लोड करते हैं, यह आपकी सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं। जब भी आप एक पिलियन या कार्गो के साथ सवारी करते हैं, तो आप को नीचे दी गयी जानकारी के बारे में पता होना चाहिए।

## ⚠ चेतावनी

- **ओवरलोडिंग या अनुचित लोडिंग से दुर्घटना हो सकती है और आप गंभीर रूप से घायल हो सकते हैं।**
- **इस मैनुअल के सभी लोड लिमिट्स और अन्य लोडिंग गाइडलाइन्स का पालन करें।**

**लोड लिमिट्स और वेट डिस्ट्रीब्यूशन**

यह वाहन राइडर (1) और एक पिलियन (2) के लिए डिज़ाइन किया गया है। कुल वजन चार जगह (A, B, C, और D) में एक समान वितरित होना चाहिए और 130 किलो की अधिकतम भार क्षमता से ज्यादा नहीं होना चाहिए। यह उच्च स्थिरता, बेहतर ड्राइव क्षमता और अधिक आराम का आश्वासन देगा।

**(1)+(2)=130 kg {जहां,1=A+B और 2=C+D}**




| | |
|---|---|
| **(A) राइडर सीट** | **(B) राइडर फुटरेस्ट** |
| **(C) पिलियन सीट** | **(D) पिलियन फुटरेस्ट** |

अत्यधिक लोड से होने वाले नुकसान को हीरो मोटोकॉर्प वॉरंटी पॉलिसी के तहत कवर नहीं किया जाएगा। यदि आप ओवरलोड और स्ट्रक्चरल डैमेज से बचने के लिए इस बारे में सुनिश्चित नहीं हैं कि आपके वाहन पर डाले जानेवाले भार की गणना कैसे करें, तो अपनी अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप से संपर्क करें ।

**लोडिंग गाइडलाइन्स**

आपका वाहन मुख्य रूप से आपको और एक पिलियन के परिवहन के लिए ही होता है। अगर आप अधिक कार्गो ले जाना चाहते हैं, तो सलाह के लिए अपने अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप से संपर्क करें और एक्सेसरीज़ के बारे में जानकारी **(पेज 13)** पढ़ना सुनिश्चित करें।

अपने वाहन को गलत तरीके से लोड करने से इसकी स्टेबिलिटी और हैंडलिंग प्रभावित हो सकती है। यहां तक कि अगर आप का वाहन अच्छे से लोडेड है, तो भी आप को कार्गो ढोते समय धीमी गति से सवारी करनी चाहिए।

जब भी आप एक पिलियन या कार्गो ले जाएं, तो इन गाइडलाइन्स का पालन करें :

- कार्गो और एक्सेसरी का वजन कम रखें और वाहन के बीचो बीच रखें। असंतुलन को कम करने के लिए दोनों तरफ समान रूप से भार रखें । चूंकि वजन वाहन के गुरुत्वाकर्षण मध्य से आगे स्थित होता है, इसलिए संचालन आनुपातिक रूप से प्रभावित होता है।
- लोड किया हुआ वजन और राइडर की स्थिति के अनुसार टायर प्रेशर को एडजस्ट करें **(पेज 66)****।**
- ढीले कार्गो से वाहन की हैंडलिंग और स्थिरता पर असर पड़ सकता है। कार्गो की सुरक्षा और एक्सेसरी माउंट को बार-बार जांचें।
- बड़ा या कोई भारी सामान हैंडलबार्स, फ्रंट फोर्क्स या फेंडर्स से ना जोड़ें। अस्थिर हैंडलिंग या स्टीयरिंग धीमे घूमने पर असर पड़ सकता है।

## एक्सेसरीज़ और मॉडिफिकेशन्स

अपने वाहन को मॉडिफाई करवाना या उसमें नॉन-हीरो मोटोकॉर्प एक्सेसरीज लगवाना आप के वाहन को असुरक्षित बना सकता है। अपने वाहन में मॉडिफिकेशन करने से पहले या कोई एक्सेसरी लगवाने से पहले, दी गयी जानकारी पढ़ना सुनिश्चित कर लें।

**⚠ चेतावनी**

- **ग़लत एक्सेसरीज या मॉडिफिकेशन दुर्घटना का कारण बन सकते हैं, जिसमें आप गंभीर रूप से घायल हो सकते हैं या जान भी जा सकती है।**
- **इस ओनर्स मैनुअल में एक्सेसरीज़ और मॉडिफिकेशन्स के बारे में दी गयी सभी निर्देशों का पालन करें।**

### एक्सेसरीज़

- सुनिश्चित करें की एक्सेसरीज किसी लैंप को ना ढके, ग्राउंड क्लीयरेंस, लिमिट सस्पेंशन ट्रेवल या स्टीयरिंग ट्रैवल को कम ना करे, राइडिंग पोज़िशन को प्रभावित ना करे और किसी भी नियंत्रण के संचालन में हस्तक्षेप ना करे।
- सुनिश्चित करें कि इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट वाहन की इलेक्ट्रिकल सिस्टम कैपेसिटी से अधिक ना हो। उड़ा हुआ फ्यूज़ लाइट्स के जाने का कारण बन सकता है। **(पेज 8)**
- अपने वाहन से ट्रेलर या साइड कार ना खींचें। ऐसी चीज़ें जोड़ने के लिए ये वाहन नहीं बनाया गया है, और इनका इस्तेमाल आप के वाहन की हैंडलिंग को गंभीर रूप से ख़राब कर सकता है।

### मॉडिफिकेशन्स

हम आपको दृढ़ता से सलाह देते हैं कि आप किसी भी ओरिजिनल इक्विपमेंट को न निकाले या अपने वाहन को किसी भी तरह से मॉडिफाई न करें जिससे इसका डिज़ाइन या ऑपरेशन बदल जाए। ऐसे बदलाव आप के व्हीकल हैंडलिंग, स्टेबिलिटी और ब्रेकिंग को गंभीर रूप से ख़राब कर सकते हैं, जिससे आपकी राइडिंग असुरक्षित हो सकती है। लैम्प्स, मफलर्स, एमिशन कण्ट्रोल सिस्टम या दूसरे किसी इक्विपमेंट को निकालना या उनमें बदलाव करना आप के वाहन को ग़ैर-क़ानूनी बना सकता है।

### एंटी-थेफ्ट टिप्स

- स्टीयरिंग को हमेशा लॉक करें और चाबी को इग्निशन स्विच में कभी न छोड़ें। ये मामूली बात है, लेकिन लोग भूल जाते हैं।
- आप के वाहन के रजिस्ट्रेशन की जानकारी सटीक और सही है, ये सुनिश्चित करें।
- जब भी संभव हो अपने वाहन को एक बंद गैरेज में पार्क करें।
- अच्छी क्वालिटी वाले अतिरिक्त एंटी-थेफ़्ट डिवाइस का इस्तेमाल करें।
- अपने वाहन को कभी भी सुनसान जगह पर पार्क न करें। जहाँ तक संभव हो, सुरक्षित जगह में पार्क करें।
- ओनर्स मैनुअल में अपना नाम, पता और फोन नंबर डालें और उसे हमेशा अपने वाहन में रखें। ओनर्स मैनुअल वाहन में मौजूद होने पर कई बार चोरी के वाहनों की पहचान उसमें दी गई जानकारी से होती है।

**नाम** : ----------------------------------------

**पता** : ----------------------------------------

------------------------------------------------

------------------------------------------------

------------------------------------------------

**फोन नंबर** : ----------------------------------

# सुरक्षित सवारी के लिए टिप्स

Hero RideSafe

**क्या करें :**

- हमेशा सिंपल प्री-राइड इंस्पेक्शन करें **(पेज 36)**।
- हमेशा (ISI मार्क्ड) हेलमेट पहनें, जिसमें चिन स्ट्रैप सुरक्षित तरीक़े से बंधा हो और अपने पिलियन राइडर को भी हेलमेट पहनने के लिए कहें।
- राइडिंग करते समय अपने पैरों को एक दूसरे के करीब रखें और आरामदायक पोजीशन में बैठें।
- सुरक्षित तरीक़े और स्थिर गति से (40-50 km/hr के बीच) वाहन चलाएं।
- वाहन को रोकने के लिए, दोनों ब्रेक एक साथ लगाए, थ्रॉटल को बंद रखें।
- रोड साइन का ध्यान रखें और सड़क पर अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए ट्रैफ़िक नियमों का पालन करें **(पेज 77)** ।
- रात के समय, आने वाली गाड़ियों के लिए, या किसी दूसरे वाहन के पीछे चलते हुए अपने वाहन का डिप हेडलैम्प्स जलाएं।
- सड़क पर दूसरों को रास्ता दें और गाड़ी मोड़ते हुए पहले सिग्नल दें।
- दूसरे लोग आप को देख सकें इसके लिए, उजले और रिफ्लेक्टिव कपड़े पहनें जो अच्छी तरह से फिट हों।
- अकेले/पिलियन राइडिंग के दौरान ढीले/लटकते कपड़ों का ध्यान रखें।
- अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप से ही अपने वाहन की नियमित सर्विस करवाएं।
- राइडिंग करने से पहले देख लें कि इंटीग्रेटेड स्टार्ट-किल स्विच "ऑन" ( ) पोजीशन में है।
- एबीएस इंडिकेटर को चेक करते रहें। किसी भी समय पर यदि इंडिकेटर चालू रहता है, तो एबीएस काम नहीं कर रहा है **(पेज 32)।**
- स्पीडोमीटर चेक करते रहें। एबीएस की खराबी के मामले में, स्पीड डिस्प्ले शून्य पर जा सकता है।
- यह सलाह दी जाती है कि एबीएस के क्या करें और क्या न करें **(पेज 41)** के माध्यम से जाने और अपने एबीएस वाहन का पहले कम ट्रैफिक स्थिति में अभ्यास करें जब तक कि आप अपने वाहन और उसके नियंत्रण के बारे में पूरी तरह परिचित न हों।

**क्या ना करें :**

- वाहन चलाते समय कभी भी सेलफोन का इस्तेमाल ना करें।
- अपने वाहन के अचानक एक्सलरेशन, ब्रैकिंग और वाहन को मोड़ने से बचें।
- क्लच को बिना दबाए और थ्रॉटल को बंद किए बिना कभी भी गियर शिफ्ट ना करें।
- हॉट एग्जॉस्ट सिस्टम जैसे मफलर के किसी भी हिस्से को कभी न छुएं।
- शराब या नशीली चीज़ें लेकर कभी भी सवारी ना करें।
- सड़क पे ध्यान दें और पिलियन राइडर या सड़क पर किसी दूसरे व्यक्ति से बात करने से बचें।
- सड़कों को गंदा ना करें।
- ओवरटेक करते समय सड़क के बीचोबीच मौजूद सीधी सफेद/पीली लाइन को पार ना करें।
- बड़ा या कोई भारी सामान हैंडलबार्स, फ्रंट फोर्क्स या फेंडर्स से ना जोड़ें।
- वाहन चलते हुए कभी भी अपने हाथों को स्टीयरिंग हैंडल से ना हटाएं।
- एबीएस वाहन के लिए रुक-रुक कर फ्रंट ब्रेक लीवर लगाने का प्रयास न करें।
- वाहन में ब्रेक लगाते समय मैकेनिकल नॉइज़ या लीवर की हल्की पल्सेस से घबराएं नहीं। यह सामान्य हैं और दर्शाती हैं कि एबीएस काम कर रहा है।
- गीली या बरसात की स्थिति में हार्ड ब्रेकिंग न लगाएं।
- वाहन चलाते समय इंटीग्रेटेड स्टार्ट-किल स्विच ( ) को बंद न करें **(पेज 31)।**
- सवारी करते समय साइड स्टैंड को नीचे न करें, क्योंकि वाहन गियर में होने से इंजन रुक जाएगा **(पेज 33)।** ((व्हील लॉक होने से दुर्घटना, पार्ट डैमेज आदि हो सकते हैं।)
- नेविगेशन सिस्टम आपको अपने डेस्टिनेशन तक पहुंचने में मदद करता है, ड्राइविंग करते समय विचलित न हों। सुरक्षित ड्राइव करें और हमेशा यातायात नियमों का पालन करें।

# स्वस्थ पर्यावरण के लिए टिप्स

नीचे दिए गए टिप्स ये सुनिश्चित करेंगे की आप, आप का वाहन और वातावरण बेहतर रहें।

- **सही इंजन :** इंजन हर वाहन की ज़िन्दगी होती है। इसे बेहतर रखने के लिए नियमित रूप से इसे ट्यून्ड करवाएं, जो प्रदूषण को कम करने, वाहन का प्रदर्शन और फ्यूल एफिशिएंसी को बेहतर बनाने में मदद करेगा।

- **नियमित सर्विसिंग :** सर्विस शेड्यूल के अनुसार अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप में अपने वाहन की सर्विस करवाएं, बेहतर प्रदर्शन के लिए एमिशन लेवल को नियंत्रण में रखें।

- **जेन्युइन स्पेयर्स :** हमेशा हीरो मोटोकॉर्प के जेन्युइन पार्ट्स लगवाएं, क्योंकि नकली या अनुचित स्पेयर्स और एक्सेसरीज़ आप के वाहन की रनिंग कंडीशन को ख़राब कर सकते हैं।

- **जेन्युइन इंजन ऑयल :** इंजन को फिट और पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए हीरो मोटोकॉर्प का सुझाया गया हीरो एक्सोटिक+ SAE 10W 30 SL MA2 फुली सिंथेटिक PAO पर आधारित इंजन ऑयल लें और इसे हर 12000 km (हर 3000 km पर टॉप अप के साथ) के बाद बदलते रहें।

- **ध्वनि प्रदूषण :** एक निश्चित डेसीबल के बाद ध्वनि प्रदूषण होता है। चाहे हॉर्न्स हो या ख़राब मफलर्स, ज़्यादा शोर से सिरदर्द और परेशानी होती है।

- **एमिशन प्रदूषण :** अपने वाहन के एमिशन की जाँच अधिकृत एजेंसियों से हर 3 महीने में कम से कम एक बार या समय-समय पर सरकार द्वारा नोटिफाई अनुसार करवाएँ।

- **ईंधन की बचत और प्रदूषण कम करें :** ट्रैफिक सिग्नल पॉइंट्स पे ज़्यादा इंतज़ार करना पड़े, तो ईंधन बचाने और प्रदूषण कम करने के लिए इंजन को स्विच "ऑफ़" करें।

- **BS-VI ग्रेड फ्यूल :** BS-VI मानदंडों का पालन करने के लिए हमेशा BS-VI ग्रेड का ईंधन इस्तेमाल करें।

## पार्ट के कार्य

### इग्निशन स्विच







1. इग्निशन स्विच
2. इग्निशन की चाबी
3. "ऑफ" (⊗) पोजीशन
4. स्टीयरिंग लॉक पोजीशन
5. "ऑन" (∩) पोजीशन

| चाबी की पोजीशन | कार्य | चाबी निकालना |
|---|---|---|
| **“ऑन” (∩)** | एलसीडी पैनल जलता है और मल्टी फंक्शन डिजिटल सेगमेंट का शुरुआती डिस्प्ले प्रदर्शित करता है। टैकोमीटर सेगमेंट और फ्यूल गेज सेगमेंट एक बार अपनी अधिकतम रेंज तक बढ़ेंगे और अपनी सामान्य स्थिति में वापस आ जाएंगे। इंजन स्टार्ट किया जा सकता है। टर्न सिग्नल लैंप, हॉर्न, टेल/स्टॉप लैंप, फ्यूल गेज, पास लैंप, पोजिशन लैंप, प्रोग्राम्ड FI मालफंक्शन इंडिकेटर लैंप (MIL) लगातार जलते है और न्यूट्रल इंडिकेटर काम करेगा। | चाबी को निकाल नहीं सकते हैं |
| **“ऑफ” (⊗)** | इंजन चालू नहीं हो सकता है और न कोई इलेक्ट्रिकल सिस्टम काम करेगा। | चाबी को निकाल सकते हैं |
| **“लॉक”** | स्टीयरिंग लॉक कर सकते है। | चाबी को निकाल सकते हैं |

**इंस्ट्रूमेंट्स और इंडीकेटर्स**

हेडलैम्प के ऊपर, स्पीडोमीटर पैनल में इंडीकेटर्स हैं। उनके कार्य नीचे दिए गए हैं ।




| सी. नं. | विवरण | कार्य |
|---|---|---|
| 1 | टैकोमीटर | इंजन आरपीएम दर्शाता है। इग्निशन स्विच "ऑन" करने पर टैकोमीटर के डिजिटल सेगमेंट मीटर कंसोल पर अपनी अधिकतम रेंज तक बढ़ते है । |
| 2 | साइड स्टैंड इंडिकेटर | जब वाहन साइड स्टैंड पर खड़ा किया जाता है तो लाइट चमकती है। |
| 3 | टर्न सिग्नल इंडिकेटर (L) | जब बाएं टर्न सिग्नल स्विच का इस्तेमाल किया जाता है तो चमकता हैं। |
| 4 | हाई बीम इंडिकेटर | हेडलैंप हाई बीम में होने पर लाइट चमकती है। |
| 5 | न्यूट्रल इंडिकेटर | जब वाहन न्यूट्रल में होता है तब चमकता हैं। |
| 6 | एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (एबीएस) इंडिकेटर | इग्निशन स्विच "ऑन" (○) करने पर यह इंडिकेटर सामान्य रूप से लगभग 1.8 सेकंड के लिए चालू होता है और तब तक ब्लिंक करता है जब तक कि वाहन 5 किमी / घंटा की गति प्राप्त नहीं कर लेता। यदि एंटी-लॉक ब्रेक सिस्टम में कोई समस्या है, तो एबीएस इंडिकेटर चालू रहता है **(पेज 32)।** |
| 7 | टर्न सिग्नल इंडिकेटर (R) | जब दाएं टर्न सिग्नल स्विच का इस्तेमाल किया जाता है तो चमकता हैं। |

| सी. नं. | विवरण | कार्य |
|---|---|---|
| 8 | प्रोग्राम्ड-एफआई मालफंक्शन इंडिकेटर लैम्प (एमआयएल) | जब इग्निशन स्विच "ऑन" किया जाता है तो प्रोग्राम्ड FI मालफंक्शन इंडिकेटर लैंप (MIL) लगातार जलता रहता है और फिर इंजन चालू होने के बाद "ऑफ" हो जाना चाहिए। यह दर्शाता है कि प्रोग्राम्ड FI सिस्टम ठीक है। यदि यह लगातार चमकता रहता है, तो प्रोग्राम्ड FI सिस्टम में एक असामान्यता है, ऐसे में वाहन धीरे चलाते हुए चेक-अप के लिए अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप में जाने की सिफारिश की जाती है। |
| 9 | मोड बटन | ओडोमीटर, ट्रिपमीटर - 1 और 2, घड़ी, इको मोड और ब्लूटूथ कनेक्टिविटी के बीच डिस्प्ले बदलता है । |
| 10 | सेट बटन | घड़ी, तारीख और ट्रिपमीटर एडजस्ट करने के लिए। यह लंबे समय तक दबाकर रखने से ट्रिपमीटर को शून्य पर रीसेट करता है। |
| 11 | अगली सर्विस के लिए दूरी | दर्शाता है कि अगली सर्विस से पहले कितने किलोमीटर बचे हैं। यह कुछ सेकंड के लिए दिखाई देता है जब इग्निशन स्विच "ऑन" ( ◯ ) **(पेज 22)** किया जाता है। |
| 12 | फ्यूल गेज | डिजिटल सेगमेंट के रूप में उपलब्ध अनुमानित फ्यूल को दर्शाता है। इग्निशन स्विच "ऑन" ( ◯ ) **(पेज 22)** करने पर डिजिटल सेगमेंट मीटर कंसोल पर अपनी अधिकतम रेंज तक बढ़ते है । |
| 13 | सर्विस रिमाइंडर इंडिकेटर | अगली सर्विस ड्यू होने पर डिस्प्ले में प्रदर्शित करता हैं **(पेज 22)।** |
| 14 | ओडोमीटर | यात्रा की गई दूरी को दर्शाता है **(पेज 20)** । |
| 15 | स्पीडोमीटर | राइडिंग स्पीड को दर्शाता है। |
| 16 | डिजिटल घड़ी | घंटे और मिनट दर्शाता है **(पेज 19)।** |
| 17 | गियर इंडिकेटर | सवारी करते समय लगा हुआ गियर प्रदर्शित करता है **(पेज 24)।** |

## एलसीडी पैनल

### (क) डिजिटल घड़ी

डिजिटल घड़ी (1) घंटे और मिनट दिखाती है। समय को एडजस्ट करने के लिए, निम्नानुसार आगे बढ़ें:

- इग्निशन स्विच "ऑन" (◯) करें ।
- 2 सेकंड से अधिक समय के लिए सेट बटन (2) और मोड बटन (3) को एक साथ दबाकर रखें। घड़ी को घंटे के अंकों का डिस्प्ले ब्लिंकिंग करते हुए एडजस्ट मोड में सेट किया जाएगा।




**(1) डिजिटल घड़ी (2) सेट बटन (3) मोड बटन**

- घंटा सेट करने के लिए, मनचाहा घंटा प्रदर्शित होने तक सेट बटन (2) दबाएं
  - हर बार बटन दबाने पर समय 1 घंटे आगे बढ़ता है।
  - जब बटन को दबाकर रखा जाता है तो समय तेजी से आगे बढ़ता है।




**(2) सेट बटन**

- मोड बटन (3) दबाएं। मिनट्स डिस्प्ले ब्लिंक करना शुरू करता है।




**(3) मोड बटन**

- मिनट सेट करने के लिए मनचाहा मिनट प्रदर्शित होने तक सेट बटन (2) दबाएं। घंटे के डिस्प्ले को प्रभावित किए बिना "60" तक पहुंचने पर मिनट डिस्प्ले "00" पर वापस आ जाएगा।
  - हर बार बटन दबाने पर समय 1 मिनट बढ़ जाता है।

• जब बटन को दबाकर रखा जाता है तो समय तेजी से आगे बढ़ता है।




**(3) मोड बटन**

• एडजस्टमेंट को समाप्त करने के लिए मोड बटन (3) को तब तक दबाएं जब तक कि घड़ी का डिस्प्ले ब्लिंक करना बंद न कर दे।

**नोट**

**यदि बैटरी निकाली जाती है तो घड़ी "1:00" पर रीसेट हो जाएगी।**

**(ख) ओडोमीटर/ट्रिपमीटर**

ओडोमीटर (1) बताता है अब तक कितनी यात्रा की गई है।

ट्रिपमीटर पिछली बार ट्रिप मीटर को रीसेट किए जाने के बाद से तय की गई दूरी को दर्शाता है। इसमें दो ट्रिपमीटर हैं, "ट्रिप -1" और "ट्रिप -2"।

"ट्रिप-1" और "ट्रिप-2" को सिलेक्ट करने के लिए मोड बटन (3) को दबाए । "ट्रिप-1" और "ट्रिप-2" को "999.9" किमी तक प्रदर्शित किया जा सकता है।

यदि ट्रिपमीटर "999.9" km से अधिक है तो यह ऑटोमेटिकली "0.0" km पर वापस आ जाएगा।

ट्रिप मीटर निम्नलिखित पैरामीटर प्रदर्शित करता है:

- **दूरी :** एक ट्रिप में तय की गई दूरी।
- **औसत गति :** औसत गति जिस पर वाहन एक ट्रिप पूरी करता है।
- **ट्रिप टाइम :** ट्रिप को पूरा करने में लगने वाला समय।
- **तारीख :** यह वर्तमान तारीख को दर्शाता है।

जब ट्रिपमीटर का चयन किया जाता है, तो ट्रिपमीटर को शून्य पर रीसेट करने के लिए सेट बटन को देर तक (2 सेकंड से अधिक) दबाएं । ओडोमीटर "0 से 99999" किमी तक प्रदर्शित कर सकता है।




**(1) ओडोमीटर (2) ट्रिपमीटर (3) मोड बटन**
**(4) सेट बटन (5) तारीख**

तारीख को अपडेट करने के लिए निम्नानुसार आगे बढ़ें:

• इग्निशन स्विच "ऑन" करें ( )।

• सेट बटन (4) और मोड बटन (3) को एक साथ 2 सेकंड से अधिक समय तक दबाकर रखें। घड़ी का डिस्प्ले ब्लिंक करना शुरू करेगा **(पेज 19)**।

• तारीख का डिस्प्ले (5) ब्लिंक होने तक मोड बटन (3) को दबाते और छोड़ते रहें ।




**(3) मोड बटन (5) तारीख का डिस्प्ले**

• अब वर्ष सेट करने के लिए, इच्छित वर्ष दिखने तक सेट बटन (4) दबाएं ।




**(4) सेट बटन (5) तारीख का डिस्प्ले**

• महीना सेट करने के लिए, वर्ष के डिस्प्ले से महीने के डिस्प्ले पर जाने के लिए मोड बटन (3) दबाएं। अब इच्छित महीना दिखने तक सेट बटन (4) दबाएं ।




**(3) मोड बटन (4) सेट बटन**
**(5) तारीख का डिस्प्ले**

• दिन सेट करने के लिए, महीने के डिस्प्ले से दिन के डिस्प्ले पर जाने के लिए मोड बटन (3) दबाएं । अब इच्छित दिन दिखने तक सेट बटन (4) दबाएं ।




**(3) मोड बटन (4) सेट बटन**
**(5) तारीख का डिस्प्ले**

• एडजस्टमेंट समाप्त करने के लिए तारीख का डिस्प्ले के ब्लिंक करना बंद होने तक मोड बटन को दबाएं ।

### (ग) फ्यूल गेज

फ्यूल गेज (1) डिजिटल सेगमेंट के रूप में उपलब्ध अनुमानित फ्यूल को दर्शाता है।

इग्निशन स्विच "ऑन" (◯) करने के बाद डिजिटल सेगमेंट (2) मीटर कंसोल पर अपनी अधिकतम रेंज तक बढ़ेगा। यदि सभी सेगमेंट को प्रदर्शित किया जाता है तो इसका मतलब है कि फ्यूल टैंक में फ्यूल की मात्रा 13.0 लीटर है।

यदि केवल एक सेगमेंट (3) दर्शाता है और ब्लिंक करता है, तो यह दर्शाता है कि फ्यूल कम है और फ्यूल टैंक को जल्द से जल्द रिफिल किया जाना चाहिए।




**(1) फ्यूल गेज (2) सेगमेंट (3) एक सेगमेंट**

**! सावधानी**

**कृपया सुनिश्चित करें कि फ्यूल लेवल इंडिकेटर के ब्लिंकिंग सेगमेंट तक पहुंचने पर वाहन का लगातार उपयोग न किया जाएं । इससे न केवल वाहन में ईंधन खत्म हो जाएगा, बल्कि इससे फ्यूल पंप को भी गंभीर नुकसान हो सकता हैं । जैसे ही फ्यूल लेवल इंडिकेटर ब्लिंकिंग सेगमेंट तक पहुंचता है, तो जितना जल्दी संभव हो फ्यूल का भरा जाना सुनिश्चित करें ।**

**नोट**

**फ्यूल लेवल इंडिकेशन की जांच करने के लिए, वाहन समतल सतह पर और स्थिर स्थिति में होना चाहिए।**

### (घ) सर्विस रिमाइंडर इंडिकेटर

सर्विस रिमाइंडर इंडिकेटर (1) यूज़र को सर्विस के लिए अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप में वाहन ले जाने को कहता है। मेंटेनेंस शेड्यूल में बताई गई दूरी तय हो जाने पर, इंडिकेटर की ब्लिंकिंग शुरू हो जाती है। किसी ख़ास सर्विस के लिए किलोमीटर के अंतराल पर इंडिकेटर ब्लिंकिंग करता रहता है और उसके बाद "ऑन" रहता है।

मीटर कंसोल अगली सर्विस की दूरी (2) भी प्रदर्शित करता है। यह दर्शाता है कि अगली सर्विस ड्यू होने से पहले कितने किलोमीटर बचे हैं। यह कुछ सेकंड के लिए दिखाई देता है जब इग्निशन स्विच "ऑन" (◯) किया जाता है।




**(1) सर्विस रिमाइंडर इंडिकेटर**
**(2) अगली सर्विस के लिए दूरी**

सर्विस रिमाइंडर इंडिकेटर "🔧" को अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप पर रीसेट किया जा सकता है।

**नोट**

**वाहन की सर्विसिंग के बाद सुनिश्चित करें कि सर्विस रिमाइंडर इंडिकेटर रीसेट कर दिया गया है।**

### विशेषताएं

### (क) इको मोड

इको मोड सही ईंधन दक्षता प्राप्त करने के लिए राइडर की सहायता करता है।

इको मोड (2) प्रदर्शित होने तक मोड बटन (1) दबाएं।




**(1) मोड बटन (2) इको मोड**

यह निम्नलिखित राइडिंग के निर्देश प्रदर्शित करता है:

- शिफ्ट अप इंडिकेटर : यह हाई गियर में शिफ्ट करने का सुझाव देता है।




**(3) शिफ्ट अप इंडिकेटर**

- शिफ्ट डाउन इंडिकेटर : यह लो गियर में शिफ्ट करने का सुझाव देता है।




**(4) शिफ्ट डाउन इंडिकेटर**

**नोट**

**इको मोड आपके वाहन के इंजन प्रदर्शन के आधार पर राइडर को सही ईंधन दक्षता प्राप्त करने में सहायता करता है।**
**सड़क और यातायात की स्थिति के अनुसार अपने वाहन की सवारी करने की सिफारिश की जाती है।**

**(ख) गियर इंडिकेटर**

गियर इंडिकेटर (1) आपके वाहन में लगे वर्तमान गियर की पोजीशन को दर्शाता है जिसमें वह चल रहा है।




(1) गियर इंडिकेटर

**नोट**

- **जब आपका वाहन न्यूट्रल में होता है तो गियर इंडिकेटर "0" प्रदर्शित करता है।**
- **गियर इंडिकेटर "-" प्रदर्शित करता है जब यह गियर पोजीशन प्रदर्शित करने में देरी करता है या जब आप वाहन स्थिर रहने की स्थिति में गियर बदलते हैं (वाहन मेन स्टैंड (ऑप्शनल) में है और इग्निशन स्विच "ऑन" पोजीशन में है)।**

**(ग) हीरो राइड गाइड / नेविगेशन एप्लिकेशन:**

हीरो नेविगेशन एप्लीकेशन (1) गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉयड के लिए) या एप्प्स स्टोर (आईओएस के लिए) में उपलब्ध है, जिसे ब्लूटूथ, इनकमिंग कॉल अलर्ट, मिस्ड कॉल अलर्ट, मोबाइल लो बैटरी अलर्ट और नेविगेशन फीचर्स तक पहुंचने के लिए आपके डिवाइस में इंस्टॉल किया जा सकता है ।

**नोट**

- **हीरो राइड गाइड एप्लिकेशन की अनुकूलता और प्रदर्शन आपके डिवाइस और सॉफ्टवेयर वर्शन पर आधारित हो सकता है।**
- **एप्लिकेशन को सही नेविगेशन कार्यक्षमता प्रदर्शन करने के लिए जीपीएस सिग्नल, इंटरनेट और ब्लूटूथ कनेक्टिविटी की जरूरत है।**

**ब्लूटूथ :**

आपका वाहन ब्लूटूथ कनेक्टिविटी फीचर से लैस है जिसके द्वारा आप हीरो नेविगेशन एप्लिकेशन के माध्यम से अपने **एक्सपल्स** 200 4V के मीटर कंसोल के साथ अपने स्मार्टफोन को जोड़ सकते हैं।

अपने डिवाइस को जोड़ने के लिए इस प्रकार आगे बढ़ें :

- इग्निशन स्विच "ऑन" करें ।
- अपने स्मार्ट फोन पर हीरो नेविगेशन एप्लिकेशन खोलें ।
- डिजिटल क्लस्टर (1) पर इनकमिंग कॉल की जानकारी दिखाने की अनुमति दें ।




**(1) डिजिटल क्लस्टर पर इनकमिंग कॉल की जानकारी के लिए एक्सेस**

• पहली बार पेयरिंग के लिए एप्लिकेशन को निम्नलिखित उपयोग करने की अनुमति दें :

क. संपर्क।

ख. फोन कॉल करना और उनका प्रबंधन करना।

ग. आपके डिवाइस का फोन कॉल लॉग ।

घ. डिवाइस की लोकेशन, यदि आपके डिवाइस में जीपीएस चालू नहीं है







• फिर एप्लिकेशन ऑटोमेटिकली शुरू हो जाएगा।

• एप्लिकेशन आपको आगे बढ़ने के लिए “इस्तेमाल करने की शर्तें” (2) का चयन करने के लिए भी कहता है।




**(2) इस्तेमाल करने की शर्तें**

• अब अपने वाहन (3) का चयन करें ।

• अब एप्लिकेशन यूजर से बैटरी ऑप्टिमाइज़ेशन (4) को बंद करने के लिए कहता है। यह उन स्टेप्स का पालन करके किया जा सकता है जो एप्लिकेशन में उल्लिखित हैं या यूजर इस स्टेप को अनदेखा कर सकते हैं ।




**(3) अपने वाहन का चयन करें**
**(4) बैटरी ऑप्टिमाइजेशन**

• एप्लिकेशन कुछ समय के लिए खोज करता है और आस-पास के सभी कम्पेटिबल डिवाइस को प्रदर्शित करता है। अपने नाम (5) के डिवाइस को सिलेक्ट करें।
• अपना नाम (6) अपडेट करें (यदि आवश्यक हो) और या तो “सेव और कनेक्ट” (7) या आगे बढ़ने के लिए “कनेक्ट” (8) का चयन करें।




**(5) अपने डिवाइस को सिलेक्ट करें**
**(6) अपना नाम अपडेट करें**
**(7) सेव और कनेक्ट करें** **(8) कनेक्ट**

• अब एप्लिकेशन पेयरिंग रिक्वेस्ट नोटिफिकेशन (9) भेजेगा । नोटिफिकेशन पर क्लिक करें ।
• अब मीटर कंसोल पेयरिंग पिन (10) को प्रदर्शित करेगा ।
• नेविगेशन स्क्रीन में पिन दर्ज करें और "OK" (11) सिलेक्ट करें ।




**(9) पेयरिंग रिक्वेस्ट नोटिफिकेशन**
**(10) पिन** **(11) "ओके"**

• पेयरिंग हो जाने पर, मीटर कंसोल ब्लूटूथ मोड (13) में ब्लूटूथ सिंबल के नीचे "Connected" (12) प्रदर्शित करता है।




**(12) ब्लूटूथ कनेक्टेड** **(13) ब्लूटूथ मोड**

• यदि पेयरिंग प्रक्रिया के दौरान कोई त्रुटि होती है तो मीटर कंसोल ब्लूटूथ सिंबल के नीचे "Not found" (14) प्रदर्शित करेगा। उपरोक्त चरणों को दोहराएं और अपने स्मार्टफोन को फिर से कनेक्ट करने के लिए वाहन के करीब रखें।




**(13) ब्लूटूथ मोड** **(14) Not found**

**नेविगेशन :**

नेविगेशन सुविधा का उपयोग करने के लिए आगे बढ़ें :

• ब्लूटूथ के माध्यम से अपने वाहन को अपने हीरो राइड गाइड / नेविगेशन एप्लिकेशन से कनेक्ट करें **(पेज 24)**।

• सफल कनेक्शन के बाद, एप्लिकेशन और मीटर कंसोल डिस्प्ले स्वचालित रूप से नेविगेशन मोड (4) पर स्विच करेगा। यह जीपीएस सिस्टम के जरिए आपकी मौजूदा लोकेशन (1) को भी अपडेट करेगा।




**(1) मौजूदा लोकेशन** **(2) डेस्टिनेशन चुनें**
**(3) स्टार्ट राइड**

• अब एप्लिकेशन के माध्यम से अपने पहुंचने के स्थान (2) का चयन करें और "स्टार्ट राइड" चुनें (3) ।

• थोड़ी देर के लिए प्रसंस्करण के बाद मीटर कंसोल दिशा (5), अगली गतिविधि (7) के लिए दूरी और पहुंचने (ईटीए) (6) के लिए अनुमानित समय प्रदर्शित करेगा। पहुंचने का अनुमानित समय "am" या "pm" में प्रदर्शित किया जाएगा । हीरो नेविगेशन ऐप और आपके वाहन का मीटर कंसोल स्टेप - बाय - स्टेप नेविगेशन मार्गदर्शन / डायरेक्शन नेविगेशन साइन के माध्यम से प्रदर्शित करेगा। **(पेज 79).**




(4) नेविगेशन मोड (5) दिशा (6) ईटीए
(7) अगली गतिविधि के लिए दूरी (8) नो सिग्नल

**नोट**

**किसी भी पॉइंट पर यदि नेविगेशन सिग्नल खो जाता है, तो यह मीटर कंसोल पर "No Signal" (8) प्रदर्शित करता है जब वाहन नेविगेशन मोड में होता है।**

**चेतावनी**

**नेविगेशन सिस्टम आपको डेस्टिनेशन तक पहुंचने में सहायता करता है, ड्राइविंग करते समय विचलित न हों। सुरक्षित रूप से ड्राइव करें और हमेशा यातायात नियमों का पालन करें।**

### ऑटोपेयरिंग

आपका वाहन ऑटोपेयरिंग फीचर से लैस है जिसके द्वारा यदि आप हीरो नेविगेशन एप्लिकेशन के साथ सफल पेयरिंग के बाद वाहन के इग्निशन स्विच को "ऑफ" कर देते हैं तो फिर से इग्निशन स्विच को "ऑन" करने के बाद यह स्वचालित रूप से फिर से कनेक्ट हो जाएगा।

**नोट**

**पेयरिंग, ऑटोपेयरिंग और नेविगेशन के दौरान अपने स्मार्टफोन को हमेशा अपने वाहन के करीब रखें।**

### इनकमिंग कॉल अलर्ट :

यदि आपका स्मार्टफोन ब्लूटूथ के माध्यम से आपके वाहन के मीटर कंसोल के साथ जुड़ा हुआ है **(पेज 24)**, तो आपको मीटर कंसोल पर, आने वाले सभी कॉल अलर्ट मिलेंगे। यह आपके स्मार्टफोन में संग्रहीत होने पर कॉलर का नाम प्रदर्शित करेगा। उदाहरण के लिए : यदि आपके कम्पेटिबल स्मार्टफोन में विजय के नाम से कॉलर का नंबर सेव है, तो आपका मीटर कंसोल विजय कॉलिंग (1) प्रदर्शित करेगा।




(1) नाम से आने वाली कॉल अलर्ट

यदि आपके डिवाइस में नाम से नंबर सेव नहीं है या आपका डिवाइस iOS है, तो यह "unknown calling" (2) प्रदर्शित करेगा।




(2) अनजान नंबर से आने वाली इनकमिंग कॉल अलर्ट

**मिस्ड कॉल अलर्ट :**

यदि आपका स्मार्टफोन ब्लूटूथ के माध्यम से आपके वाहन के मीटर कंसोल के साथ जुड़ा हुआ है **(पेज 24)**, तो आपको मीटर कंसोल पर सभी मिस्ड कॉल अलर्ट (1) मिलेंगे।




**(1) मिस्ड कॉल अलर्ट**
**(2) मिस्ड कॉल की संख्या (1 से 9)**
**(3) मिस्ड कॉल की संख्या (9 से अधिक)**

- यदि मिस्ड कॉल की संख्या 9 से कम या इसके बराबर है तो यह संबंधित अंकों (2) के रूप में मिस्ड कॉल की संख्या प्रदर्शित करेगा।
- यदि मिस्ड कॉल की संख्या 9 से अधिक है, तो यह "एक्स" (3) के रूप में प्रदर्शित होगा।

**लो बैटरी अलर्ट :**

यदि आपके पेअर किये हुए स्मार्टफ़ोन की बैटरी बहुत कम है, तो मीटर कंसोल पर कुछ सेकंड के लिए लो बैटरी अलर्ट (1) का सिंबल दिखाई देता है।




**(1) लो बैटरी अलर्ट**

**(घ) स्टीयरिंग लॉक**

इग्निशन स्विच के साथ स्टीयरिंग लॉक है, इग्निशन की चाबी (1) को "ऑफ" (⊗) पोज़िशन में घुमाएं और हैंडल बार को लेफ़्ट या राइट पर मोड़ें और चाबी को अंदर की ओर दबाएं और "लॉक" पोज़िशन की ओर घुमाएं। लॉक करने के बाद चाबी निकाल लें।




(1) इग्निशन की चाबी

**(ङ) राइडर फुटरेस्ट**

राइडर फुटरेस्ट (2) के (दोनों तरफ) के रबर्स (1) अलग होने योग्य हैं और केवल "ऑफ-रोड" राइडिंग के लिए अलग किए जा सकते हैं {ऑफ-रोड सेफ्टी गाइड लाइन देखें **(पेज 11)**।}

राइडर फुटरेस्ट रबर्स को इनस्टॉल करते समय, राइडर फुटरेस्ट रबर्स के प्रोजेक्शन (3) को राइडर फुटरेस्ट से अच्छी तरह से जोड़ा जाना चाहिए।







(1) रबर्स (2) राइडर फुटरेस्ट
(3) प्रोजेक्शन्स

**हैंडलबार स्विच कण्ट्रोल**

**लेफ्ट हैंडलबार कंट्रोल्स**

**1. हेडलैंप डिमर स्विच**

हेडलैंप तभी काम करता है जब इंजन चल रहा हो।

हाई बीम “ ” के लिए पास स्विच (1) को ऊपर की ओर दबाएं और लो बीम “ ” के लिए नीचे की ओर दबाएं।

**2. टर्न सिग्नल लैंप स्विच ( ⇦ ⇨ )**

टर्न सिग्नल स्विच (2) को इंडिकेशन्स के लिए दाएं / बाएं शिफ्ट करें और इसे अपने आप ही अपनी पोजीशन पे वापस आने के लिए छोड़ दें।

**ज़रूरी बात :** टर्न पूरा करने के बाद टर्न सिगनल को "ऑफ" करने के लिए, स्विच को धीरे से अंदर की ओर दबाएं।




(1) हेडलैंप डिमर स्विच
(2) टर्न सिग्नल स्विच (3) हॉर्न स्विच

**3. हॉर्न स्विच ( )**

हॉर्न (3) बजाने के लिए स्विच को दबाएं।

**4. पासिंग स्विच**

आगे निकलने का इशारा देता है।

पासिंग लैंप को चलाने के लिए पासिंग लैंप स्विच (4) दबाएं।

**5. क्लच स्विच**

राइडर की सुरक्षा के लिए क्लच स्विच (5) दिया गया है। अगर वाहन गियर में है, तो क्लच लीवर को दबाए बिना इलेक्ट्रिक स्टार्टर स्विच से वाहन चालू नहीं किया जा सकता।




**(4) पासिंग स्विच** **(5) क्लच स्विच**

**राइट हैंडलबार कंट्रोल्स**

**1. इंटीग्रेटेड स्टार्ट-किल स्विच**

**(क) इलेक्ट्रिक स्टार्टर ऑपरेशन ( )**

वाहन को स्टार्ट करने के लिए इंटीग्रेटेड स्टार्ट-किल स्विच (2) के इलेक्ट्रिक स्टार्टर ( ) (1) को नीचे की ओर दबाएं। सुनिश्चित करें कि इलेक्ट्रिक स्टार्टर ऑपरेशन तब किया जा रहा है जब वाहन का ट्रांसमिशन न्यूट्रल में हो। अगर वाहन गियर में है, तो इलेक्ट्रिक स्टार्टर ( ) ऑपरेशन से पहले क्लच लीवर दबाएं। इंजन शुरू होने के बाद स्विच को छोड़ दें ।

**! सावधानी**

**इंटीग्रेटेड स्टार्ट-किल स्विच के इलेक्ट्रिक स्टार्टर ( ) को लगातार 5 सेकंड से अधिक दबाए न रखें, क्योंकि इंजन की लगातार क्रैंकिंग बैटरी को डिस्चार्ज कर देगी।**




**(1) इलेक्ट्रिक स्टार्टर**
**(2) इंटीग्रेटेड स्टार्ट-किल स्विच**
**(3) इंजन स्टॉप (ऑन/ऑफ)**

**(ख) इंजन स्टॉप स्विच ऑपरेशन**

इंजन स्टॉप ऑपरेशन के लिए (3) इंटीग्रेटेड स्टार्ट-किल स्विच (1) में दो पोज़िशन हैं। "ऑन" ( ) पोज़िशन में, इंजन ऑपरेट करेगा और "ऑफ़" ( ) पोज़िशन में, इंजन ऑपरेट नहीं करेगा। इसका मुख्य काम आपात स्थिति के दौरान इंजन को रोकना है (वाहन गिरना, थ्रॉटल केबल अटक जाना आदि)। स्विच सामान्य रूप से "ऑन" ( ) पोज़िशन में रहना चाहिए। आपात स्थिति के दौरान, स्विच को "ऑफ़" ( ) पोज़िशन में रखें।

## ⚠ चेतावनी

**सामान्य स्थिति में वाहन चलाते समय, किसी भी क्षति से बचने के लिए "इंटीग्रेटेड स्टार्ट-किल स्विच" को "ऑफ" ( ) पोज़िशन में न दबाएं (व्हील लॉकिंग से दुर्घटना, आंशिक क्षति, बैटरी डिस्चार्ज आदि) हो सकती है।**

### एबीएस इंडिकेटर

इग्निशन स्विच को ऑन करने पर स्पीडोमीटर पर एबीएस इंडिकेटर सामान्य रूप से लगभग 1.8 सेकंड के लिए "ऑन" ( ) होता है और फिर तब तक ब्लिंक करता रहता है जब तक कि वाहन 5 किमी/घंटा की गति प्राप्त नहीं करता ।




**(1) एबीएस इंडिकेटर**

जब सिस्टम सामान्य रूप से कार्य करता है वाहन की गति 5 किमी/घंटा से अधिक हो जाने पर इंडीकेटर "ऑफ" ((ABS)) हो जाता है ।
किसी भी समय पर यदि एबीएस इंडिकेटर "ऑन" रहता है तो एबीएस काम नहीं करता है, लेकिन ब्रेक अभी भी सामान्य रूप से काम करता हैं। अपने वाहन की गति कम करें और अपने अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप में जाएँ।

### साइड स्टैंड इंडिकेटर / स्विच

ग्राहक की सुरक्षा के लिए एक साइड स्टैंड इंडिकेटर (1) दिया गया है।




**(1) साइड स्टैंड इंडिकेटर**

साइड स्टैंड में एक साइड स्टैंड स्विच (2) दिया गया है, जब साइड स्टैंड नीचे होता है (इग्निशन स्विच "ऑन"), तब स्विच स्पीडोमीटर पैनल पर साइड स्टैंड इंडिकेटर लैंप को जलने में मदद करता है।




**(2) साइड स्टैंड स्विच (3) साइड स्टैंड स्प्रिंग**

- अच्छे कार्य के लिए साइड स्टैंड और स्प्रिंग (3) के टेंशन के नुकसान, फ्री मूवमेंट के लिए साइड स्टैंड असेंबली की जाँच करें।
- यह देखें कि साइड स्टैंड के नीचे होने पर साइड स्टैंड इंडिकेटर (1) चमकता है या नहीं।
- जब साइड स्टैंड ऊपर हो, तो साइड स्टैंड इंडिकेटर (1) चमकना नहीं चाहिए।
- यदि साइड स्टैंड इंडिकेटर (1) ऊपर बताए गए स्टेप्स के अनुसार काम नहीं करता है, तो कृपया अपने अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप पर जाएं।

**! सावधानी**

**साइड स्टैंड स्विच को साफ करते समय पर्याप्त सावधानी बरतना सुनिश्चित करें।**

**आपका वाहन सुरक्षा के उद्देश्य से "साइड स्टैंड इंजन किल" विशेषता से लैस है।**

इस विशेषता के निम्नलिखित कार्य हैं:

- जब ट्रांसमिशन गियर में होता है (क्लच लीवर ऑपरेशन के बावजूद) और साइड स्टैंड नीचे होने पर यह इंजन को स्टार्ट होने से रोकता है।
- जब ट्रांसमिशन गियर में होता है (क्लच लीवर ऑपरेशन के बावजूद) और साइड स्टैंड को नीचे किया जाता है तब भी यह चालू इंजन को रोक देता है।

**⚠ चेतावनी**

**क्लच लीवर ऑपरेशन से "साइड स्टैंड इंजन किल" सिस्टम प्रभावित नहीं होता है।**

इस विशेषता की कार्यक्षमता का निरीक्षण करने के लिए, वाहन को उसके मेन स्टैंड (ऑप्शनल) पर पार्क करें और इंस्पेक्शन फ्लो डायग्राम में वर्णित सभी शर्तों की जाँच करें:

**इंस्पेक्शन फ्लो डायग्राम**

**1. इग्निशन स्विच को "ऑन" ( ) करें और इंटीग्रेटेड स्टार्ट-किल स्विच के इलेक्ट्रिक स्टार्टर ( ) स्विच को दबाएं (ट्रांसमिशन न्यूट्रल और साइड स्टैंड नीचे कर के)।**

**क्या इंजन स्टार्ट होता है?** — नहीं → **अधिकृत** हीरो मोटोकॉर्प **वर्कशॉप पर जाएँ**; हां ↓

**2. फिर ट्रांसमिशन को गियर में डाले (चालू इंजन के साथ और क्लच लीवर ऑपरेशन के बावजूद)।**

**क्या इंजन रुक जाता है?** — नहीं → **अधिकृत** हीरो मोटोकॉर्प **वर्कशॉप पर जाएँ**; हां ↓

**3. अब इंटीग्रेटेड स्टार्ट-किल स्विच के इलेक्ट्रिक स्टार्टर ( ) को (इंजन बंद होने के बाद) दबाएं।**

**क्या इंजन स्टार्ट होता है?** — हां → **अधिकृत** हीरो मोटोकॉर्प **वर्कशॉप पर जाएँ**; नहीं ↓

**सिस्टम ठीक है ।**

यदि आपका वाहन ऊपर दिए गए फ्लो डायग्राम में बताए अनुसार काम नहीं करता है, तो कृपया अपने अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप पर जाएं।

**चेतावनी**

**"साइड स्टैंड इंजन किल" विशेषता की कार्यक्षमता का नियमित रूप से निरीक्षण करें और किसी भी खराबी के मामले में अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप में जाएं।**

**फ्यूल टैंक**

फ्यूल टैंक की क्षमता 13.0 लीटर  है (फ्यूल लेवल इंडीकेटर के ब्लिंक करते हुए सेगमेंट से ऊपर तक फ्यूल की न्युनतम मात्रा को बनाए रखें। )




(1) चाबी के होल का कवर (2) इग्निशन की चाबी

- फ्यूल टैंक कैप को अनलॉक करने के लिए, चाबी के होल का कवर (1) को उठाएं, चाबी (2) डालें और इसे क्लॉकवाइज घुमाकर कैप (3) को खोलें ।
- टैंक को ओवरफिल न करें। फिलर नेक (4) में कोई फ्यूल नहीं होना चाहिए। दिखाए गए अनुसार टैंक को फ्यूल (5) से भरें।
- फ्यूल टैंक कैप को लॉक करने के लिए, कैप को फिर से बंद करें और धीरे से दबाएं। चाबी वापस नॉर्मल पोज़िशन में आ जाएगी और कैप लॉक हो जाएगी ।




(3) फ्यूल टैंक कैप




(4) फिलर नेक (5) फ्यूल

- चाबी निकालें और चाबी के होल का कवर फिर से बंद कर दें।

**सावधानी**

**वाहन को सीधी धूप में पार्क न करें, क्योंकि इससे गर्मी के कारण पेट्रोल की भाप बनती है और अल्ट्रा वायलेट किरणों के चलते पेंट की चमक ख़राब हो जाती है।**

> **⚠ चेतावनी**
>
> **पेट्रोल अत्यंत ज्वलनशील होता है और कुछ शर्तों के तहत विस्फोट भी होता है। जब इंजन बंद हो तब किसी अच्छी हवादार जगह पर ही पेट्रोल भरवाएं। उस जगह धूम्रपान न करें या आग या चिंगारि ना ले जाएं, जहां वाहन में पेट्रोल भरा जाता है या जहां पेट्रोल रखा गया हो।**

**सीट लॉक**

**स्थान :** रियर काउल के बाईं ओर, रियर ग्रिप के नीचे।

**ऑपरेशन :** सीट को अनलॉक करने के लिए इग्निशन की चाबी (1) डालें और इसे क्लॉकवाइज घुमाए। इनस्टॉल करने के लिए, सीट के नीचे के हुक को फ्रेम के साथ जोड़े और लॉक की क्लिक आवाज आने तक सीट को सामने की ओर स्लाइड करें।




(1) सीट लॉक

**हेलमेट होल्डर**

हेलमेट होल्डर सीट के नीचे है। सीट निकालें। वाहन के साथ दिए गए वायर हेलमेट सेट (2) का इस्तेमाल करके हेलमेट होल्डर हुक (1) पर हेलमेट लटकाएं। सीट (3) को इनस्टॉल करें और इसे सुरक्षित तरीक़े से लॉक करें।




(1) हेलमेट होल्डर हुक (2) वायर हेलमेट सेट (3) सीट

> **⚠ चेतावनी**
>
> - **सवारी करते हुए होल्डर से जुड़ा हेलमेट रियर व्हील के सस्पेंशन में दिक़्क़त ला सकता है और यह दुर्घटना का कारण बन सकता है, जिसमें आप गंभीर रूप से घायल हो सकते हैं या जान जा सकती है।**
> - **हेलमेट होल्डर का इस्तेमाल पार्क करते समय ही करें। होल्डर में हेलमेट लटकाकर सवारी न करें।**

**यूएसबी चार्जर**

सवारी करते समय आपके मोबाइल फोन को सुरक्षित रूप से चार्ज करने के लिए आपके वाहन में सीट के नीचे यूएसबी डिवाइस कंपार्टमेंट (3) के अंदर एक कैप (2) के साथ एक यूएसबी चार्जर (1) दिया गया है।

नॉन-स्टैण्डर्ड यूएसबी केबल के उपयोग से मोबाइल फोन को नुकसान हो सकता है।

मोबाइल फ़ोन को चार्जर से कनेक्ट करने के लिए, पहले USB चार्जर का कैप खोलें और उसमें चार्जर केबल लगाएं। नॉन-स्टैण्डर्ड यूएसबी केबल के इस्तेमाल से होने वाले नुकसान के लिए हीरो मोटोकॉर्प ज़िम्मेदार नहीं होगा।




(1) यूएसबी चार्जर (2) कैप
(3) यूएसबी डिवाइस कंपार्टमेंट

## सावधानी

- सवारी करते समय सड़क के झटकों से होने वाले किसी भी नुकसान से बचने के लिए डिवाइस को हमेशा एक मुलायम साफ़ कपड़े/तौलिये में रखें।
- एक से ज़्यादा चार्जिंग से बचें, एक साथ कई चार्जिंग करने से चार्जिंग स्लो या नो चार्जिंग हो सकती है।
- यूएसबी पोर्ट उचित यूएसबी डिवाइसेस की चार्जिंग के लिए है।
- वाहन जब पार्क हो, तब यूएसबी डिवाइस और यूएसबी केबल को यूएसबी डिवाइस कम्पार्टमेंट में न छोड़ें।
- अपने डिवाइस को तभी चार्ज करें जब इंजन चालू हो या आप राइडिंग कर रहे हों।
- यूएसबी चार्जर कैप डैमेज होने पर यूएसबी चार्जर वॉरंटी के तहत कवर नहीं किया जाएगा।

## नोट

- यूएसबी चार्जर के अंदर कोई साबुन का घोल, ऑयल या ग्रीस ना लगाएं।
- पानी से धोने से पहले किसी भी निजी सामान को नुकसान से बचाने के लिए हटा देना चाहिए।
- बारिश / पानी से धोने के दौरान धूल या पानी के प्रवेश को रोकने के लिए उपयोग के बाद हमेशा यूएसबी पोर्ट कैप को बंद रखें।
- किसी भी शॉर्ट सर्किट से बचने के लिए कैप बंद होने की स्थिति में भी पानी के जेट को सीधे पोर्ट पर न डालें। हमेशा यूएसबी पोर्ट के उपयोग से पहले एक सूखे कपड़े या बिना नमी वाली कम्प्रेस्ड एयर से उस एरिया को सुखाए।
- यूएसबी चार्जर कैप को ठीक से लॉक करने के लिए कैप को थोड़ा दबाएं।
- मोबाइल का चार्जिंग टाइम, चार्ज का मोबाइल बैटरी स्टेट, मोबाइल की बनावट और कंडीशन के आधार पर अलग-अलग हो सकता है।

### प्री-राइड इंस्पेक्शन

एक आरामदायक राइडिंग और सुरक्षा बढ़ाने के लिए आप को वाहन की सवारी से पहले प्री-राइडिंग इंस्पेक्शन करना चाहिए।

अपने वाहन की नियमित सफ़ाई करें। यह ऊपरी सतह की चमक की रक्षा करता है। ऐसे चीज़ों से सफ़ाई करने से बचें, जो ख़ास तौर से वाहन की सतहों के लिए नहीं बनाए गए हैं।

हर दिन इंजन शुरू करने से पहले अपने वाहन का निरीक्षण करें। जिन चीज़ों का ज़िक्र किया गया है, वो कुछ मिनट्स लेते हैं और लंबे समय के लिए वे आप का समय, ख़र्च और संभवतः आप की ज़िन्दगी बचा सकते हैं। कृपया नीचे दिए गए सुझावों का पालन करें:

- **इंजन ऑयल लेवल -** ज़रूरी हो, तो इंजन ऑयल की जांच करें और टॉप अप करें **(पेज 49)।** लीक्स की जाँच करें।
- **प्रोग्राम्ड FI मालफंक्शन इंडिकेटर लैंप (MIL) -** जब इग्निशन स्विच को "ऑन" किया जाता है, तो प्रोग्राम्ड FI मालफंक्शन इंडिकेटर लैंप (MIL) लगातार जलता रहता है और फिर इंजन चालू होने के बाद "ऑफ़" हो जाना चाहिए।
- **फ्यूल लेवल -** सुनिश्चित करें कि यात्रा के लिए आपके फ्यूल टैंक में पर्याप्त फ्यूल हो । फ्यूल लेवल सेगमेंट

ब्लिंकिंग सेगमेंट से ऊपर होना चाहिए **(पेज 22)।** लीकेज के लिए जाँच करें।

- **फ्रंट ब्रेक -** मास्टर सिलेंडर / रिजर्वायर में सही ब्रेक फ्लुइड लेवल की जांच करें **(पेज 60)।**
- **एबीएस इंडिकेटर -** एबीएस ठीक से काम करने के लिए एबीएस इंडिकेटर की जाँच करें **(पेज 32)।**
- **रियर ब्रेक -** रिजर्वायर में सही ब्रेक फ्लुइड लेवल की जांच करें **(पेज 61)।**
- **टायर्स -** इनकी कंडीशन और प्रेशर की जाँच करें **(पेज 66)।**
- **क्लच -** स्मूथ ऑपरेशन के लिए जाँच करें। ज़रूरत हो तो फ्री प्ले को एडजस्ट करें **(पेज 55)।**
- **ड्राइव चैन -** कंडीशन और स्लैकनेस की जाँच करें **(पेज 57)।** ज़रुरत हो तो लुब्रिकेट करें।
- **थ्रॉटल -** सभी स्टीयरिंग पोज़ीशन पर स्मूथ ओपनिंग और क्लोजिंग के लिए जांच करें **(पेज 56)।**
- **लैम्प और हॉर्न -** देखें कि हेडलैंप, पोजीशन लैंप, टेल/स्टॉप लैंप, टर्न सिग्नल लैम्प्स, इंडीकेटर्स और हॉर्न ठीक से काम कर रहे हैं ।
- **रियर व्यू मिरर -** यह सुनिश्चित करें कि जब आप वाहन पर बैठे हों तो रियर व्यू मिरर बेहतर रियर व्यू दे रहा है।
- **इंटीग्रेटेड स्टार्ट-किल स्विच -** उचित कार्यक्षमता के लिए जाँच करें **(पेज 31)।**
- **इंजन स्टॉप / किल स्विच -**
- **फिटिंग और फास्नर्स -** ज़रुरत हो तो जांचें और टाइट करें।
- **स्टीयरिंग -** मोड़ पर आसान स्मूथ एक्शन के लिए जाँच करें।
- **साइड स्टैंड -** उचित कार्यक्षमता के लिए जाँच करें **(पेज 32)।**

**इंजन स्टार्ट करना**

हमेशा नीचे बताए गए स्टार्टिंग प्रक्रिया का पालन करें:

- आपके वाहन के एग्जॉस्ट सिस्टम के कैटेलिटिक कन्वर्टर की सुरक्षा के लिए, लंबे समय तक आइडल रहने और लीडेड पेट्रोल के इस्तेमाल से बचें।
- आपके वाहन के एग्ज़ॉस्ट में ज़हरीली कार्बन मोनोऑक्साइड गैस है। बंद जगहों पर जैसे गैरेज में कार्बन मोनोऑक्साइड के हाई लेवल तेज़ी से इकट्ठा हो सकते हैं। गैरेज का दरवाज़ा बंद करके इंजन न चलाएं।

**! सावधानी**

- **इंटीग्रेटेड स्टार्ट-किल स्विच के इलेक्ट्रिक स्टार्टर ( ) को लगातार 5 सेकंड से अधिक दबाए न रखें, क्योंकि इंजन की लगातार क्रैंकिंग बैटरी को डिस्चार्ज कर देगी।**
- **यह वाहन साइड स्टैंड इंजन किल विशेषता से लैस है (पेज 33)।**

**तैयारी**

शुरू करने से पहले चाबी डालें और नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन करें:

- इग्निशन स्विच (1) को "ऑन" पोज़ीशन में घुमाएं ।
- सुनिश्चित करें कि प्रोग्राम्ड FI मालफंक्शन इंडिकेटर लैंप (MIL) (2) लगातार चमकता है और फिर इंजन चालू होने के बाद "ऑफ़" हो जाना चाहिए।




**(1) इग्निशन स्विच**
**(2) मालफंक्शन इंडिकेटर लैंप (MIL)**

## नोट

**अगर वाहन चालू होने पर भी MIL "ऑन" रहता है, तो प्रोग्राम्ड FI सिस्टम में कोई ख़राबी है। ऐसे में वाहन को धीमी गति से चलाकर चेक-अप के लिए अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप में ले जाने के लिए कहा गया हैं ।**

• न्यूट्रल पोजीशन ढूंढें और इग्निशन "ऑन" में इंस्ट्रुमेंट कंसोल पर न्यूट्रल (N) इंडिकेटर (3) चेक करें।




**(3) न्यूट्रल इंडिकेटर**

• सुनिश्चित करें कि इंजन स्टॉप स्विच/किल स्विच (4) "ऑन" ( ) पोजीशन में है।

• **इलेक्ट्रिक स्टार्ट :** थ्रॉटल को पूरी तरह से बंद रखकर इंटीग्रेटेड स्टार्ट-किल स्विच के इलेक्ट्रिक स्टार्टर ( ) को दबाएं।

• **किक स्टार्ट :** किक स्टार्टर को तब तक दबाएं जब तक कि प्रतिरोध महसूस न हो जाए। फिर किक स्टार्टर को ऊपर कि ओर उसके स्ट्रोक पर लौटने दें। तेज़ी से और लगातार स्ट्रोक के टॉप से नीचे तक किक करें।




**(4) इंटीग्रेटेड स्टार्ट-किल स्विच**

## सावधानी

• **जब इंजन आइडल पर हो और वाहन पार्क किया हो, तो अधिक थ्रॉटल न खोलें, क्योंकि इससे ओवरहीटिंग, इंजन और एग्जॉस्ट सिस्टम के कम्पोनेंट ख़राब हो सकते है।**

• **इंजन को आइडल में 3 मिनट से देर तक चलाने से भी इंजन ओवरहीटिंग हो सकता है।**

### स्टार्टिंग प्रक्रिया

किसी भी परिवेश के टेम्परेचर पर, थ्रॉटल को पूरी तरह से बंद करते हुए इंटीग्रेटेड स्टार्ट-किल स्विच के इलेक्ट्रिक स्टार्टर ( ) को दबाएं।

## नोट

• **इस वाहन में एक आइडल एयर कण्ट्रोल वॉल्व (IACV) के साथ एक फ्यूल-इंजेक्टेड इंजन है।**

• **थ्रॉटल देकर इंजन को स्टार्ट करने की सलाह नहीं दी जाती है।**

• **थ्रॉटल को पूरी तरह से खुला रखने पर इंजन शुरू नहीं होगा क्योंकि इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल यूनिट (ईसीयू) इंटरनल कम्पोनेंट की सुरक्षा के लिए फ्यूल सप्लाई को कट-ऑफ़ कर देता है।**

**फ्लडेड इंजन**

अगर बार-बार कोशिश करने के बाद भी इंजन स्टार्ट नहीं होता है, तो यह अतिरिक्त फ्यूल से भरा हो सकता है ।

- थ्रॉटल को पूरा खोल दें।
- इंटीग्रेटेड स्टार्ट-किल स्विच के इलेक्ट्रिक स्टार्टर ( ) को 5 सेकंड के लिए दबाएं।
- नॉर्मल स्टार्टिंग प्रक्रिया का पालन करें।
- अगर इंजन अस्थिर आइडल से शुरू होता है, तो थ्रॉटल को थोड़ा सा खोलें।
- अगर इंजन स्टार्ट नहीं होता है, तो 10 सेकंड के लिए रुकें और पहले 3 स्टेप्स का फिर से पालन करें।

**इग्निशन कट ऑफ**

अगर वाहन नीचे गिर जाता है, तो आपका वाहन स्वयं इंजन और फ्यूल पंप को स्वचालित रूप से बंद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

**(बैंक एंगल सेंसर इग्निशन को बंद कर देता है)।**

**नोट**

**अगर वाहन नीचे गिर गया है, तो इंजन को फिर से चालू करने से पहले आपको इग्निशन स्विच को "ऑफ" ( ) पोज़िशन में करके फिर से "ऑन" ( ) पोज़िशन में करना होगा।**

**रनिंग इन**

पहले 500 km के दौरान आप कैसे सवारी करते हैं, इस पर ज़्यादा ध्यान देकर आप अपने वाहन के भविष्य की विश्वसनीयता और प्रदर्शन को सुनिश्चित करने में अपनी सहायता कर सकते हैं।

इस दौरान, फुल-थ्रॉटल स्टार्ट और तेजी से एक्सलरेशन करने से बचें।

**नोट**

- **अगर कोई गियर लगा हुआ है तो इंजन शुरू करने के लिए, क्लच लीवर दबाएं और इंटीग्रेटेड स्टार्ट-किल स्विच दबाएं।**
- **वाहन स्टार्ट करते समय थ्रॉटल को न खोलें।**

**चेतावनी**

**इंजन को कभी भी बंद जगह पर न चलाएं, एग्जॉस्ट में ज़हरीली गैसें होती हैं।**

**राइडिंग**

- ठंडी स्थितियों में इंजन को अत्यधिक एक्सलरेट करने से इंजन की लाइफ कम हो सकती है।
- जब इंजन आइडल हो, तो क्लच लीवर दबाएं और पहले गियर में शिफ्ट करने के लिए पैर के अंगूठे का उपयोग करके गियरशिफ्ट पेडल को नीचे की ओर दबाएं।
- क्लच लीवर को धीरे-धीरे छोड़ें और साथ ही थ्रॉटल को खोलकर धीरे-धीरे इंजन का स्पीड बढ़ाएं। थ्रॉटल और क्लच लीवर का आपसी ताल-मेल यह सुनिश्चित करेगा कि - एक अच्छा स्मूथ पॉजिटिव स्टार्ट मिले ।
- जब वाहन मध्यम गति प्राप्त करता है, तो थ्रॉटल को बंद करें, क्लच लीवर को दबाएं और पैर के अंगूठे को गियर पेडल के नीचे रखे और ऊपर की ओर उठाकर दूसरे गियर में शिफ्ट करें ।
- यह क्रम तीसरे, चौथे और पांचवें गियर में शिफ्ट करने के लिए बार-बार दोहराया जाता है।



**! सावधानी**

**बिना क्लच दबाए और थ्रॉटल को बंद किए बिना गियर को शिफ्ट न करें अन्यथा इससे गियर खराब हो सकते हैं।**

## ब्रेकिंग

### एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (एबीएस)

यह मॉडल एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (एबीएस) से लैस है जो ब्रेकिंग के दौरान व्हील्स को लॉक होने से रोकने में मदद करके सुरक्षा को बढ़ाता है।

- हर बार ब्रेक लगाने के दौरान दो ज़रूरी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एबीएस को डिज़ाइन किया गया है:
- वाहन की स्थिरता प्रदान करने में मदद करने के लिए।
- स्टीयरिंग का नियंत्रण और सड़क की सतहों पर - गतिशीलता बनाए रखने में मदद करने के लिए।

**वाहन की गति 5 किमी / घंटा से अधिक होने पर एबीएस सिस्टम सेल्फ-रेगुलेटिंग और हमेशा सक्रिय रहता है।**

- एबीएस कंप्यूटर फ्रंट व्हील की तुलनात्मक गति के आधार पर कार्य करता है। नॉन-एप्रूव्ड टायरों का इस्तेमाल पहियों की गति को प्रभावित कर सकता है और एबीएस कंप्यूटर को गलत जानकारी दे सकता है।

सिस्टम में व्हील स्पीड सेंसर (1), हाइड्रोलिक इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल यूनिट (एचईसीयू) (2), और मीटर कंसोल पर एबीएस इंडिकेटर लैंप (3) है।







(1) व्हील स्पीड सेंसर
(2) हाइड्रॉलिक इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल युनिट (HECU)




(3) एबीएस इंडिकेटर

जब भी आप अपना वाहन चलाते हैं, व्हील स्पीड सेंसर टायर के गति पर ध्यान रखता है और हाइड्रोलिक इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल यूनिट (एचईसीयू) को इनपुट भेजता है। फिर एचईसीयू आपके वाहन पर ध्यान रखता है और जब वाहन की गति 5 किमी/घंटा से अधिक हो जाती है तो नियंत्रण ले लेता है।

अब जब भी आप फ्रंट ब्रेक लगाएंगे, एबीएस सक्रिय हो

जायेगा और व्हील स्पीड सेंसर से मिले इनपुट के आधार पर, एचईसीयू फ्रंट कैलीपर पर दबाव को नियंत्रित करेगा जिससे पहिया लॉक होने से बचा जाएगा और परिणामस्वरूप वाहन सुरक्षित रूप से रुक जाएगा।

**क्या करें और क्या ना करें**

**क्या करें**

- अपने ब्रेक पैड की जांच करें और सुनिश्चित करें कि आपके पास साफ ब्रेक फ्लुइड है। ब्रेक पैड खराब होने या ब्रेक फ्लुइड में हवा या गंदगी होने के कारण भी एबीएस सिस्टम फेल हो सकता है।
- रेकमेंडेड ब्रेक फ्लुइड का इस्तेमाल करें।
- यदि ब्रेक गीला हो जाता है, तो धीमी गति से सवारी करते समय ब्रेक लगाएं ताकि उन्हें सूखने में मदद मिल सके।
- यह सलाह दी जाती है कि एबीएस की सर्विस अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप में की जानी चाहिए।
- अतिरिक्त राइडिंग निर्देशों के लिए अपने ओनर्स मैन्युअल को पढ़ें।
- पंचर/टायर बदलने के दौरान सेंसिंग रिंग को खराब/बेंड होने से बचाने के लिए टायर को सावधानी से निकालें ।
- केवल रेकमेंडेड बनावट, प्रकार, टायर के आकार का उपयोग करें और निर्धारित टायर प्रेशर बनाए रखें **(पेज 66)**।
- स्पीडोमीटर चेक करते रहें। एबीएस में खराबी होने पर, स्पीड डिस्प्ले शून्य पर जा सकता है।
- सही तरीके से ब्रेक लगाने और राइडिंग स्पीड बरक़रार रखने के लिए हमेशा आगे की वस्तुओं/वाहनों से पर्याप्त दूरी बनाए रखें।
- कुछ सतहों पर, जैसे कि उबड़-खाबड़ सड़क या बजरी वाली सड़क, ब्रेक लीवर में कठोर / पल्सेस का अनुभव हो सकता है। बेहतर प्रदर्शन प्राप्त करने के लिए लीवर का कठोर या पल्सेस वाला अनुभव होने पर भी लीवर को पूरी तरह से दबाए ।
- एबीएस में खराबी होने पर, ब्रेक सिस्टम सामान्य (नॉन-एबीएस) ब्रेक के रूप में काम करेगा। राइडर को सलाह दी जाती है कि व्हील को लॉक होने से रोकने के लिए हार्ड ब्रेक न लगाएं और अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप पर जाएं।

**क्या ना करें**

- वाहन में ब्रेक लगाते समय (जब भी एबीएस सक्रिय हो) मैकेनिकल नॉइज़ या लीवर की हल्की पल्सेस से न घबराएं। यह सामान्य हैं और दर्शाती हैं कि एबीएस काम कर रहा है।
- गीली या बरसात की स्थिति में और मोड़ लेते समय हार्ड ब्रेकिंग न लगाएं ।
- व्हील स्पीड सेंसर एयर गैप को स्वयं एडजस्ट न करें।
- मैन्युअल रूप (हाथ) से या किसी अन्य मोड का उपयोग करके एन्कोडर टीथ मोड़कर ठीक करने का प्रयास न करें। एक अलग एन्कोडर टीथ का इस्तेमाल न करें ।
- व्हील स्पीड सेंसर के पास कोई मैटेलिक पार्ट न डालें।
- एचईसीयू की सर्विस करने या पार्ट्स को अलग करने के लिए खोलने की कोशिश न करें।
- नॉन-जेन्यूइन पुरजे, जैसे के पैड, डिस्क, टायर आदि का उपयोग न करें।

## नोट

- असमान सतहों की सड़क (सड़क के स्तर पर तेज गिरावट या सतह उठना) पर सवारी करते समय एबीएस बिना ब्रेक लगाए सक्रिय हो सकता है। यह एबीएस का सामान्य कार्य है और इसका इसके प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ेगा।
- हो सकता है कि बैटरी डिस्चार्ज होने पर एबीएस काम न करे।
- एबीएस का संचालन सड़क की स्थिति, वाहन की हैंडलिंग और ब्रेक के संचालन से भी प्रभावित होता है। उचित गति से सवारी करना और सुरक्षा की एक मार्जिन छोड़ना राइडर की जिम्मेदारी है।
- एबीएस में एक इलेक्ट्रिक मोटर होती है, जिसकी आवाज़ सुनी जा सकती है।

### पार्किंग

वाहन को रोकने के बाद, ट्रांसमिशन को न्यूट्रल में करें, इग्निशन स्विच को "ऑफ़" (⊗) करें, वाहन मेन स्टैंड (ऑप्शनल) पर पार्क करें, स्टीयरिंग लॉक करें और चाबी निकाल लें ।

## सावधानी

- वाहन को पलटने से बचाने के लिए समतल ज़मीन पर पार्क करें।
- साइड स्टैंड पर पार्किंग करते समय पहला गियर लगाएं।

### टूल किट

टूल किट (1) सीट के नीचे है। कुछ आपातकालीन मरम्मत, मामूली एडजस्टमेंट्स और पार्ट्स को बदलने का काम किट में मौजूद टूल्स से किया जा सकता है।




(1) टूल किट

किट में निम्नलिखित टूल होते हैं :

- टूल बैग -1 No.
- +, - 2 नं. का ड्राइवर - 1 No.
- ग्रिप - 1 No.
- बॉक्स रिंच P16 x 14-1 No.
- हैंडल पिन स्पैनर - 1 No.
- पिन स्पैनर - 1 No.
- 3 नं. का क्रॉस पॉइंट स्क्रू ड्राइवर - 1 No.
- वायर हेलमेट सेट - 1 No.

### फर्स्ट एड किट

फर्स्ट ऐड किट (1) सीट के नीचे है। आपातकालीन स्थितियों में किट में मौजूद दवाइयों से प्राथमिक उपचार किया जा सकता है।

किट में निम्नलिखित आइटम हैं:

- एंटीसेप्टिक क्रीम-1 No.
- स्टर्लाइज्ड ड्रेसिंग-1 No.
- वाटर प्रूफ प्लास्टर-1 No.
- इलास्टिक बैंडेज-1 No.
- गॉज (लपेटने वाली बैंडेज)-1 No.
- स्टर्लाइज्ड इलास्टिक प्लास्टर-1 No.
- फर्स्ट एड बैग-1 No.




(1) फर्स्ट एड किट

**वाहन की सफाई और धुलाई**

वाहन धोने के लिए नीचे दिए गए स्टेप्स का पालन करें।

- हल्के पानी के स्प्रे से वाहन को गीला करें। मीटर कंसोल, मफलर आउटलेट, इलेक्ट्रिकल पार्ट्स और ऑयल कूलर पर उच्च दबाव वाले पानी का सीधा उपयोग न करें ।
- हल्के डिटर्जेंट और पानी के घोल से भीगे हुए कपड़े या स्पंज के इस्तेमाल से हेडलैंप लेंस और दूसरे प्लास्टिक पार्ट्स को साफ करें।
- साफ करने के बाद पानी को अच्छी तरह से स्प्रे करें।
- वाहन को सूखे मुलायम कपड़े से पोंछकर सुखाएं।

**नोट**

**हमारी अधिकृत डीलरशिप धुलाई के दौरान रेकमेंडेड डिटर्जेंट और मफलर कैप/प्लग और ऑयल कूलर कवर का प्रयोग करने जैसी उल्लिखित सभी सावधानियां बरतते है ताकि गुणवत्तापूर्ण धुलाई सुनिश्चित की जा सके।**

**⚠ चेतावनी**

**किसी भी इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स और ऑयल कूलर पर उच्च दबाव वाले पानी का सीधा उपयोग न करें ।**

## मेंटेनेंस

### मेंटेनेंस का महत्व

सुरक्षित किफायती और झंझट मुक्त राइडिंग के लिए एक सही से मेंटेन किया हुआ वाहन बहुत ज़रूरी है। इससे प्रदूषण भी कम होता है।

आपकी मदद करने के लिए, अपने वाहन की उचित देखभाल करें, निम्नलिखित पन्नों में नियमित शेड्यूल मेंटेनेंस के लिए एक मेंटेनेंस शेड्यूल और मेंटेनेंस रिकॉर्ड शामिल है।

ये निर्देश इस धारणा पर आधारित हैं कि वाहन का उपयोग विशेष रूप से इसके डिज़ाइन किए गए उद्देश्य के लिए किया जाएगा। लगातार हाई स्पीड ऑपरेशन या आम तौर पर गीली या धूल भरे माहौल में सवारी करने से मेंटेनेंस शेड्यूल में बताए गए अनुसार से भी ज़्यादा बार - बार सर्विस की ज़रुरत पड़ती है। अपनी व्यक्तिगत ज़रूरतों और उपयोग के लिए ज़रूरी रेकमेंडेशन के लिए अपने अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प डीलर से सलाह लें । अगर आप का वाहन पलट जाता है या दुर्घटना में शामिल हो जाता है, तो सुनिश्चित करें कि आप विस्तृत निरीक्षण के लिए अपने अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप में जाएँ।

## ⚠ चेतावनी

- **इस वाहन का अनुचित रखरखाव या सवारी करने से पहले किसी समस्या को ठीक करने में नाकाम होने पर दुर्घटना हो सकती है जिसमें आप गंभीर रूप से घायल हो सकते हैं या जान भी जा सकती है।**
- **हमेशा ओनर्स मैन्युअल में बताए गए इंस्पेक्शन और मेंटेनेंस रेकमेंडेशन्स और शेड्यूल्स का पालन करें।**

**मेंटेनेंस की सुरक्षा**

इस सेक्शन में कुछ ज़रूरी मेंटेनेंस दिशा निर्देश शामिल किए गए हैं। आप इनमें से कुछ कार्य दिए गए टूल के साथ कर सकते हैं (अगर आप के पास बेसिक मैकेनिकल स्किल्स हैं)।

दूसरे कार्य जो ज़्यादा मुश्किल हैं और जिनके लिए स्पेशल टूल्स की ज़रूरत होती है, वे प्रोफेशनल्स द्वारा बेहतर रूप से किए जाते हैं। इसपर ज़ोर दिया जाता है कि व्हील निकालने का काम सामान्य रूप से हीरो मोटोकॉर्प अधिकृत वर्कशॉप द्वारा किया जाना चाहिए।

आप इस मैन्युअल के निम्नलिखित पन्नों में कुछ सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा सावधानियों के बारे में जानेंगे।

हालांकि, हम आपको मेंटेनेंस के दौरान आने वाले हर संभावित ख़तरे के बारे में चेतावनी नहीं दे सकते हैं। सिर्फ़ आप ही तय कर सकते हैं कि आपको दिए गए कार्य को करना चाहिए या नहीं।

## ⚠ चेतावनी

- **मेंटेनेंस के निर्देशों और सावधानियों का ठीक से पालन करने में नाकाम होना आप को गंभीर रूप से घायल कर सकता है।**
- **इस ओनर्स मैन्युअल की प्रक्रियाओं और सावधानियों का हमेशा पालन करें।**

## सुरक्षा के लिए सावधानियाँ

- किसी भी मेंटेनेंस या मरम्मत शुरू करने से पहले सुनिश्चित करें कि इंजन "ऑफ़" है। यह कई संभावित ख़तरों को कम करने में मदद करेगा:
  - **इंजन एग्जॉस्ट से जहरीला कार्बन मोनोऑक्साइड निकलता हैं।**
    सुनिश्चित करें कि जब भी आप इंजन शुरू करें तो वहां पर्याप्त वेंटिलेशन हो।
  - **गर्म पार्ट्स से जलना ।**
    वाहन छूने से पहले इंजन और एग्जॉस्ट सिस्टम को ठंडा होने दें।
  - **चलने फिरने वाले पार्ट्स से लगने वाली चोटें ।**
    जब तक ऐसा करने का निर्देश न दिया जाए, तब तक इंजन को न चलाएं।
- शुरू करने से पहले ज़रूरी निर्देशों को पढ़ें और सुनिश्चित करें कि आपके पास ज़रूरी टूल्स और स्किल्स हों।
- वाहन को गिरने से बचाने के लिए, इसे मेन स्टैंड (ऑप्शनल)पर एक मजबूत, समतल सतह पर पार्क करें।
- आग या विस्फोट की संभावना को कम करने के लिए, पेट्रोल या बैटरी के आसपास काम करते समय सावधान रहें। पार्ट्स को साफ़ करने के लिए पेट्रोल के बदले सिर्फ़ नॉन-फ्लेमेबल सॉल्वेंट का प्रयोग करें। सिगरेट, चिंगारी और आग की लपटों को बैटरी और फ्यूल से जुड़े सभी हिस्सों से दूर रखें।

याद रखें कि आप का अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप आप के वाहन को सबसे अच्छी तरह जानता है और इसे बनाए रखने और मरम्मत करने के लिए पूरी तरह से तैयार रहता है।

बेहतर गुणवत्ता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए, यह सुझाव दिया जाता है की मरम्मत और रिप्लेसमेंट के लिए हीरो मोटोकॉर्प के जेन्युइन पार्ट्स का उपयोग करें।

## मेंटेनेंस शेड्यूल

प्रत्येक मेंटेनेंस शेड्यूल पीरियड में प्री-राइड इंस्पेक्शन **(पेज 36)** करें ।

**I: निरीक्षण C: साफ R: बदलें A: एडजेस्ट L: लुब्रिकेट O: ऑयल बदलना T: टॉप अप E: एमिशन चेक करें ।**

निम्नलिखित रखरखाव अनुसूची में आपके वाहन को बेहतरीन ऑपरेटिंग स्थिति में रखने के लिए आवश्यक सभी रखरखाव की जानकारी दी गई है। रखरखाव का काम उचित रूप से प्रशिक्षित और सुसज्जित तकनीशियनों द्वारा हीरो मोटोकॉर्प के मानकों और निर्देशों के अनुसार किया जाना चाहिए। आपकी अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप इन सभी आवश्यकताओं को पूरा करती है।

सुनिश्चित करें कि प्रत्येक पेड सर्विस पिछली सर्विस की तारीख से 90 दिनों या 3000 किमी के भीतर इनमें से जो भी पहले हो पर करा ली गई है।

जब तक मालिक के पास सम्बंधित टूल्स, तकनीकी जानकारी और तकनीकी रूप से योग्य न हो, तब तक आपके ऑथोराइज्ड हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप द्वारा सर्विस की जानी चाहिए ।

सुरक्षा के दृष्टि से, हम सलाह देते हैं कि यह कार्य केवल अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप द्वारा किये जाए।

**नोट-1** : हाई ओडोमीटर रीडिंग में, यहां दिये गए फ्रीक्वेंसी इंटरवल को दोहराएं।

**नोट-2** : यदि वाहन असामान्य रूप से गीले या धूल भरे क्षेत्रों में अधिक बार चलाया जाता है तो ज्यादा सर्विस की आवश्यक्ता होती है।

**नोट-3** : हर 12000 किमी में एक बार इंजन ऑयल बदलें। यदि ऑयल लेवल निचले लेवल मार्कपर या उसके करीब हो तो टॉप अप करें ।

**नोट-4** : हर 700 किमी पर ड्राइव चैन के निरीक्षण, सफाई, लुब्रिकेशन और एडजस्टमेंट के लिए अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप पर जाएँ।

**नोट-5** : प्रत्येक 2 साल में एक बार या 30000 km, जो भी पहले हो, ब्रेक फ्लूइड को बदलें।

**नोट-6** : निर्दिष्ट टॉर्क का निरीक्षण करें और उसे बनाए रखें।

**नोट-7** : व्हील बियरिंग फ्री प्ले का निरीक्षण करें, यदि आवश्यक हो तो बदल दें ।

**नोट-8** : प्रत्येक 2 साल या 30000 किमी में एक बार फ्रंट फॉर्क ऑयल बदलें, जो भी पहले आये उसमे बदलें ।

**नोट-9** : रियर सस्पेंशन माउंटिंग बुश में किसी भी तरह के प्ले का निरीक्षण करें, यदि आवश्यक हो तो बदल दें ।

**नोट-10** : आइडल स्थिति मे सीओ उत्सर्जन की जांच करें।

**नोट-11** : कैनिस्टर होजों को विकृति, क्षति या ढीले कनेक्शन और कैनिस्टर को दरारों या अन्य क्षति के लिए निरीक्षण करें ।

**नोट** : हमेशा वाहन धोने के बाद वाहन का पानी पोंछे। पानी को पूरी तरह से सुखाने के लिए साफ मुलायम कपड़े या दबाव वाली हवा का प्रयोग करें।

+91 8367796950- इस नंबर पर मिस्ड कॉल दें या

QR कोड स्कैन करें।

# मेंटेनेंस शेड्यूल

प्रिय ग्राहक,

आपके वाहन को सही चलने की स्थिति और स्वस्थ वातावरण में रखने के लिए, हम नीचे दिए गए शेड्यूल की सख़्त हिदायत देंगे। धूल भरे माहौल में गंभीर उपयोग या सवारी करने से वाहन को अधिक बार सर्विसिंग की आवश्यकता होगी।

| आइटम | | जो भी पहले आता हो | फ्री सर्विस पीरियड के दौरान | | | | | फ्री सर्विस के बाद हर सर्विस में | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सर्विस | 1st | 2nd | 3rd | 4th | 5th | | | | | |
| | | दिन | पहले 60 | अगले 100 | अगले 100 | अगले 100 | अगले 100 | | | | | |
| | | KM नोट-1 | 500-750 | 3000-3500 | 6000-6500 | 9000-9500 | 12000-12500 | 3000 | 6000 | 9000 | 12000 | 15000 |
| | फ्यूल लाइन्स | | I | I | I | I | I | I | | | | |
| | थ्रॉटल ऑपरेशन | | I, A | I, A | I, A | I, A | I, A | I, A | | | | |
| | एयर क्लीनर एलिमेंट | नोट-2 | C | C | C | C | R | C | | | R | |
| | स्पार्क प्लग | | I, C, A | I, C, A | I, C, A | I, C, A | R | I, C, A | | | R | |
| | वॉल्व क्लियरेंस | | I, A | I, A | I, A | I, A | I, A | I, A | | | | |
| | इंजन ऑयल | नोट-3 | O | I, T | I, T | I, T | O | I, T | | | O | |
| | इंजन ऑयल स्ट्रेनर स्क्रीन | | C | | | | C | | | | C | |
| | इंजन ऑयल सेंट्रीफ्यूगल फिल्टर | | C | | | | C | | | | C | |
| | इंजन ऑयल कूलर और होजेस | | I | I | I | I | I | I | | | | |
| | इलेक्ट्रिक स्टार्टर | | I | I | I | I | I | I | | | | |
| | ऑयल का फैलाव (सर्कुलेशन) | | I | I | I | I | I | I | | | | |
| | ड्राइव चैन | नोट-4 | I,C,L,A हर 700 किमी पर | | | | | I,C,L,A हर 700 किमी पर | | | | |
| | ड्राइव चैन स्लाइडर | | | I | I | I | I | I | | | | |

| आइटम | जो भी पहले आता हो | फ्री सर्विस पीरियड के दौरान | | | | | फ्री सर्विस के बाद हर सर्विस में | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सर्विस | 1st | 2nd | 3rd | 4th | 5th | | | | | |
| | दिन | पहले 60 | अगले 100 | अगले 100 | अगले 100 | अगले 100 | | | | | |
| | KM नोट-1 | 500-750 | 3000-3500 | 6000-6500 | 9000-9500 | 12000-12500 | 3000 | 6000 | 9000 | 12000 | 15000 |
| बैटरी वोल्टेज | | I | I | I | I | I | I | | | | |
| ब्रेक पैड का घिसाव | | I | I | I | I | I | I | | | | |
| ब्रेक फ्लुइड | नोट-5 | I | I | I | I | I | I | | | | |
| ब्रेक सिस्टम (ब्रेक पेडल) | | | I, C | | I, C | | | | I, C | | |
| स्टॉप लैंप स्विच | | I, A | I, A | I, A | I, A | I, A | I, A | | | | |
| हेडलैंप फोकस | | I, A | I, A | I, A | I, A | I, A | I, A | | | | |
| क्लच लीवर फ्री प्ले | | I, A | I, A | I, A | I, A | I, A | I, A | | | | |
| साइड स्टैंड / मेन स्टैंड (ऑप्शनल) | | L | L | L | L | L | L | | | | |
| साइड स्टैंड स्विच | | I, C | I, C | I, C | I, C | I, C | I, C | | | | |
| नट, बोल्ट् और फास्टनर्स | नोट-6 | I | I | I | I | I | I | | | | |
| व्हील बियरिंग | नोट-7 | I | I | I | I | I | I | | | | |
| व्हील / टायर्स | | I | I | I | I | I | I | | | | |
| स्टीयरिंग हेड बियरिंग | | I | I, A | I | I, A | I, L, A | I | I, A | | I, L, A | |
| फ्रंट सस्पेंशन / ऑयल लीकेज | नोट-8 | I | I | I | I | I | I | | | | |
| रियर सस्पेंशन | नोट-9 | I | I | I | I | I | I | | | | |
| मफलर (कैटेलिटिक कन्वर्टर) | नोट-10 | | | I, E | | I, E | | I, E | | | |
| इवैपोरेटिव एमिशन कंट्रोल सिस्टम | नोट-11 | I | I | I | I | I | I | | | | |

**स्पार्क प्लग का निरीक्षण**

**रेकमेंडेड प्लग :**

**चैंपियन REK6YC (फेडरल मोगुल)**

यह हीट रेंज नंबर का स्पार्क प्लग वाहन चलाने के लिए उपयुक्त है। हालांकि, यदि वाहन को हाई स्पीड से या गर्म क्लाइमेट में अधिक शक्ति के साथ लम्बे समय तक चलाना हो, तो स्पार्क प्लग को कोल्ड हीट रेंज नंबर में बदल देना चाहिए, यदि जरुरत पड़े, तो इस पर आप हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप से जानकारी ले सकते हैं।

- स्पार्क प्लग बेस के आसपास की गंदगी को साफ करें।
- नॉइज़ सप्रेसर कैप (1) को डिस्कनेक्ट करें और टूल बैग में दिए गए स्पार्क प्लग बॉक्स रिंच की मदद से स्पार्क प्लग (2) को निकालें।




**(1) नॉइज़ सप्रेसर कैप (2) स्पार्क प्लग**

- वियर के लिए स्पार्क प्लग इलेक्ट्रोड को आँखों से देखकर निरिक्षण करें । सेंटर इलेक्ट्रोड में चोकोर किनारे होने चाहिए और साइड इलेक्ट्रोड घिसा हुआ नहीं होना चाहिए। यदि वियर दिखाई दे या इंसुलेटर टूट गया हो या चिपक गया हो तो स्पार्क प्लग को रद्द कर दें ।
- वायर-टाइप फीलर गेज का उपयोग कर के जरूर देखें कि स्पार्क प्लग गैप **0.8-0.9 mm** है। यदि एडजस्टमेंट की जरुरत है, तो साइड इलेक्ट्रोड को सावधानी से बेंड करें। साथ ही यह भी जरूर देखें कि प्लग वॉशर अच्छी स्थिति में है।




- क्रॉस-थ्रेडिंग से बचने के लिए स्पार्क प्लग को प्लग वॉशर के साथ हाथ से लगाए ।
- वॉशर को कंप्रेस करने के लिए स्पार्क प्लग बॉक्स रिंच का उपयोग करें, प्लग सीट के बाद 1/2 मोड़ तक स्पार्क प्लग कस लें। यदि आप प्लग को फिर से इस्तेमाल कर रहे हैं, तो प्लग सीट के बाद इसे केवल 1/8-1/4 घुमाना चाहिए।

**! सावधानी**

- **स्पार्क प्लग को न निकालें और वाहन पर इंजन को क्रैंक करके स्पार्क की जांच न करें क्योंकि इससे आग या विस्फोट हो सकता है।**
- **कभी भी अनुचित हीट रेंज के स्पार्क प्लग का उपयोग न करें।**
- **सिलिंडर हेड में डमी स्पार्क प्लग लगाएं और स्पार्क की जांच करें।**
- **हमेशा रेसिस्टर टाइप स्पार्क प्लग का इस्तेमाल करें।**

**इंजन ऑयल**

हीरो जेन्युइन इंजन ऑयल या रेकमेंडेड ग्रेड ऑयल का इस्तेमाल करें ।

**ब्रांड : हीरो एक्जोटिक+**

**ग्रेड : SAE 10W 30 SL MA2 फुली सिंथेटिक PAO पर आधारित ऑयल**

द्वारा निर्मित :

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड।

**ऑयल की क्षमता : 1400 ml**

**इंजन ऑयल लेवल का निरीक्षण / टॉप अप की प्रक्रिया**

रोज़ वाहन चलाने से पहले इंजन ऑयल लेवल को देखें। ऑयल लेवल को नापने के लिए ऑयल लेवल डिपस्टिक (1) राइट क्रैंककेस कवर पर होना चाहिए। ऑयल के लेवल को ऑयल लेवल डिपस्टिक के अप्पर (2) और लोअर (3) लेवल मार्क्स के बीच रखना चाहिए।




**(1) ऑयल लेवल डिपस्टिक (2) अप्पर लेवल मार्क (3) लोवर लेवल मार्क**

- यदि ऑयल का लेवल लोअर लेवल मार्क्स या हर 3000 km पर जो भी पहले हो, तक पहुँच जाता है, तो टॉप अप करें।
- वाहन को मेन स्टैंड (ऑप्शनल) पर पार्क करें ।
- इंजन चालू करें और इसे 3-5 मिनट के लिए आइडल रहने दें।
- इंजन ऑयल चेक बोल्ट (4) को थोड़ा ढीला करें और सिलेंडर हेड कवर में इंजन ऑयल एंट्री की जांच करें।




**(4) इंजन ऑयल चेक बोल्ट**

- ऑयल सर्कुलेशन चेक करने के बाद इंजन ऑयल चेक बोल्ट को कस लें।
- इंजन बंद करें और 2-3 मिनट रुकें।
- ऑयल लेवल डिपस्टिक निकालें, इसे साफ करें और इसे बिना पेंच किए डालें।
- ऑयल लेवल डिपस्टिक निकालें और ऑयल लेवल की जाँच करें।
- यदि जरुरी हो तो, ऑयल को अप्पर लेवल मार्क तक डालें। जरूरत से ज्यादा न भरें।
- ऑयल बदलने के दौरान (जब राइट क्रैंककेस कवर नहीं निकाला जाता है) भरी जाने वाली ऑयल की मात्रा 1200 मिली (लगभग) है।

• नए ओ-रिंग के साथ ऑयल लेवल डिपस्टिक को फिर से इंस्टॉल करें और ऑयल लीक्स की जाँच करें।

**इंजन ऑयल बदलना / ऑयल सर्कुलेशन का निरीक्षण**

• इंजन स्टार्ट करें, इसे कुछ मिनट तक गर्म करें और फिर इसे बंद कर दें।
• ऑयल के जमने (रुकने) तक कुछ मिनट रुकें।
• बैश प्लेट बोल्ट (1) और बैश प्लेट (2) निकालें।
• ऑयल निकालने के लिए ऑयल लेवल डिपस्टिक, ड्रेन बोल्ट (3) और सीलिंग वॉशर (4) को निकालें ।
• ऑयल पूरी तरह से निकल जाने के बाद, एक नए सीलिंग वॉशर (4) के साथ ड्रेन बोल्ट (3) को फिर से इंस्टॉल करें।
• ऑयल बदलने के दौरान रेकमेंडेड ग्रेड ऑयल 1200 मिलीलीटर (लगभग) के साथ ऑयल फिलर होल से क्रैंककेस भरें (जब राइट क्रैंककेस कवर नहीं निकाला जाता है) ।




**(1) बैश प्लेट बोल्ट** **(2) बैश प्लेट**
**(3) ड्रेन बोल्ट** **(4) सीलिंग वॉशर**

• एक नए ओ-रिंग के साथ ऑयल लेवल डिपस्टिक को फिर से इंस्टॉल करें।
• बैश प्लेट इनस्टॉल करें।
• इंजन चालू करें और इसे कुछ मिनटों के लिए आइडल रहने दें।
• इंजन बंद कर दें और इंजन के तेल को जमने (रुकने) दें।
• ऑयल लेवल की दोबारा जाँच करें।
• जरूर देखें कि ऑयल का लेवल ऑयल लेवल डिपस्टिक पर "अप्पर" लेवल मार्क पर है और वाहन एक सीधी स्थिति में है और कोई ऑयल लीक नहीं है।

**! सावधानी**

• **बहुत कम ऑयल में इंजन चलाने से इंजन को बहुत ज्यादा नुकसान हो सकता है।**
• **अत्यधिक ऑयल के साथ इंजन चलाने से स्पार्क प्लग ख़राब हो सकता है और प्रदर्शन में कमी आ सकती है।**
• **इंजन ऑयल इंजन के प्रदर्शन और सर्विस लाइफ पर असर करने वाला एक प्रमुख कारण है। नॉन-डिटर्जेंट, वेजिटेबल या कास्टर पर आधारित रेसिंग ऑयल की मंजूरी नहीं दी जाती है।**

**ऑयल फिल्टर स्क्रीन और सेंट्रीफ्यूगल फिल्टर की सफाई**

• पूरी तरह से इंजन ऑयल निकाल लें **(पेज 50)।**
• किक स्टार्टर पेडल (1) निकालें।
• क्लच केबल (2) को डिस्कनेक्ट करें और एग्जॉस्ट मफलर (3) को निकालें ।
• स्विंगआर्म नट (4), राइडर फुटरेस्ट ब्रैकेट बोल्ट (5), राइडर फुटरेस्ट ब्रैकेट कवर बोल्ट (6) और फुटरेस्ट ब्रैकेट असेंबली (7) को निकालें।
• ऑयल कूलर होज (8) के बोल्ट (9) निकालकर राइट क्रैंककेस कवर (10) को निकालें।




(1) किक स्टार्ट पेडल (2) क्लच केबल
(3) एग्जॉस्ट मफलर (4) स्विंगआर्म नट
(5) राइडर फुटरेस्ट ब्रैकेट बोल्ट
(6) राइडर फुटरेस्ट ब्रैकेट कवर बोल्ट
(7) फुटरेस्ट ब्रैकेट असेंबली
(8) ऑयल कूलर होजेस (9) ऑयल कूलर होजेस बोल्ट
(10) राइट क्रैंककेस कवर

- डॉवेल पिन्स (11) और गैसकेट (12) को निकालें।




(10) डोवेल पिन्स (11) गैस्केट
(12) ऑयल फिल्टर स्क्रीन
(13) सेन्ट्रीफ्यूगल फिल्टर कवर

- ऑयल फिल्टर स्क्रीन (13) निकालें और इसे साफ नॉन फ्लेमेबल या हाई फ्लैश प्वाइंट सॉल्वेंट (केरोसिन) से धोएं।
- फ़िल्टर स्क्रीन को फिर से इनस्टॉल करें जिसमें पतला एंड सामने की ओर हो।
- गैस्केट (14) के साथ सेन्ट्रीफ्यूगल फिल्टर कवर निकालें और नॉन फ्लेमेबल या हाई फ्लैश प्वाइंट सॉल्वेंट (केरोसिन) से सेन्ट्रीफ्यूगल फिल्टर (15) को साफ करें।




(15) सेन्ट्रीफ्यूगल फिल्टर

- नए गैस्केट के साथ सेन्ट्रीफ्यूगल फिल्टर कवर को फिर से इनस्टॉल करें।
- नए डॉवेल पिन्स और गैस्केट, राइट क्रैंककेस कवर इनस्टॉल करें और क्लच केबल को कनेक्ट करें।
- ऑयल कूलर होज को इनस्टॉल करें और उसके बोल्ट को कस लें ।
- फुटरेस्ट ब्रैकेट असेंबली इनस्टॉल करें।
- राइडर फुटरेस्ट ब्रैकेट कवर बोल्ट, राइडर फुटरेस्ट ब्रैकेट बोल्ट और स्विंगआर्म नट को इनस्टॉल करें और कस लें।

**स्विंगआर्म नट टॉर्क: 5.4 kgf-m**

- एग्जॉस्ट मफलर लगाएं और क्लच केबल कनेक्ट करें।

• किक स्टार्टर पेडल इनस्टॉल करें।
• क्रैंककेस को स्पेसिफिकेशन के अनुसार साफ़ इंजन ऑयल से भरें **(पेज 49)।**

**नोट**

- **मेंटेनेंस शेड्यूल में दिए गए अनुसार फिल्टर को साफ करें ।**
- **एक बार निकालें जाने के बाद गैस्केट और डॉवेल पिन को नए से बदलना सुनिश्चित करें**

**! सावधानी**

**सुनिश्चित करें कि किसी भी डैमेज या लीकेज से बचने के लिए ऑयल कूलर होजेस को निकालते समय पर्याप्त सावधानी बरती जानी चाहिए ।**

## इंजन ऑयल कूलर




**(1) इंजन ऑयल कूलर**

**! सावधानी**

- **इंजन ऑयल कूलर (1) की सफाई के लिए किसी कठोर वस्तुओं का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए, अन्यथा फिन क्षतिग्रस्त हो जाएंगे ।**
- **ऑयल कूलर को उच्च दबाव से नहीं धोना चाहिए अन्यथा इससे फिन को नुकसान पहुंचा सकता है, फिन के साथ किसी भी प्रकार के शारीरिक संपर्क से बचना चाहिए।**

- **गर्म पार्ट्स (मफलर, ऑयल कूलर, इंजन) के बीच कोई कपड़ा या ज्वलनशील वस्तु रखने से बचें।**

## एयर क्लीनर

### एयर क्लीनर एलिमेंट का निरीक्षण

सुरक्षा सावधानियों का ध्यान रखें **(पेज 44)।**

एयर क्लीनर एलिमेंट ड्राई पेपर प्लेटेड प्रकार का है, इसे नियमित अंतराल **(पेज 45)** पर सर्विस किया जाना चाहिए, यदि वाहन असामान्य रूप से गीले या धूल भरे क्षेत्रों में चलाया जाता है तो कम अंतराल में सर्विस करें ।

• सीट निकालें **(पेज 35)।**
• राइट साइड कवर स्क्रू (1), साइड कवर (2) को ग्रोमेट (3) से लग को अलग करके निकालें और स्लॉट (4) से टैब को अलग करने के लिए कवर को पीछे की ओर स्लाइड करें।




| | |
|---|---|
| **(1) राइट साइड कवर स्क्रू** | **(2) साइड कवर** |
| **(3) लग / ग्रोमेट** | **(4) टैब / स्लॉट** |

• एयर क्लीनर कवर स्क्रू (5) और कवर (6) निकालें।
• एयर क्लीनर हाउसिंग (8) से एयर क्लीनर एलिमेंट (7) को निकालें ।




(5) एयर क्लीनर कवर स्क्रू (6) एयर क्लीनर कवर




(7) एयर क्लीनर एलिमेंट (8) एयर क्लीनर हाउसिंग

- एयर क्लीनर एलिमेंट की सफाई
  - धूल को निकालने के लिए एलिमेंट को धीरे से टैप करके साफ करें।
  - एयर क्लीनर के हाउसिंग साइड (10) से एक एयर नोजल (9) का उपयोग करके बिना नमी वाली कम्प्रेस्ड एयर इस्तेमाल कर के उस बची हुई धूल को उड़ा दें।
  - अगर एयर क्लीनर एलिमेंट अत्यधिक गंदा, फटा हुआ या क्षतिग्रस्त हो तो उसे बदल दें।




(9) एयर नोजल (10) हाउसिंग साइड

**सावधानी**

- **एयर क्लीनर एलिमेंट को कभी न धोएं। जैसा कि समझाया गया है, धूल को साफ करने के लिए केवल एयर क्लीनर एलिमेंट में हवा मारें । हर 12000 किमी में एक बार एयर क्लीनर एलिमेंट बदलें।**
- **अगर यह बहुत गंदा हो जाए, निचली सतह या सीलिंग एरिया पर कुछ नुकसान हो जाए तो इसे पहले ही बदल दें।**

- एयर क्लीनर एलिमेंट इंस्टॉल करें।
- एयर क्लीनर कवर इंस्टॉल करें।
- राइट साइड कवर इनस्टॉल करें ।
- सीट इंस्टॉल करें **(पेज 35)** ।

**एयर क्लीनर ड्रेन ट्यूब क्लीनिंग**

ड्रेन ट्यूब (1) निकालें और जमा को एक कंटेनर में निकाल दें।

बारिश में या फुल थ्रॉटल में सवारी करते समय ऊपर बताई गयी प्रक्रिया का बार बार पालन करें।

**नोट**

**हमेशा सुनिश्चित करें की ड्रेन ट्यूब में जमा हुआ निकालने के बाद फिर से इनस्टॉल किया गया हैं ।**




(1) ड्रेन ट्यूब




(1) क्रैंकशाफ्ट होल कैप (2) टाइमिंग होल कैप
(3) 'T' मार्क (4) इंडेक्स मार्क

**वॉल्व क्लियरेंस का एडजस्टमेंट**

ज्यादा वॉल्व क्लियरेंस से आवाज होगी और कम या नो क्लियरेंस वॉल्व को बंद होने से रोकेगा और वॉल्व डैमेज और पावर लॉस का कारण बनेगा । बताए गए अंतराल **(पेज 45)** पर वॉल्व क्लियरेंस की जाँच करें।

**नोट**

**इंजन ठंडा होने पर वॉल्व क्लियरेंस की जाँच या एडजस्टमेंट किया जाना चाहिए। इंजन का तापमान बढ़ने पर क्लियरेंस बदल जाएगा ।**

- फ्यूल टैंक को निकालें ।
- क्रैंकशाफ्ट होल कैप (1) और टाइमिंग होल कैप (2) निकालें।
- सिलेंडर हेड कवर निकालें ।
- फ्लाईव्हील को एंटिक्लॉकवाइस घुमाएँ जब तक कि फ्लाईव्हील पर दिया हुआ "T" मार्क (3) लेफ्ट क्रैंककेस कवर पर दिये हुवे इंडैक्स मार्क (4) के साथ मेल न खाए। इस पोजीशन में पिस्टन या तो कम्प्रेशन या एग्जॉस्ट स्ट्रोक पर होगा ।

एडजस्टमेंट तब किया जाना चाहिए जब पिस्टन टॉप डेड सेंटर पर हो और इनलेट और एग्जॉस्ट वॉल्व दोनों बंद हों।

रॉकर आर्म्स को हिलाने से इस स्थिति का पता लगाया जा सकता है। यदि वे फ्री हैं, तो यह एक संकेत है कि वॉल्व बंद हैं और पिस्टन कम्प्रेशन स्ट्रोक में है। यदि वे टाइट हैं, तो वॉल्व खुले हैं, फ्लाईव्हील $360^0$ एंटीक्लॉकवाइस घुमाएं और इंडेक्स मार्क के साथ 'T' मार्क को फिर से अलाइन करें ।

- एडजस्टिंग स्क्रू (6) और वॉल्व स्टेम (7) के बीच फीलर गेज (5) डालकर क्लियरेंस चेक करें।

**स्टैण्डर्ड क्लियरेंस (ठंडी स्थिति में)**

**इनटेक : 0.08 mm -0.01/+0.02**

**एग्जॉस्ट : 0.12 mm -0.01/+0.02**

- यदि एडजस्टमेंट की आवश्यकता है, तो लॉक नट (8) को ढीला करके एडजस्ट करें और एडजस्टिंग स्क्रू को तब तक घुमाएं जब तक कि फीलर गेज पर थोड़ा खिंचाव न आए।
- लॉक नट को कसने के बाद, फिर से क्लियरेंस की जांच करें।




(5) फीलर गेज (6) एडजस्टिंग स्क्रू
(7) वॉल्व स्टेम (8) लॉक नट



इंस्टॉल करने के लिए निकालने की प्रक्रिया को उल्टा दोहराएं।

**नोट**

- **फीलर गेज इंसर्ट करने से पहले, फीलर गेज को नुकसान से बचाने के लिए फीलर गेज पर थोड़ा सा इंजन ऑयल लगाएँ।**
- **सुनिश्चित करें कि दोनों इनलेट वॉल्वों का वॉल्व क्लीयरेंस एडजस्टमेंट स्पेसिफिकेशन के अनुसार एक समान होना चाहिए।**
- **सुनिश्चित करें कि दोनों एग्जॉस्ट वॉल्वों का वॉल्व क्लीयरेंस एडजस्टमेंट स्पेसिफिकेशन के अनुसार एक समान होना चाहिए।**

## क्लच लीवर फ्री प्ले एडजस्टमेंट

यदि गियर में शिफ्ट होने पर वाहन रुक जाता है या सरकने लगता है या क्लच स्लिप हो जाता है, जिससे एक्सलरेशन इंजन की गति से पीछे हो जाता है तब क्लच एडजस्टमेंट की आवश्यकता हो सकती है।

सामान्य क्लच लीवर फ्री प्ले (1) लीवर (2) पर 10-20 mm है।




(1) फ्री प्ले : 10-20 mm (2) क्लच लीवर




(3) लॉक नट (4) क्लच केबल एडजस्टिंग नट
(A) फ्री प्ले कम करना (B) फ्री प्ले बढ़ाना

- फ्री प्ले को एडजस्ट करने के लिए, लॉक नट (3) को ढीला करें। सही फ्री प्ले प्राप्त करने के लिए एडजस्टिंग नट (4) को घुमाएँ। लॉक नट को कस लें और एडजस्टमेंट की जाँच करें।
- इंजन स्टार्ट करें, क्लच लीवर दबाएँ और गियर में शिफ्ट करें। सुनिश्चित करें कि इंजन रुकता नहीं है, और वाहन सरकता नहीं है। क्लच लीवर को धीरे-धीरे छोड़ें और थ्रॉटल को खोलें। वाहन स्मूथली स्टार्ट और एक्सलरेट होना चाहिए ।

**नोट**

**यदि सही एडजस्टमेंट प्राप्त नहीं हो सकता है या क्लच ठीक से काम नहीं करता है, तो अपने अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप में जाएँ।**

### अन्य जाँच

- क्लच केबल की जाँच करें कि कहीं उसमें गाँठ या वियर के निशान तो नहीं, जो चिपकने या खराब होने के कारण हो सकते हैं।
- क्लच केबल के मॉडल की जाँच करें। जेन्युइन क्लच केबल्स का इस्तेमाल करें।
- क्लच केबल रूटिंग की जाँच करें।

### थ्रॉटल ऑपरेशन

### केबल का निरिक्षण

फुल्ली ओपन से फुल्ली क्लोज्ड पोज़िशन में थ्रॉटल ग्रिप के स्मूथ रोटेशन की जाँच करें। फुल्ली लेफ्ट और फुल्ली राइट स्टीयरिंग पोज़िशन की जाँच करें। थ्रॉटल ग्रिप डाउन से थ्रॉटल बॉडी तक थ्रॉटल केबल का निरिक्षण करें । यदि केबल किंक है, फटा हुआ है या गलत तरीके से रूट किया गया है, तो इसे बदलना या फिर से रूट किया जाना चाहिए। ग्रिप रोटेशन का स्टैंडर्ड थ्रॉटल ग्रिप फ्री प्ले लगभग 2-6 mm है।




(1) फ्री प्ले : 2-6 mm

### फ्री प्ले एडजस्टमेंट

### (क) हैंडलबार साइड पर

फ्री प्ले को एडजस्ट करने के लिए, बूट (2) को स्लाइड करें, फिर लॉक नट (4) को ढीला करें। फ्री प्ले को एडजस्ट करने के लिए एडजस्टर (3) घुमाएं । एडजस्टमेंट के बाद, लॉक नट को कस लें और बूट को एडजस्टर और लॉकनट पर सुरक्षित रूप से स्लाइड करें।




(2) बूट (3) एडजस्टर (4) लॉक नट
(A) फ्री प्ले कम करना (B) फ्री प्ले बढ़ाना

अगर ज़रूरी फ्री प्ले नहीं मिलता है, तो थ्रॉटल बॉडी साइड पर फ्री प्ले को एडजस्ट करें।

**(ख) थ्रॉटल बॉडी साइड पर**

राइट साइड कवर को निकालें **(पेज 52)।**

लॉक नट (5) को ढीला करें। ज़रूरी फ्री प्ले पाने के लिए एडजस्टिंग नट (6) को घुमाए । लॉक नट को कस लें और एडजस्टमेंट की जांच करें।




**(5) लॉक नट (6) एडजस्टर**
**(A) फ्री प्ले कम करना (B) फ्री प्ले बढ़ाना**

**ड्राइव चैन का स्लैकनेस**

ड्राइव चैन की सर्विस लाइफ़ उचित लुब्रिकेशन और एडजस्टमेंट पर निर्भर करती है।

खराब मेंटेनेंस से ड्राइव चैन और स्प्रॉकेट समय से पहले वियर या ख़राब हो सकते हैं।

प्री-राइड इंस्पेक्शन **(पेज 36)** के पार्ट के रूप में ड्राइव चैन (1) की जाँच और लुब्रिकेट किया जाना चाहिए। अधिक इस्तेमाल होने पर, या जब वाहन विशेष रूप से धूल भरी जगहों में चलाया गया है, तब बार बार मेंटेनेंस की आवश्यकता होगी।

**निरिक्षण**

- इंजन को "ऑफ" करें, वाहन को उसके सर्विस स्टैंड या मेन स्टैंड (ऑप्शनल) पर पार्क करें और ट्रांसमिशन को न्यूट्रल में करें।
- ड्राइव चैन स्लैक (2) को स्प्रॉकेट्स के बीच में लोअर रन मिडवे में चेक किया जाना चाहिए। ड्राइव चैन को हाथ से ऊपर और नीचे करें और चैन स्लैक को हाथ से 30-35 मिमी वर्टिकल मूवमेंट में एडजस्ट किया जाना चाहिए।




**(1) ड्राइव चैन**
**(2) ड्राइव चैन स्लैक : 30-35 mm**

- व्हील को घुमाएं और ड्राइव चैन स्लैक को चेक करें। इस प्रक्रिया को बार-बार दोहराएं। ड्राइव चैन स्लैक स्थिर रहते हुवे (30-35 mm) रहना चाहिए। यदि चैन केवल कुछ सेक्शन में ढीली है, तो कुछ लिंक किंक या बाइंडिंग हैं। बार-बार लुब्रिकेशन करके बाइंडिंग और किंकिंग को खत्म किया जा सकता है।

**नोट**

**ड्राइव चैन स्लैक को आपके अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप में स्पेसिफिकेशन के अनुसार एडजस्ट किया जाना चाहिए।**

- पीछे के टायर को धीरे-धीरे घुमाएं और निम्नलिखित में से किसी भी स्थिति के लिए ड्राइव चैन और स्प्रॉकेट का निरीक्षण करें।

**ड्राइव चैन**

- ख़राब रोलर्स
- ढीले पिन्स
- सूखे या जंग लगे लिंक्स
- किंकड या बाइंडिंग लिंक्स
- अत्यधिक घिसाव (वियर)
- अनुचित एडजस्टमेंट
- ख़राब या मिसिंग ओ-रिंग।

**स्प्रॉकेट्स**

- ज्यादा घिसे हुवे टीथ
- टूटे या डैमेज हुवे टीथ

यदि ड्राइव चैन ने रोलर्स, ढीले लिंक्स या मिसिंग ओ-रिंग्स को ख़राब कर दिया है, तो इसे बदल दें। यदि चैन सूखी या जंग लगी है, तो उसे लुब्रिकेट किया जाना चाहिए। यदि लिंक्स किंकड या बाइंडिंग हैं तो चैन को लुब्रिकेट करें। यदि लुब्रिकेशन के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होता है, तो चैन को बदल दें । यदि ड्राइव चैन या स्प्रॉकेट अत्यधिक वॉर्न (घिसे हुए) या डैमेज हो गए हैं, तो उन्हें रिप्लेस कर दिया जाना चाहिए।




**सावधानी**

**हमेशा ड्राइव चैन और स्प्रॉकेट को एक सेट के रूप में बदलें। नहीं तो नया पार्ट समय से पहले खराब हो जाएगा।**

**एडजस्टमेंट**

यदि आवश्यक हो तो हर 700 किमी पर ड्राइव चैन स्लैक की जाँच और एडजस्टमेंट किया जाना चाहिए।
जब निरंतर उच्च गति या लगातार तेजी से एक्सलरेशन करने की स्थितियों में संचालित किया जाता है, तो चैन को लगातार एडजस्टमेंट की आवश्यकता हो सकती है।
यदि ड्राइव चैन को एडजस्टमेंट की आवश्यकता है, तो नीचे दी गई प्रक्रियाओं का पालन करें:

- ट्रांसमिशन न्यूट्रल में और इग्निशन स्विच "ऑफ" कर के वाहन को उसके सर्विस स्टैंड या मेन स्टैंड (ऑप्शनल) पर पार्क करें।
- रियर एक्सल नट (1) को ढीला करें।




**(1) रियर एक्सल नट**

- ड्राइव चैन लॉक नट (3) को दोनों तरफ से ढीला करें।
- एडजस्टिंग नट (4) को समान संख्या में घुमाएं जब तक कि सही ड्राइव चैन स्लैक प्राप्त न हो जाए। चैन के स्लैक को कम करने के लिए एडजस्टिंग नट को क्लॉकवाइज और बढ़ाने के लिए एंटीक्लॉकवाइज घुमाएं।

• स्विंगआर्म के दोनों किनारों पर एडजस्टिंग स्लॉट्स के रियर एज (6) के साथ चैन एडजस्टर इंडेक्स मार्क (5) को समान रूप से अलाइन करें।




| | |
|---|---|
| (2) एक्सल | (3) ड्राइव चैन लॉक नट |
| (4) ड्राइव चैन एडजस्टिंग नट | (5) इंडेक्स मार्क |
| (6) एडजस्टिंग स्लॉट का रियर एज | |

• रियर एक्सल नट को कस लें।

**टॉर्क : 6.8 kgf-m**

• ड्राइव चैन स्लैक को फिर से चेक करें।

• यदि ड्राइव चैन स्लैक के एडजस्टमेंट के बाद, एक्सल (2) एडजस्टमेंट स्लॉट (6) के रियर एज को छूता है। तो चैन किट को बदलना चाहिए ।

**चेतावनी**

**यदि इंस्टॉलेशन के लिए टॉर्क रिंच का उपयोग नहीं किया जाता है, तो उचित असेंबली की जांच के लिए जल्द से जल्द अपनी अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप पर जाएं ।**

**सफाई और लुब्रिकेशन**

यदि चैन सूखी दिखाई दे तो हर 700 किमी या उससे पहले लुब्रिकेट करें।

• इंजन को "ऑफ" करें, ट्रांसमिशन न्यूट्रल में कर के वाहन को उसके सर्विस स्टैंड या मेन स्टैंड (ऑप्शनल) पर पार्क करें और । अच्छे से सफाई करने के लिए साइड स्टैंड को खोले ।

• ड्राइव चैन को उसकी पूरी लंबाई में साफ करने के लिए व्यावसायिक रूप से मिलने वाले चैन क्लीनर स्प्रे को स्प्रे करें।

**नोट**

**सुनिश्चित करें कि उपयोग किया गया चैन क्लीनर और लुब्रीकेंट ओ-रिंग चैन पर उपयोग के लिए रेकमेंडेड हैं, अन्यथा ओ-रिंग खराब हो सकते हैं, विफल हो सकते हैं और अपने सीलिंग के गुणों को खो सकते हैं।**

• ड्राइव चैन के अगले भाग को खोलने के लिए पीछे के टायर को पीछे की ओर घुमाएं और दूसरे स्टेप को तब तक दोहराएं जब तक कि पूरी ड्राइव चैन साफ न हो जाए।

• स्प्रे को लगभग पांच मिनट तक सूखने दें।

• जिद्दी गंदगी को हटाने के लिए, रोलर्स और साइड प्लेट्स को नरम नायलॉन ब्रश से साफ़ करें।

• ऑयल कैन का उपयोग करके चैन की पूरी लंबाई के हैंगर साइड की तरफ SAE 90 ग्रेड का ऑयल लगाएँ।

• बुश और रोलर के अंदर लुब्रीकेंट जाने के लिए 7-10 मिनट तक प्रतीक्षा करें और एक साफ कपड़े का उपयोग करके चैन और आस-पास के हिस्सों से अतिरिक्त लुब्रीकेंट को पोंछ लें ।

**नोट**

**अतिरिक्त लुब्रीकेंट अगर पोंछा नहीं जाता है, तो ड्राइव चैन पर धूल, रेत और गंदगी का संचय होने में मदद मिलेगी, इससे घिसाव (वियर) में वृद्धि होगी और चैन घूमने के कारण इसका वाहन पर भी छिड़काव होगा ।**

## सावधानी

- स्टीम क्लीनिंग, उच्च दबाव वाले वॉशर और कुछ सॉल्वैंट्स ड्राइव चैन ओ-रिंग को नुकसान पहुंचा सकते हैं।
- लुब्रिकेशन और सफाई करते समय पीछे के टायर को एक हाथ से पकड़ें ताकि आपकी उंगली चैन और स्प्रॉकेट के बीच फंस न जाए।
- बारिश में या अत्यधिक धूल, मिट्टी या रेत वाले सतह में वाहन चलाने के बाद, जब भी संभव हो, चैन को साफ और लुब्रिकेट करें।
- ड्राइव चैन लिंक प्लेट्स के बीच ओ-रिंग्स से फिटेड है। यह ओ-रिंग अपनी सर्विस लाइफ को बढ़ाने के लिए चैन के अंदर ग्रीस बनाए रखते हैं। हालांकि, चैन को एडजस्ट करने, लुब्रिकेट करने, धोने और बदलने में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।
- यदि चैन अत्यधिक गंदी है, तो इसे लुब्रिकेशन से पहले निकालना चाहिए और साफ किया जाना चाहिए। आपकी अपनी सुरक्षा के लिए, हम सलाह देते हैं कि सर्विस अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप द्वारा ही की जाए।

**ड्राइव चैन स्लाइडर का निरीक्षण**

(**पेज 45** पर "मेंटेनेंस शेड्यूल" देखें।)

वियर के लिए चैन स्लाइडर (1) की जांच करें, वियर की सीमा तक पहुंचने पर चैन स्लाइडर को बदला जाना चाहिए। बदलने के लिए, अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप में जाएं ।







(1) चैन स्लाइडर (2) वियर लिमिट

**ब्रेक्स**

सुरक्षा की सावधानियों का संदर्भ लें **(पेज 44)।**

**(क) फ्रंट ब्रेक**

**मास्टर सिलिंडर / रिजर्वायर (1)**

**स्थान :** राइट हैंडलबार

**रेकमेंडेड ब्रेक फ्लुइड :**

DoT-4 / DoT-3.




(1) मास्टर सिलिंडर / रिजर्वायर (2) लोअर मार्क

**फ्लुइड लेवल -** सुनिश्चित करें कि जमीन के समानांतर मास्टर सिलिंडर से चेक किया जाने पर ब्रेक फ्लुइड लेवल मास्टर सिलिंडर पर "LWR" (लोअर) मार्क (2) से नीचे न आए । पैड वियर की भरपाई के लिए पिस्टन मूवमेंट के कारण लेवल धीरे-धीरे कम हो जाता है। यदि लेवल अचानक कम हो जाता है, तो ब्रेक सिस्टम में लीकेज की जाँच करें और अपने अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप से सलाह लें ।




(3) फ्रंट ब्रेक कैलिपर (4) ब्रेक पैड (5) डिस्क

**नोट**

- **फ्रंट ब्रेक कैलिपर (3), ब्रेक पैड्स (4) और डिस्क (5) के बीच जमी हुई गंदगी और कीचड़ को वाटर जेट से साफ करें।**
- **आवश्यक होने पर मास्टर सिलेंडर/रिजर्वायर को रिफिल करने के लिए हमेशा अपने अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप से संपर्क करें। DoT 3 और DoT 4 ब्रेक फ्लुइड को न मिलाएं।**
- **बेहतर ब्रेकिंग प्रदर्शन के लिए हमेशा रेकमेंडेड टायरों (पेज 64) का उपयोग करें।**

**(ख) रियर ब्रेक**

सुरक्षा की सावधानियों का संदर्भ लें **(पेज 44)।**

रिजर्वायर (1)

**स्थान :** पिलियन फुटरेस्ट के पास ।

**रेकमेंडेड ब्रेक फ्लुइड :**

DoT-4/DoT-3.




(1) रिजर्वायर (2) लोअर मार्क

**फ्लुइड लेवल -** सुनिश्चित करें कि जमीन के समानांतर ब्रेक फ्लुइड लेवल रिजर्वायर पर "LOWER" मार्क (2) से नीचे न आए । पैड वियर की भरपाई के लिए पिस्टन मूवमेंट के कारण लेवल धीरे-धीरे कम हो जाता है। यदि लेवल अचानक कम हो जाता है, तो ब्रेक सिस्टम में लीकेज की जाँच करें और अपने अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप से सलाह लें ।




(3) रियर ब्रेक कैलिपर (4) ब्रेक पैड्स (5) डिस्क

**नोट**

- **रियर ब्रेक कैलिपर (3), ब्रेक पैड्स (4) और डिस्क (5) के बीच जमी हुई गंदगी और कीचड़ को वाटर जेट से साफ करें।**
- **जरूरत पड़ने पर रिजर्वायर को रिफिल करने के लिए हमेशा अपने अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप से संपर्क करें। DoT 3 और DoT 4 ब्रेक फ्लुइड को न मिलाएं।**

**(ग) ब्रेक पैड वियर**

ब्रेक पैड वियर उपयोग करने का तरीका, सवारी का प्रकार और सड़क की स्थिति पर निर्भर करता है। आमतौर पर, गीली और गंदी सड़कों पर पैड तेजी से घिसेंगे। प्रत्येक नियमित मेंटेनेंस इंटरवल पर पैड का निरीक्षण करें।

**फ्रंट ब्रेक**

- हर पैड पर वियर इंडिकेटर ग्रूव्ज़ (1) की जाँच कर के ब्रेक पैड को वियर के लिए जाँचें।
- यदि दोनों में से कोई भी पैड खांचे के नीचे से वियर हो जाता है तो दोनों पैड्स को एक सेट के रूप में बदल दें। इस कार्य के लिए अपनी अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप में जाएँ।




(1) वियर इंडिकेटर ग्रूव

**रियर ब्रेक**

हर पैड पर वियर इंडिकेटर ग्रूव (1) की जाँच करें।

यदि दोनों में से कोई भी पैड खांचे के नीचे से वियर हो जाता है तो दोनों को एक सेट के रूप में बदल दें। इस कार्य के लिए अपनी अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप में जाएँ।




(1) वियर इंडिकेटर ग्रूव

## ⚠ चेतावनी

**वाहन के फिसलने से बचने के लिए हमेशा फ्रंट और रियर ब्रेक को एक साथ लगाएं।**

### सस्पेंशन

### फ्रंट और रियर सस्पेंशन का निरिक्षण

- फ्रंट ब्रेक को लॉक कर के फ्रंट फोर्क को ऊपर की ओर से नीचे की ओर जोर से पंप कर के फ्रंट फोर्क्स की जांच करें। सस्पेंशन स्मूथ होना चाहिए और कोई ऑयल लीकेज नहीं होना चाहिए।




- जब वाहन स्टैंड पर खड़ा न हो तो रियर ग्रिप पर नीचे की ओर जोर से धक्का देकर रियर मोनो शॉक एब्जॉर्बर की जाँच करें। सस्पेंशन स्मूथ होना चाहिए और कोई ऑयल लीकेज नहीं होना चाहिए।

### रियर मोनो शॉक एब्जॉर्बर एडजस्टमेंट

रियर मोनो शॉक एब्जॉर्बर एडजस्टमेंट लोड/रोड कंडीशन के अनुसार किया जा सकता है।

- दिशा A में : नरम
- दिशा B में : सख्त







(1) रियर मोनो शॉक एब्जॉर्बर
(2) पिन स्पैनर (3) पिन स्पैनर हैंडल
(4) एरो मार्क स्टिकर
(A) सख्त (B) नरम

## नोट

- **रियर मोनो शॉक एब्जॉर्बर (1) को एडजस्ट करने के लिए टूल किट में उपलब्ध रियर शॉक एब्जॉर्बर एडजस्टमेंट टूल [हैंडल (3) के साथ पिन स्पैनर (2) ] का इस्तेमाल करें।**
- **वाहन में रियर मोनो शॉक एब्जॉर्बर को लगाते समय उस पर दिए गए एरो मार्क स्टिकर (4) को वाहन की दिशा की ओर होना चाहिए ।**

## ⚠ चेतावनी

**इस असेंबली में उच्च दबाव वाली नाइट्रोजन गैस होती है। इस शॉक असेंबली को अलग करने या फिर से भरने के किसी भी प्रयास के परिणामस्वरूप विस्फोट हो सकता है, जिससे गंभीर चोट लग सकती है। आग या पंचर के संपर्क में आने से भी विस्फोट हो सकता है। बदलना और डिस्पोजल केवल आपकी अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप द्वारा ही किया जाना चाहिए।**

**व्हील**

**(क) फ्रंट व्हील**

**निकालना**

सुरक्षा की सावधानियों का संदर्भ लें **(पेज 44)।**

- सर्विस स्टैंड या मेन स्टैंड (ऑप्शनल) पर वाहन को सुरक्षित रूप से सहारा दें और आगे के व्हील को जमीन से ऊपर उठाएं।
- व्हील स्पीड सेंसर बोल्ट (1) को राइट फोर्क लेग से निकालें और व्हील स्पीड सेंसर (2) को डिस्कनेक्ट करें।




**(1) व्हील स्पीड सेंसर बोल्ट**
**(2) व्हील स्पीड सेंसर**
**(3) फ्रंट एक्सल नट**
**(4) एक्सल**

- फ्रंट एक्सल नट (3) निकालें, एक्सल (4) और व्हील को निकालें।

**! सावधानी**

**जब व्हील निकाला जाता है तो फ्रंट ब्रेक लीवर को ऑपरेट न करें।**

- पहिए के दोनों ओर से साइड कॉलर्स (5) निकालें ।




**(5) साइड कॉलर्स**

**इंस्टॉलेशन**

- व्हील हब के दोनों साइड पर साइड कॉलर्स (1) इंस्टॉल करें ।
- कैलिपर असेंबली (3) में पैड्स के बीच डिस्क (2) डालें। टायर को लगाते समय, पैड को नुकसान से बचाने के लिए ब्रेक डिस्क को ब्रेक पैड के बीच सावधानी से लगाएं ।
- फ्रंट एक्सल नट (4) को स्पेसिफाइड टॉर्क तक कस लें।

  **टॉर्क : 5.9 kgf-m**
- व्हील स्पीड सेंसर इनस्टॉल करें (5)।
- व्हील को लगाने के बाद बार बार ब्रेक लगाएं और फिर जाँचें कि व्हील फ्री घूम रहा है या नहीं। यदि ब्रेक खिंचता है या व्हील फ्री नहीं घूम रहा है तो व्हील को फिर से जाँचें ।






(1) साइड कॉलर (2) डिस्क (3) कैलिपर
(4) फ्रंट एक्सल नट (5) व्हील स्पीड सेंसर

**(ख) रियर व्हील**

**निकालना**

सुरक्षा की सावधानियों का संदर्भ लें **(पेज 44)।**

- सर्विस स्टैंड या मेन स्टैंड (ऑप्शनल) पर वाहन को सुरक्षित रूप से सहारा दें और पीछे के व्हील को जमीन से ऊपर उठाएं।




(1) रियर एक्सल नट (2) इंडिकेटर प्लेट (3) एक्सल
(4) साइड कॉलर (5) कैलिपर असेंबली

- रियर एक्सल नट (1) और इंडिकेटर प्लेट (2) को निकालें।
- एक्सल (3) और राइट साइड कॉलर (4) को निकालें ।
- कैलिपर असेंबली (5) को ऊपर की ओर ले जाएं।
- व्हील निकालें।

**इंस्टॉलेशन**

- व्हील हब के राइट साइड पर साइड कॉलर (1) इंस्टॉल करें
- रियर व्हील को स्विंगआर्म के बीच में रखें।
- कैलिपर असेंबली में पैड्स के बीच डिस्क (2) डालें। टायर को लगाते समय, पैड को नुकसान से बचाने के लिए ब्रेक डिस्क को ब्रेक पैड के बीच सावधानी से लगाएं ।
- रियर कैलिपर होल्डर (3) को स्विंगआर्म (4) के साथ अलाइन करें।
- स्विंगआर्म, व्हील हब, कॉलर और रियर कैलिपर होल्डर के माध्यम से बाईं ओर से एक्सल (5) डालें।




(1) साइड कॉलर (2) डिस्क (3) कैलिपर होल्डर
(4) स्विंगआर्म (5) रियर एक्सल
(6) इंडिकेटर प्लेट (7) रियर एक्सल नट

- इंडिकेटर प्लेट (6) इनस्टॉल करें और रियर एक्सल नट (7) को निर्धारित टॉर्क तक कस लें।

  **टॉर्क : 6.8 kgf-m**
- ड्राइव चैन स्लैक को एडजस्ट करें **(पेज 57)।**

**मेन स्टैंड (ऑप्शनल) / साइड स्टैंड का लुब्रिकेशन**

- वाहन को समतल सतह पर पार्क करें।
- टेंशन या डैमेज के लिए मेन/साइड स्टैंड रिटर्न स्प्रिंग की जाँच करें।
- स्वतंत्र रूप से मूवमेंट के लिए मेन स्टैंड (1)/साइड स्टैंड (2) की जाँच करें।
- साइड स्टैंड लुब्रिकेट करें।
- जरूर देखें कि मेन / साइड स्टैंड बेंट तो नहीं हुआ है।




**(1) मेन स्टैंड (ऑप्शनल)          (2) साइड स्टैंड**

**टायर्स**

आपके वाहन पर लगे टायरों को हैंडलिंग, ब्रेकिंग, मजबूती और आराम की प्रदर्शन क्षमताओं से मेल खाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

**नोट**

**इम्पोर्टेड टायर(s) यदि बिना ISI मार्क के फिट किए गए हैं; टायर मैन्युफैक्चरर द्वारा घोषित BIS स्टैंडर्ड और केंद्रीय मोटर वाहन नियम 1989 के अनुपालन में हैं।**

अपने वाहन को सुरक्षित रूप से संचालित करने के लिए, टायर रेकमेंडेड टाइप और साइज़ के होने चाहिए, अच्छी स्थिति में मजबूती से चलने के लिए सही तरीके से हवा भरे होने चाहिए। रेकमेंडेड टायर का आकार :

| | |
|---|---|
| **फ्रंट** | 90/90-21 M/C 54S |
| **रियर** | 120/80-18 M/C 62S |

**एयर प्रेशर**

उचित रूप से हवा भरे हुए टायर हैंडलिंग, ट्रेड लाइफ और आरामदायक सवारी का सबसे अच्छा संयोजन प्रदान करते हैं। आम तौर पर, कम हवा भरे हुए टायर्स असमान रूप से घिसते हैं, हैंडलिंग पर प्रभाव डालते हैं और अधिक गरम होने से खराब होने की संभावना अधिक होती है।

कम हवा भरे हुए टायर्स पथरीले इलाकों में भी व्हील को डैमेज कर सकते हैं।

अधिक हवा भरे टायर्स आपके वाहन की सवारी को कठोर बनाते हैं, सड़क के खतरों से नुकसान की संभावना अधिक होती है, और असमान रूप से घिसते हैं।

सुनिश्चित करें कि वॉल्व स्टेम कैप सुरक्षित हैं।

यदि आवश्यक हो तो नई कैप इंस्टॉल करें।

रेकमेंडेड "कोल्ड" टायर प्रेशर हैं:

| | **केवल राइडर** | **राइडर और पिलियन** |
|---|---|---|
| **फ्रंट** | 1.75 $kgf/cm^2$ (25 psi) | 1.75 $kgf/cm^2$ (25 psi) |
| **रियर** | 2.30 $kgf/cm^2$ (33 psi) | 2.50 $kgf/cm^2$ (36 psi) |




(1) **एयर प्रेशर गेज**

**! सावधानी**

**अधिक या कम हवा भरे होने से प्रदर्शन पर असर पड़ेगा।**

**निरिक्षण**

जब भी आप टायर प्रेशर की जाँच करते हैं, तो आपको वियर, डैमेज और धातु के कणों के लिए टायर ट्रेड्स और साइड वाल्स की भी जाँच करनी चाहिए।

यह भी देखें :

- टायर या ट्रेड के साइड में बम्प्स या उभार। यदि आपको कोई बम्प्स या उभार मिले तो टायर को बदल दें।
- टायर में कट, फूट या दरार हो। यदि आप को फैब्रिक या कॉर्ड दिखाई देता हैं तो टायर बदल दें।



- अत्यधिक ट्रेड वियर ।



- यदि वाहन किसी गड्ढे या कठोर वस्तु से टकराता है, तो डैमेज के लिए टायरों का सावधानीपूर्वक निरीक्षण करें।

**ट्रेड वियर**

टायर के वियर इंडिकेटर (1) तक टायर खराब होने पर तुरंत टायर बदलें। ट्रेड लिमिट्स हैं :

**न्यूनतम ट्रेड की गहराई :**

**फ्रंट :**1.0 mm **रियर :** 1.0 mm

टायर वियर के लिए ट्रेड वियर इंडिकेटर की जाँच करें।




(1) ट्रेड वियर इंडिकेटर (2) एरो मार्क

**यूनिडायरेक्शनल टायर्स**

पंक्चर होने की स्थिति में जब भी टायर को निकाला जाता है और वापस लगाया जाता है, तो सुनिश्चित करें कि टायर पर दिया एरो मार्क (2) उसी दिशा में है जिस दिशा में व्हील आगे की ओर घूमता है।

**⚠ चेतावनी**

- **अत्यधिक घिसे हुए या अनुचित तरीके से हवा भरे हुए टायर्स का इस्तेमाल करने से दुर्घटना हो सकती है जिसमें आप गंभीर रूप से घायल हो सकते हैं या जान जा सकती हैं।**
- **अत्यधिक घिसे हुए टायर्स के साथ सवारी करना खतरनाक है और ट्रैक्शन और हैंडलिंग पर उल्टा प्रभाव डालेगा।**
- **टायर के हवा भरने और मेंटेनेंस के संबंध में इस ओनर्स मैन्युअल में दिए गए सभी निर्देशों का पालन करें।**
- **एयर प्रेशर की कमी के परिणामस्वरूप टायर फिसल सकता है या रिम से टायर निकल सकता है।**

- **हमेशा इस ओनर्स मैन्युअल में रेकमेंडेड साइज और टाइप के टायर्स का इस्तेमाल करें।**
- **वाहन की सुरक्षा के लिए स्पोक टाइटनेस और व्हील सेंटरिंग और अलाइनमेंट आवश्यक हैं। पहले 1,000 किमी के दौरान, शुरुआत में बैठने के कारण स्पोक ढीले हो जाते हैं। अत्यधिक ढीले स्पोक अधिक गति में अस्थिरता और नियंत्रण के संभावित नुकसान का कारण बन सकते है ।**
- **जब वाहन उबड़-खाबड़ सतहों में चल रहा हो तो स्पोक और व्हील रिम्स का बार-बार निरीक्षण करें।**

**नट्स, बोल्ट्स और फास्नर्स**

- मेंटेनेंस शेड्यूल में दिखाए गए नियमित अंतराल पर बोल्ट और नट्स को टाइट करें।
- जाँच करें कि सभी चेसिस नट और बोल्ट टॉर्क वैल्यूज़ के अनुसार टाइट हैं।
- जाँच करें कि सभी कॉटर पिन, सेफ्टी क्लिप, होज़ क्लैम्प और केबल जगह पर हैं।



**बैटरी**

सुरक्षा की सावधानियों का संदर्भ लें **(पेज 44)।**

**स्थान**

बैटरी लेफ्ट साइड कवर के पीछे है।

**स्पेसिफिकेशन**

*MF बैटरी - 12V-6 Ah/ETZ-7

बैटरी इलेक्ट्रोलाइट लेवल की जाँच करने या डिस्टिल्ड वाटर डालने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि बैटरी एक मेंटेनेंस फ्री (सील्ड) टाइप की है। अगर आपकी बैटरी कमजोर लगती है और/या इलेक्ट्रोलाइट लीक हो रहा है (जिससे स्टार्टिंग में दिक्कत हो रही है या दूसरी इलेक्ट्रिकल दिक्कतें आ रही हैं), तो अपने अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप से संपर्क करें।

**नोट**



**बैटरी पर इस सिंबल का मतलब है कि इस बैटरी को घरेलू कचरे के रूप में नहीं मानना चाहिए।**



**बैटरी पर इस सिंबल का मतलब है कि पुरानी बैटरी को आपके ऑथराइज़्ड हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप में वापस कर देना चाहिए क्योंकि इसे रिसाइक्लेबल मटेरियल के रूप में मानना चाहिए।**

- **बैटरी एक मेंटेनेंस फ्री (सील्ड) टाइप है और यदि सीलिंग स्ट्रिप को निकाल दिया जाए तो यह हमेशा लिए ख़राब हो सकती है ।**
- **गलत तरीके से डिस्पोज की गई बैटरी पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है। बैटरी डिस्पोज के लिए हमेशा स्थानीय नियमों को जान लें।**

***MF का मतलब मेंटेनेंस फ्री है**

**बैटरी चार्जिंग**

यदि आपको बैटरी डिस्चार्ज का कोई लक्षण दिखाई देता है तो बैटरी चार्ज के लिए जितनी जल्दी हो सके हमेशा अपने अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप में जाएँ। यदि वाहन पर ऑपशनल इलेक्ट्रिकल एक्सेसरीज़ लगी हैं तो बैटरी तेजी से डिस्चार्ज होने की प्रवृत्ति रखती है।

**बैटरी स्टोरेज**

- यदि आपके वाहन का इस्तेमाल एक महीने से अधिक समय तक नहीं किया गया है, तो बैटरी को निकाल दें, फुल्ली चार्ज करें और ठंडी और सूखी जगह पर स्टोर करें।
- यदि बैटरी को दो महीने से अधिक समय तक स्टोर करने की उम्मीद है, तो महीने में एक बार बैटरी को फुल्ली चार्ज करना सुनिश्चित करें।
- इंस्टॉलेशन से पहले हमेशा सुनिश्चित करें कि बैटरी फुल्ली चार्ज है।
- सुनिश्चित करें कि इंस्टॉलेशन के दौरान बैटरी लीड बैटरी टर्मिनलों से ठीक से कनेक्टेड हैं।

**बैटरी निकालना**

- सुनिश्चित करें कि इग्निशन स्विच "ऑफ" (⊗) है।
- सीट निकालें **(पेज 35)।**
- राइट साइड कवर स्क्रू (1), साइड कवर (2) को ग्रोमेट (3) से लग को अलग करके निकालें और स्लॉट (4) से टैब को अलग करने के लिए कवर को पीछे की ओर स्लाइड करें।




**(1) राइट साइड कवर स्क्रू** **(2) साइड कवर**
**(3) लग / ग्रोमेट** **(4) टैब/स्लॉट**

- पहले बैटरी से (-)ve टर्मिनल लीड (5) को डिस्कनेक्ट करें, फिर (+)ve टर्मिनल लीड (6) को डिस्कनेक्ट करें।
- बैटरी क्लैंप बोल्ट (7) और बैटरी क्लैंप (8) निकालें ।




**(5) (-)ve टर्मिनल** **(6) (+)ve टर्मिनल**
**(7) बैटरी क्लैंप बोल्ट** **(8) बैटरी क्लैंप**

- बैटरी बॉक्स से बैटरी (9) को बाहर निकालें ।




**(9) बैटरी**

**बैटरी इंस्टॉलेशन**

- निकालने के उल्टे क्रम में फिर से इंस्टॉल करें। सुनिश्चित करें की, पहले (+)ve टर्मिनल को और फिर (-)ve टर्मिनल को लगाया जाए।
- जांच लें कि सभी बोल्ट और अन्य फास्नर ठीक से सुरक्षित हैं।

**फ्यूज बदलना**

सुरक्षा की सावधानियों का संदर्भ लें **(पेज 44)।**

**फ्यूज बॉक्स (1)**

**स्थान :** सीट के नीचे।

**फ्यूज का प्रकार : ब्लेड फ्यूज**

मेन फ्यूज (2) : 10A, 10A और 10A

स्पेयर फ्यूज (3) : 10A और 10A

**⚠ चेतावनी**

- **जो बताया है उस से अलग रेटिंग वाले फ़्यूज़ का कभी भी इस्तेमाल न करें। इस से इलेक्ट्रिकल सिस्टम को गंभीर नुकसान हो सकता है या शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग सकती है।**
- **बैटरी से विस्फोटक गैसें निकलती हैं। चिंगारी, आग और सिगरेट दूर रखें।**




(1) फ्यूज बॉक्स
(2) मेन फ्यूज : 10A, 10A और 10A
(3) स्पेयर फ्यूज : 10A और 10A

**स्टार्टर मैग्नेटिक स्विच (4)**

**स्थान :** लेफ्ट साइड कवर के अंदर, स्टार्टर मैग्नेटिक स्विच के नीचे।

**फ्यूज का प्रकार : ब्लेड फ्यूज**

मेन फ़्यूज़ (5) : 20A
स्पेयर फ्यूज (6) : 20A




(4) स्टार्टर मैग्नेटिक स्विच
(5) मेन फ़्यूज़ : 20A (6) स्पेयर फ्यूज : 20A

**सावधानी**

- **बिना चार्ज की गई बैटरी से वाहन को स्टार्ट करने या चलाने की कोशिश न करें, इस से बल्ब फ़्यूज़ हो सकते हैं और कुछ इलेक्ट्रिकल कॉम्पोनेन्ट को हमेशा के लिए नुकसान हो सकता है।**
- **आकस्मिक शॉर्ट-सर्किट को रोकने के लिए फ़्यूज़ को चेक करने या बदलने से पहले इग्निशन स्विच "ऑफ" कर दें।**




**स्टॉप लैंप स्विच**

स्टॉप लैंप स्विच (1) को एडजस्ट किया जाना चाहिए ताकि रियर ब्रेक लगाने पर स्टॉप लैंप चमक सके। स्टॉप लैंप को एडजस्ट करने की प्रक्रिया इस प्रकार है :

- इग्निशन स्विच को "ऑन" ( ) करें।
- एडजस्टिंग नट (2) को स्टॉप लैंप स्विच के उस पॉइंट तक घुमाए जहां ब्रेक पेडल के दबने पर स्टॉप लैंप चमकता है। एडजस्टिंग नट को दिशा (A) में एडवांस स्विच टाइमिंग के लिए या दिशा (B) में रिटार्ड स्विच टाइमिंग के लिए घुमाएँ।




(1) स्टॉप लैंप स्विच (2) एडजस्टिंग नट
(A) एडवांस (B) रिटार्ड

**हेडलैंप फोकस का एडजस्टमेंट**

हेडलैंप फैक्ट्री प्री-सेट है। हालांकि, एडजस्टमेंट की आवश्यकता के मामले में, कृपया नीचे दिए गए स्टेप्स का पालन करें :

- हेडलैंप एडजस्टमेंट हेडलैंप असेंबली के दोनों किनारों पर लगे बोल्ट (1) को ढीला करके किया जाता है।







(1) एडजस्टिंग बोल्ट (2) इंडेक्स मार्क

- वाहन को समतल सतह पर पार्क करें।
- इग्निशन स्विच को "ऑन" ( ) पोजीशन पर करें और इंजन स्टार्ट करें।
- बोल्ट (1) को ढीला करके हेडलैंप को एडजस्ट करें और सही फ़ोकस एडजस्टमेंट के लिए हेडलैंप असेंबली को ऊपर और नीचे करें ।
- हेडलैंप केसिंग इंडेक्स मार्क्स (2) को हेडलैंप असेंबली कवर पर इंडेक्स मार्क के साथ अलाइन करें।
- हेडलैंप को एडजस्ट करने के बाद, हेडलैंप एडजस्ट करने वाले बोल्ट को कस लें।

**चेतावनी**

**गलत तरीके से एडजस्ट किया हुआ हेडलैंप आने वाले राइडर / ड्राइवर को अंधा कर सकता है या यह सुरक्षित दूरी के लिए सड़क को रोशन करने में विफल हो सकता है।**

**कैटेलिटिक कन्वर्टर**

यह वाहन उत्सर्जन मानदंडों को पूरा करने के लिए मफलर में कैटेलिटिक कनवर्टर (1) से लैस है।

कैटेलिटिक कनवर्टर में कीमती धातुएँ होती हैं जो कैटलिट्स के रूप में काम करती हैं, धातुओं को प्रभावित किए बिना एग्जॉस्ट गैसों को कन्वर्ट करने के लिए कैमिकल रिएक्शन को बढ़ावा देती हैं। कैटेलिटिक कनवर्टर HC, CO और NOx पर कार्य करता है।

कैमिकल रिएक्शन होने के लिए कैटेलिटिक कनवर्टर को उच्च तापमान पर ऑपरेट करना चाहिए। यह अपने पास आने वाली किसी भी ज्वलनशील सामग्री में आग लगा सकता है। अपने वाहन को ऊँची घास, सूखी पत्तियों या अन्य ज्वलनशील पदार्थों से दूर पार्क करें।

एक दोषपूर्ण कैटेलिटिक कनवर्टर वायु प्रदूषण को बढ़ाता है और आपके इंजन के प्रदर्शन को खराब कर सकता है।

अपने वाहन के कैटेलिटिक कनवर्टर की सुरक्षा के लिए इन गाइडलाइन्स का पालन करें।

- हमेशा अनलेडेड पेट्रोल का इस्तेमाल करें। यहां तक कि लेडेड पेट्रोल की थोड़ी मात्रा भी कैटलिट्स धातुओं को दूषित कर सकती है, जिससे कैटेलिटिक कनवर्टर अप्रभावी हो जाता है।
- इंजन को अच्छी चालू हालत में रखें। खराब चलने वाला इंजन कैटेलिटिक कनवर्टर को ज़्यादा गरम करने का कारण बन सकता है।
- अगर आपका इंजन खराब हो रहा है, बैकफायरिंग कर रहा है, रुक रहा है, या अन्यथा ठीक से नहीं चल रहा है, तो सवारी करना बंद कर दें और इंजन को "ऑफ" कर दें। अपने वाहन की जल्द से जल्द सर्विस करवाएँ।




**(1) कैटेलिटिक कन्वर्टर**

**सावधानी**

**गर्म पार्ट्स (मफलर, ऑयल कूलर, इंजन) के बीच कोई कपड़ा या ज्वलनशील वस्तु रखने से बचें।**

## इवैपोरेटिव एमिशन कंट्रोल सिस्टम

यह वाहन उत्सर्जन मानदंडों को पूरा करने के लिए एक इवैपोरेटिव एमिशन कंट्रोल सिस्टम से लैस है। अगर फ्यूल सिस्टम बंद या खुला हो, तो गर्म मौसम के दौरान, पेट्रोल वेपर्स जिसमें HC होता है, फ्यूल टैंक से वायुमंडल में आसानी से प्रवेश करता है।

इवैपोरेटिव एमिशन कंट्रोल सिस्टम का इस्तेमाल पेट्रोल वेपर्स को फ्यूल टैंक से वायुमंडल में प्रवेश करने से रोकने के लिए किया जाता है।

फ्यूल वेपर हवा में फैलने से होने वाले प्रदूषण से बचने के लिए कैनिस्टर (1) फ्यूल टैंक से फ्यूल वेपर एकत्रित करके फिर से जलाने के लिए इंजन में भेजता है।




**(1) कैनिस्टर**

## वाहन की पॉलिशिंग

अपने वाहन को धोने के बाद, काम पूरा करने के लिए व्यावसायिक रूप से मिलने वाली पॉलिश/क्वालिटी लिक्विड या पेस्ट वैक्स का इस्तेमाल करके सभी पेंट किये हुए सतहों (मैट पेंट वाली सतहों को छोड़कर) को वैक्स करें। केवल ऑटोमोबाइल के लिए विशेष रूप से बनाई गई नॉन अब्रेसिव पॉलिश या वैक्स का इस्तेमाल करें। कंटेनर पर दिए निर्देशों के अनुसार पॉलिश या वैक्स लगाएं।

**नोट**

**मैट पेंट वाले मॉडल पर पॉलिशिंग या वैक्सिंग नहीं की जाती है।**

# बेसिक समस्या का निवारण

## 1. स्टार्टिंग की परेशानी - इंजन स्टार्ट नहीं होता है

### क. इंटीग्रेटेड स्टार्ट-किल स्विच

- इंजन स्टॉप स्विच पोजीशन की जाँच करें।
  - "ऑफ" → "ऑन" ( ) पोजीशन की ओर घुमाएं
  - "ऑन" ( ) पोजीशन ↓ **अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप से सलाह लें**

### ख. साइड स्टैंड इंजन किल सिस्टम

- गियर की स्थिति में साइड स्टैंड की जाँच करें **(पेज 32)**
  - साइड स्टैंड "नीचे" → साइड स्टैंड को ऊपर ले जाएं
  - साइड स्टैंड "ऊपर" ↓ **अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप से सलाह लें**

### ग. फ्यूल सिस्टम

- फ्यूल गेज की जाँच करें
  - एक सेगमेंट ब्लिंकिंग दिखाया गया → फ्यूल टैंक भरें
  - चाबी "ऑन" पोजीशन ↓
- फ्यूल लाइनों की जाँच करें
  - लीकेज → **अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप से सलाह लें**
  - ओके ↓
- फ़्यूल पंप के ऑपरेटिंग आवाज की जाँच करें
  - फ्यूल पंप वायर कनेक्टर टूटा हुआ है → कनेक्शन जोड़ें
  - ओके ↓ **अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप से सलाह लें**

### घ. इलेक्ट्रिक स्टार्टर काम नहीं कर रहा है

- फ्यूज चेक करें
  - फ्यूज उड़ा हुआ है → फ्यूज बदलें **(पेज 70)**
  - ओके ↓
- बैटरी का निरीक्षण करें
  - वीक → **अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप से सलाह लें**
  - ओके ↓
- कनेक्शन जांचें, इग्निशन स्विच / स्टार्टर स्विच
  - ढीला → कनेक्शन जोड़ें
  - ओके ↓ **अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप से सलाह लें**

# बेसिक समस्या का निवारण

## ङ. स्पार्क प्लग पर कोई स्पार्क नहीं है

| जाँच | स्थिति | कार्रवाई |
|---|---|---|
| इग्निशन स्विच की जाँच करें | "ऑफ" (⊗) पोजीशन | इग्निशन स्विच को "ऑन" (○) करें |
| ↓ ओके | | |
| फौलिंग/अनुचित इलेक्ट्रोड गैप के लिए स्पार्क प्लग की जाँच करें | स्पार्क नहीं | स्पार्क प्लग बदलें/स्पार्क प्लग गैप एडजस्ट करें (0.8-0.9 mm) |
| ↓ ओके | | |
| खराब कनेक्टेड या ढीले स्पार्क प्लग वायर की जांच करें | ढीला कॉन्टैक्ट | ठीक करें |
| ↓ ओके | | |
| **अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप से सलाह लें** | | |

## 2. इंजन शुरू होता है लेकिन रुक जाता है

| जाँच | स्थिति | कार्रवाई |
|---|---|---|
| फ्यूल लाइनों की जाँच करें | लीकेज | **अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप से सलाह लें** |
| ↓ ओके | | |
| एयर क्लीनर एलिमेंट की जाँच करें | गंदा / भरा हुआ | साफ़ करें और फिर से लगाएं |
| ↓ ओके | | |
| **अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप से सलाह लें** | | |

## 3. ख़राब पिक अप

| जाँच | स्थिति | कार्रवाई |
|---|---|---|
| सिलिंडर हेड में स्पार्क प्लग ढीला | ढीला | स्पार्क प्लग को टाइट कर लें |
| ↓ ओके | | |
| एयर क्लीनर एलिमेंट की जाँच करें | गंदा / भरा हुआ | साफ़ करें और फिर से लगाएं |
| ↓ ओके | | |
| ब्रेक बाइंडिंग की जाँच करें | अनुचित कार्य | **अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप से सलाह लें** |
| ↓ ओके | | |
| टायर इन्फ्लेशन प्रेशर की जाँच करें | कम हवा भरा हुआ | टायर प्रेशर सही करें |
| ↓ ओके | | |
| **अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप से सलाह लें** | | |

## 4. इलेक्ट्रिकल सिस्टम

### हॉर्न की आवाज कमजोर या कोई रोशनी नहीं

फ्यूज चेक करें → फ्यूज उड़ा हुआ है → फ्यूज बदलें

↓ ओके

बैटरी का निरीक्षण करें → वीक → **अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप से सलाह लें**

↓ ओके

बल्ब की जाँच करें → उड़ा हुआ फ्यूज/गलत वाट क्षमता → बल्ब बदलें

↓ ओके

कनेक्शन की जाँच करें → ढीला → कनेक्शन जोड़ें

↓ ओके

**अधिकृत हीरो मोटोकॉर्प वर्कशॉप से सलाह लें**



# रोड साइन

**अनिवार्य साइन :** यह रोड़ साइन वाहन चालकों/सवारों को यातायात नियमों के बारे में सूचना देते हैं जो सड़क के एक निश्चित हिस्से पर लागू होते हैं, जिससे उन्हें वाहन चलाने / सवारी करने का निर्देश मिलता है। अनिवार्य साइन को काले और नीले रंग के चिह्नों के साथ चमकीले लाल सर्कल द्वारा पहचाना जाता है। यह जरूरी है कि सभी सवार इन साइन का पालन करें क्योंकि वे दुर्घटनाओं से बचने में मदद करते हैं। इनका पालन न करने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्माना लगाया जा सकता है।

## अनिवार्य



रुकिए



रास्ता दीजिए



एक तरफ़ा रास्ता



हॉर्न न बजाएं



साइकिल मना हैं



ऑटोमोबाइल मना हैं



हाथगाड़ियाँ मना हैं



पदयात्री मना हैं



दाए मुड़ना मना हैं



यू टर्न मना हैं



ओवरटेक करना मना हैं




गति सीमा



गाडी रोकना या खड़ी करना मना हैं



पार्किंग मना हैं




लंबाई की सीमा




ऊंचाई की सीमा



प्रतिबंध (रोक) समाप्त



केवल आगे चलना अनिवार्य



बाएं मुड़ना अनिवार्य



आगे चलकर दाएं मुड़ना अनिवार्य



आगे चलना या दाएं मुड़ना अनिवार्य



बाएं रहकर चलना अनिवार्य



अनिवार्य साइकिल मार्ग



हॉर्न बजाना अनिवार्य

# रोड साइन



**चेतावनी साइन :** यह साइन वाहन चालक/सवार को आगे की सड़क की स्थिति के बारे में सूचना देते हैं। इसलिए सावधानी के साइन चेतावनी के रूप में काम करते हैं। वे आमतौर पर एक सफेद बैकग्राउंड पर काले चित्रों के साथ एक लाल त्रिकोण में होते हैं। आगे के खतरों के बारे में बताने के लिए इलस्ट्रेशन, डाईग्राम और सिम्बल्स का इस्तेमाल किया जाता है। चेतावनी देनेवाले साइन उतने ही जरुरी हैं जितने अनिवार्य साइन। हालांकि, चेतावनी देनेवाले साइनों का पालन ना करने पर कोई दंड नहीं है।

## चेतावनी देनेवाला




# रोड साइन



**सूचना देनेवाले साइन :** यह सुविधा साइन हैं, विशिष्ट स्थान के नक्शे जो सड़क की दिशाओं के बारे में जरुरी जानकारी देते हैं। राजमार्गों पर सार्वजनिक टेलीफोन, रेस्टॉरेंट, अस्पताल, पार्किंग, पेट्रोल पंप, विश्राम-स्थल आदि स्थानों के बारे में जानकारी देते हैं। यह साइन आमतौर पर आयताकार होते हैं, जिनमें नीले रंग के बैकग्राउंड पर काले या सफेद चित्र होते हैं।

## सूचना देनेवाले




सड़क पर सवारी करने के लिए साइन और सिग्नल को समझना बेहद जरुरी है। उन्हें जानें, और उनका सम्मान करें।

# नेविगेशन साइन

**नेविगेशन साइन :** हीरो नेविगेशन ऐप और आपके वाहन का मीटर कंसोल स्टेप - बाय - स्टेप नेविगेशन मार्गदर्शन / डायरेक्शन नेविगेशन साइन के माध्यम से प्रदर्शित करेगा। जब आपका वाहन आपके स्मार्टफोन के साथ नेविगेशन मोड में हो।


बांए मुड़े


दांए मुड़े


थोड़ा बाएं मुड़ें


थोड़ा दाएं मुड़ें


दाया नुकीला मोड़


बाया नुकीला मोड़


सीधे


मर्ज (मिलना)


बाईं ओर से चलते रहें


दाईं ओर से चलते रहें


दाया रैंप


बाया रैंप


राउंड अबाउट लेफ्ट


राउंड अबाउट राइट


यू टर्न बाएं


यू टर्न दाएं


फोर्क बाएं


फोर्क दाएं


फेरी


फेरी ट्रेन


डेस्टिनेशन पर पहुंच गया

Reroute

गलत रास्ता

# हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड

## वॉरंटी

**वॉरंटी का दायरा**

हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड (जिसे इसके बाद 'हीरो मोटोकॉर्प' कहा गया है), द्वारा अपने **एक्सपल्स 200 4V** वाहनों के लिए, सामान्य उपयोग के तहत, मटेरियल और कारीगरी दोनों में, कोई भी खराबी न होने की वॉरंटी दी जाती है और उन्हें अपने प्लांट में असेंबल / मैन्युफैक्चर कर के, अपने चैनल पार्टनर्स के माध्यम से निम्नलिखित नियमों और शर्तों के अधीन बेचा जाता है।

**नियम और शर्तें**

क) **एक्सपल्स 200 4V** वाहन पर, उन्हें खरीदने की तारीख से **5 साल** की अवधि **या 70000 किमी**, जो भी पहले हो, उसके लिए वॉरंटी दी जाती है, एमिशन वॉरंटी को "एमिशन वॉरंटी" के तहत, अलग से कवर किया जाता है।

ख) वॉरंटी का लाभ उठाने के लिए, खरीदार को हीरो मोटोकॉर्प के अधिकृत वर्कशॉप से सभी फ्री और पेड सर्विसेस को रेकमेंडेड शेड्यूल के अनुसार करवाने की सलाह दी जाती है। प्रत्येक पेड सर्विस का लाभ, पिछली सर्विस की तारीख से 90 दिनों के अंदर या रेकमेंडेड शेड्यूल के अनुसार, जो भी पहले हो, प्राप्त कर लिया जाना चाहिए।

ग) यदि **एक्सपल्स 200 4V** वाहन में कोई खराबी होती है, तो हीरो मोटोकॉर्प की ज़िम्मेदारी केवल उस पार्ट/उन पार्ट्स को रिपेयर या रिप्लेस करना है जिसकी वजह से वाहन में खराबी हुई है, सिवाय इसके कि ऐसी खराबी वाहन के दुरुपयोग / अनुचित हैंडलिंग आदि के कारण न हुई हो। यदि किसी भी **एक्सपल्स 200 4V** वाहन को रिपेरिंग की ज़रूरत है, तो आवश्यक निरीक्षण और खराबी ठीक करने के लिए उसे ऑनर्स मैन्युअल के साथ हीरो मोटोकॉर्प की अधिकृत वर्कशॉप में ले जाना चाहिए।

# हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड

## वॉरंटी की सीमाएं

**वॉरंटी लागू नहीं होगी –**

(1) यदि हीरो मोटोकॉर्प की अधिकृत वर्कशॉप में, रेकमेंडेड शेड्यूल के अनुसार सभी फ्री सर्विसेस / पेड़ सर्विसेस / ऑयल टॉप-अप का लाभ नहीं उठाया जाता है।

(2) यदि हीरो एक्सोटिक+ SAE 10W 30 SL MA2 फुली सिंथेटिक PAO पर आधारित ऑयल के अलावा, ऐसे अन्य इंजन ऑयल का उपयोग किया जाता है जो प्रोडक्ट के लिए नॉन-कम्पेटिबल है।

(3) नार्मल वियर एन्ड टिअर कंपोनेंट्स के लिए (लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं) ब्रेक शूज़/पैड्स, क्लच प्लेट्स, ड्राइव चैन और स्प्रॉकेट्स, बल्ब्स, इलेक्ट्रिकल वायरिंग, फिल्टर, स्पार्क प्लग, फास्नर्स, शिम्स, वॉशर्स, ऑयल सील्स, गैस्केट, रबर पार्ट्स, बुश, रबर बेलोज़, प्लास्टिक पार्ट्स ब्रेकेज, मिसअलाइनमेंट/बेंड के लिए व्हील रिम, स्टीयरिंग बॉल रेस और कोन, कंट्रोल केबल्स जैसे ब्रेक केबल/क्लच केबल, फ़्यूज़ (सभी प्रकार के), बेंड के लिए स्टीयरिंग हैंडल और स्टिकर छीलना।

(4) यदि अतिरिक्त व्हील फिट किए गए हैं और/या कोई अन्य मॉडिफिकेशन किया गया है/अनधिकृत एक्सेसरीज़ फिट की गई है, जिसके कारण वाहन में खराबी हो जाती है/वाहन टूट जाता है।

(5) यदि **एक्सपल्स 200 4V** वाहन का उपयोग किसी स्पर्धात्मक कार्यक्रम जैसे रेस या रैलियों में या किसी व्यावसायिक उद्देश्य, जैसे की टैक्सी आदि के लिए किया गया है।

(6) इंडस्ट्रियल पॉल्यूशन या अन्य एक्सटर्नल फैक्टर्स के कारण वाहन की पेंट की गई सतह को होने वाले किसी भी नुकसान के लिए।

(7) वाइब्रेशन, ऑयल सीपेज आदि जैसी सामान्य समस्याओं के लिए, जो वाहन के प्रदर्शन को प्रभावित नहीं करते हैं।

(8) अनुचित ऑयल/ग्रीस, नॉन-जेन्यूइन पार्ट्स के उपयोग के कारण होने वाली किसी भी खराबी के लिए।

(9) यदि मिलावटी फ्यूल के उपयोग के कारण कोई खराबी को क्रॉप्स या रिपेयर की जरुरत है।

(10) यदि ख़राब सड़क के कारण या **एक्सपल्स 200 4V** वाहन के दुरुपयोग के कारण कोई मेंटेनेंस / रिपेयर की जरुरत है।

(11) यदि **एक्सपल्स 200 4V** वाहन का एक्सीडेंट हो जाने के कारण खराबी को क्रॉप्स या रिपेयर की जरुरत है।

(12) फ्री सर्विसेस और/या वॉरंटी रिपेयर के दौरान उपयोग किए जाने वाले ऑयल, ग्रीस, गैस्केट आदि जैसे कंज़्यूमेबल के लिए।

(13) **एक्सपल्स 200 4V** वाहन के किसी भी पार्ट के लिए जिसमें इस तरह से छेड़छाड़ या रिपेयरिंग की गई हो, जिसके कारण वाहन में खराबी आ गई हो।

(14) उन **एक्सपल्स 200 4V** वाहन के लिए जिनका उपयोग ऑनर्स मैन्युअल में दी गई गाइडलाइन्स के अनुसार न किया गया हो।

(15) टायर्स, ट्यूब्स, बैटरी आदि जैसी प्रोप्राइटरी आइटम्स के लिए, क्योंकि वे संबंधित मैन्युफेक्चरर्स के वॉरंटी के नियमों और शर्तों के अधीन हैं और सीधे उनके द्वारा ही हैंडल की जाती हैं।

(16) एक्स्टर्नल फैक्टर्स जैसे पर्यावरणीय फैक्टर्स के कारण होने वाली खराबी जिसमे पेंट और/या स्ट्राइप्स और/या प्लेटेड पार्ट्स, सीट का लेदर फटना और टूटना, एल्यूमीनियम पार्ट्स का ऑक्सीडेशन और कंट्रोल स्विचों का टूटना और रंग उड़ जाना आदि शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं।

**वॉरंटी निपटान के संबंध में निर्णय हीरो मोटोकॉर्प द्वारा लिया जाएगा और यह अंतिम और सब पर बाध्यकारी होगा।**

**केवल दिल्ली क्षेत्राधिकार के अधीन।**

# हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड

## बैटरी वॉरंटी पीरियड

1. वाहन की बिक्री की तारीख से 18 महीने या 20000 km. या
2. चार्ज करने की तारीख से 21 महीने (जो भी पहले हो)।
3. वाहन पर चार्ज करने की तारीख से बिक्री की तारीख तक 3 महीने के आइडल पीरियड की अनुमति है।

## वॉरंटी के नियम और शर्तें

1. मटेरियल और कारीगरी में सभी खराबी के लिए बैटरियों पर वॉरंटी दी जाती है। इस वॉरंटी के तहत लायबिलिटी केवल उचित उपयोग के तहत मैन्युफैक्चरिंग और उन्हें विकसित करने के दौरान ख़राब मटेरियल या कारीगरी के उपयोग से उत्पन्न होने वाली खराबी को ठीक करने तक सीमित है।

   वॉरंटी, डिलीवरी की तारीख से वाहन की मूल खरीद तारीख तक शुरू होती है।
2. यदि कोई भी शिकायत हो तो, बैटरी को इलेक्ट्रोलाइट के साथ नज़दीकी बैटरी सर्विस स्टेशन या किसी OEM डीलर को वापस करना होगा। इंस्पेक्शन के बाद, बैटरी वापस कर दी जाएगी या बदल दी जाएगी।
3. यह वॉरंटी कार्ड केवल OEM फिटमेंट के रूप में बेची जाने वाली बैटरी के साथ आता है। प्रोसेसिंग को आगे बढ़ाने के लिए क्लेम्स को व्हीकल परचेस इनवॉइस के साथ प्रदान किया जाना चाहिए।
4. बैटरी को रिपेयर या पूरी तरह से बदलने की आवश्यकता है या नहीं, इस बात के लिए निर्णय लेने का अधिकार कंपनी के पास है । यदि बैटरी बदल दी जाती है तो ख़राब बैटरी कंपनी की संपत्ति बन जाती है और इसके लिए कोई स्क्रैप रिबेट नहीं दिया जाता। रिपेयर/बदली गई बैटरी का वॉरंटी पीरियड, ओरिजिनल वॉरंटी कार्ड में दर्शाए अनुसार ओरिजिनल बैटरी की बिक्री की तारीख से शुरू होगा।
5. यदि बैटरी का उपयोग उस वाहन के अलावा अन्य वाहन पर किया जाता है जिस पर बैटरी मूल रूप से फिट की गई थी और जैसा कि ऊपर बताया गया है, वॉरंटी पीरियड की समाप्ति पर, इस वॉरंटी के तहत सभी लायबिलिटीज समाप्त हो जाएंगी।
6. इस वॉरंटी के तहत रिचार्जिंग कवर नहीं की जाती और उसे एक्स्ट्रा के रूप में बिल में जोड़ा जाता है। हालांकि, FOC बैटरी के बदलने/रिपेयर में चार्जिंग का खर्च शामिल है।
7. यह वॉरंटी ख़राब इलेक्ट्रिकल सिस्टम, गलत चार्जिंग और भरने, अनधिकृत डीलरों / ऑटो इलेक्ट्रीशियन द्वारा बैटरी की अनुचित हैंडलिंग, मेंटेनेंस, जानबूझकर दुरुपयोग करना, आग से विनाश, मिलीभगत, चोरी या रिचार्जिंग के कारण बैटरी को होने वाले नुकसान को कवर नहीं करती।
8. कंटेनर और कवर का टूटना इस वॉरंटी में कवर नहीं किया जाता।
9. क्लेम के लिए निर्णय लेने और उनके सेटलमेंट में कुछ दिन लगेंगे क्योंकि रिपोर्ट की गई फेलियर के लिए बैटरी को टेस्ट किया जाना है।
10. ओरिजिनल वायरिंग सर्किट में किसी भी तरह की छेड़छाड़ के मामले में।
11. यदि रेकमेंड न की गई हो, ऐसी बैटरी वाहन में फिट की जाती है तो ऐसी बैटरी पर कोई वॉरंटी नहीं दी जाएगी।
12. रिपेयर या रिप्लेसमेंट के तहत, बैटरी पर लगने वाले लागू टेक्स, ग्राहक को भरने होंगे।
13. ऐसा माना जाएगा कि ग्राहकों ने वाहन खरीदते समय इन शर्तों को पढ़ लिया है, समझ लिया है और इनसे सहमत है।

# हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड

## एमिशन वॉरंटी

### वॉरंटी का दायरा

निम्नलिखित नियमों और शर्तों के अधीन, केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 के नियम 115 के उप नियम (2) में निर्दिष्ट एमिशन स्टैंडर्ड्स का अनुपालन करने के लिए, हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड अपने सभी वाहनों पर गारंटी देता है और उन्हें अपने विविध प्लांट में असेंबल / मैन्युफैक्चर कर के, अपने चैनल पार्टनर्स के माध्यम से बेचता है।

### नियम और शर्तें

क) एमिशन वॉरंटी भारत में लागू होगी और वाहन खरीदने की तारीख से 3 साल या 30000 किमी, जो भी पहले हो, की अवधि के लिए वैलिड रहेगी।

ख) यदि एमिशन वॉरंटी के तहत कवर होने वाली, किसी भी कॉम्पोनेन्ट में एमिशन-संबंधित कोई खराबी देखी जाती है, तो हीरो मोटोकॉर्प की ज़िम्मेदारी केवल उन पार्ट (पार्ट्स) को रिपेयर और/या बदलना होगा जो एमिशन स्टैंडर्ड्स का अनुपालन न करने के कारण ख़राब हुए हैं।

ग) एमिशन वॉरंटी से संबंधित कॉम्पोनेन्ट की वॉरंटी कंडीशंस को निर्धारित करने के लिए, जांच करने का तरीका हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड और / या चैनल पार्टनर्स / सर्विस सेंटर द्वारा तय किया जाएगा और इस तरह की जांच का परिणाम अंतिम और बाध्यकारी होगा। यदि जांच के दौरान पार्ट (पार्ट्स) की वॉरंटी कंडीशंस साबित नहीं होती हैं, तो हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड के पास, ग्राहक से कॉम्पोनेंट्स के खर्च के अलावा, इस तरह की जांच/सर्विस चार्ज का पूरा या कुछ हिस्सा चार्ज करने का अधिकार होगा।

घ) हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड के पास ख़राब कंपोनेंट्स या पूरी असेंबली या ऐसे रिपेयर के लिए आवश्यक किसी अन्य पार्ट को बदलने करने का निर्णय लेने का एकमात्र अधिकार होगा।

ङ) एमिशन वॉरंटी केवल उन वाहनों पर लागू होगी, जिन्हें नियमित रूप से ऑनर्स मैन्युअल में दिए गए मेंटेनेंस शेड्यूल के अनुसार मेंटेन किया जा रहा है।

च) एमिशन वॉरंटी का लाभ उठाने के लिए ग्राहक को मेंटेनेंस शेड्यूल के अनुसार रेकमेंडेड पार्ट्स रिप्लेसमेंट का पालन करना होगा।

छ) वाहनों की एमिशन विशेषताओं से संबंधित यदि किसी भी पार्ट (पार्ट्स) से छेड़छाड़ की जाती है और/या अनधिकृत व्यक्ति/वर्कशॉप आदि द्वारा रिपेयरिंग की जाती है, तो एमिशन वॉरंटी कैंसिल कर दी जाएगी।

ज) सामान्य रूप से वाहन चलाते समय, किसी भी पार्ट (पार्ट्स) में वियर एन्ड टिअर होने पर, उसे एमिशन वॉरंटी के तहत कवर नहीं किया जाएगा। इसलिए, ग्राहक द्वारा ऐसे सभी पार्ट्स को समय-समय पर, भुगतान के आधार पर, ऑनर्स मैन्युअल में दिए गए मेंटेनेंस शेड्यूल और डीलर की सलाह के अनुसार बदल दिया जाना चाहिए।

झ) एमिशन वॉरंटी के लाभ उठाने के लिए, रेकमेंडेड शेड्यूल के अनुसार सर्विसेस का लाभ उठाने की सलाह दी जाती है। कृपया पिछली सर्विस की तारीख से 90 दिनों के अंदर या रेकमेंडेड शेड्यूल के अनुसार, जो भी पहले हो, प्रत्येक पेड़ सर्विस का लाभ उठाना सुनिश्चित करें। सर्विस संबंधित सभी जानकारी, डीलर द्वारा ऑनर्स मैन्युअल में दिए गए **सर्विस रिकॉर्ड शीट** में पूरी तरह से भरी जानी चाहिए।

# हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड

## एमिशन वॉरंटी

ञ) अधिकृत PUC सेंटर से PUC सर्टिफिकेट प्राप्त करना अनिवार्य है। एमिशन स्टैंडर्ड्स का अनुपालन न करने की स्थिति में, आवश्यक सुधार के लिए कृपया पिछले ओके सर्टिफिकेट के साथ चैनल पार्टनर/अधिकृत वर्कशॉप से तुरंत संपर्क करें। एमिशन स्टैंडर्ड्स का पालन न करने के कारण आपसे लिए गए किसी भी दंड के लिए मैन्युफैक्चरर या डीलर जिम्मेदार नहीं है।

ट) एमिशन वॉरंटी के तहत कवर किए जाने वाले पार्ट्स, फ्यूल इंजेक्टर, फ्यूल पंप, थ्रॉटल बॉडी, इग्निशन कॉइल, ऑक्सीजन सेंसर और मफलर हैं।

ठ) एमिशन वॉरंटी निम्नलिखित स्थितियों में लागू नहीं होगी

- यदि वाहन का असामान्य उपयोग, दुरुपयोग, ठीक तरह से इस्तेमाल नहीं किया गया है और अनुचित मेंटेनेंस किया गया है या उससे एक्सीडेंट हुआ है।
- वाहन या उसके पार्ट्स को अनधिकृत तरीके से बदल दिया गया है, उनके साथ छेड़छाड़ की गई है या उन्हें मॉडिफाई या बदल दिया गया है।
- ओडोमीटर काम नहीं कर रहा है या ओडोमीटर और/या इसके रीडिंग को बदल दिया गया है/छेड़छाड़ की गई है, ताकि तय की गई वास्तविक दूरी को आसानी से निर्धारित नहीं किया जा सके।
- वाहन का उपयोग प्रतियोगिताओं, रेस और रैलियों के लिए या रिकॉर्ड बनाने के उद्देश्य से किया गया है।

ड) एमिशन वॉरंटी सेटलमेंट से संबंधित सभी निर्णय हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड द्वारा लिए जाएंगे और यह अंतिम और इससे संबंधित सभी के लिए बाध्यकारी होंगे।

**केवल दिल्ली क्षेत्राधिकार के अधीन।**

**GENUINE PARTS**

- **हीरो मोटोकॉर्प के जेन्युन स्पेयर पार्ट्स उपयोग करने के क्या फायदे हैं ?**
- लंबे समय तक चलने की गारंटी देता है
- लंबे समय तक इकोनॉमी सुनिश्चित करता है
- वाहन और राइडर की सुरक्षा
- मन की शांति
- उस पर खर्च किए गए पैसो के हिसाब से उपयुक्त
- क्वालिटी की गारंटी

## नॉन-जेन्युन पार्ट्स का उपयोग करने के कारण होने वाली खराबी

| | |
|---|---|
| **क्लच प्लेट** | • उपयोग किया जाने वाला मटेरियल ख़राब होता है<br>• क्लच के अन्य पार्ट्स जैसे क्लच सेंटर और आउटर क्लच को नुकसान पहुंचाता है<br>• फ्यूल एफिशिएंसी को प्रभावित करता है<br>• खराब एक्सलरेशन |
| **कैम चैन किट** | • ख़राब प्रदर्शन<br>• कम समय तक चलते है |
| **गैस्केट सिलिंडर हेड** | • अनुचित सीलिंग<br>• इंजन नॉकिंग<br>• लीकेज और स्मोकी एग्ज़ॉस्ट होता है<br>• उच्च एमिशन लेवल |

Hero

# GENUINE PARTS

## नॉन-जेन्युन पार्ट्स का उपयोग करने के कारण होने वाली खराबी

| | |
|---|---|
| **एलिमेंट एयर क्लीनर** | • अनुचित एयर फिल्ट्रेशन जिसके कारण समय से पहले इंजन फेल हो जाता है।<br>• फ्यूल एफिशिएंसी को प्रभावित करता है<br>• इंजन का खराब प्रदर्शन |
| **स्पार्क प्लग** | • इंजन का बार-बार रुकना<br>• उच्च एमिशन लेवल<br>• इंजन का खराब प्रदर्शन<br>• फ्यूल एफिशिएंसी को प्रभावित करता है |
| **ब्रेक पैड/शूज** | • खराब ब्रेकिंग एफिशिएंसी<br>• राइडर की सुरक्षा - एक समस्या<br>• डिस्क/ड्रम वियर आउट, जिसके कारण रिपेयरिंग पर खर्च बढ़ता हैं |
| **चैन स्प्रॉकेट किट** | • नोइज़ी ऑपरेशन<br>• चैन की विफलता घातक दुर्घटना का कारण बन सकती है |

## जोनल / रीजनल / एरिया ऑफिस

**आपके सर्विस संबंधी किसी भी पूछताछ / आवश्यकता के लिए आप संबंधित जोनल / रीजनल / एरिया ऑफिस से संपर्क कर सकते हैं**

### सेंट्रल जोन

**हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड,** नंबर 208, 209, 210- दूसरी मंजिल, गणपति प्लाजा, एम.आई. रोड, जयपुर-302001, (राजस्थान)। टेली: +91 141-2389031, 2389156, 2389252, ई-मेल: jaipur@heromotocorp.com

**हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड,** कार्यालय नंबर 705-706, सातवीं मंजिल, मंगलम फन स्क्वायर, दुर्गा नर्सरी रोड, उदयपुर - 313001 (राजस्थान)। टेली: +91 0294-2980578, 79, ई-मेल: udaipur@heromotocorp.com

**हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड,** कार्यालय नंबर 401, चौथी मंजिल, ऑफिजो, मैग्नेटो मॉल, लाभंडी, जी.ई. रोड, रायपुर - 492 001, (छत्तीसगढ।) टेली: +91-771-4034749, ई-मेल: raipur@heromotocorp.com

**हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड,** कार्यालय नंबर 55 से 59, पहली मंजिल, मेपल हाई स्ट्रीट, आशिमा मॉल के सामने, होशंगाबाद रोड, भोपाल - 462026, भारत। टेली: +91-7000562763, ई-मेल: bhopal@heromotocorp.com

**हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड,** मालू-01, 601-602, छठी मंजिल, प्लॉट नंबर 26 सी, स्कीम नंबर 94, रिंग रोड, इंदौर, एम.पी. - 452010। टेली: +91-731-4978269, 70, ई-मेल: indore@heromotocorp.com

### ईस्ट जोन

**हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड,** फ्लैट नंबर: 1002. दसवीं मंजिल, मार्टिन बर्न बिजनेस पार्क, बीपी3, साल्ट लेक, सेक्टर-V, कोलकाता-700091, पश्चिम बंगाल, भारत। टेली: +91-33-44026841, +91-33-44026830, ई-मेल: kolkata@heromotocorp.com

**हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड,** ओडिसा बिजनेस सेंटर, प्लॉट नंबर 30, 30/982, 172/1030, चौथी मंजिल कटक, भुवनेश्वर हाईवे रोड, रसूलगढ़, भुवनेश्वर-751010, ओडिशा, भारत। टेली: +91-674-2581161, 62, 63, 64, ई-मेल: bhubaneshwar@heromotocorp.com

**हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड,** यश हाइट्स, पहली मंजिल बरियातू रोड, बासुदेब टाटा शोरूम के ऊपर रांची -834009, झारखंड, भारत। टेली: +91-651-2542222, 2542224, 2542225, ई-मेल: ranchi@heromotocorp.com

**हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड,** साई कॉरपोरेट पार्क, ए ब्लॉक, छठी मंजिल, रुकनपुरा, बेली रोड पटना, बिहार - 800014। टेली: +910612-2590587/88/89, ई-मेल: patna@heromotocorp.com

**हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड,** 158, क्रिस्टियन बस्ती, गोल्डन हाइट्स, तीसरी मंजिल, रिलायंस ट्रेंड बिल्डिंग, एडजसेन्ट सेंट्रल मॉल, जीएस रोड, कामरूप, आसाम - 781005। टेली: 0361-2340058, ई-मेल: guwahati@heromotocorp.com

### नॉर्थ जोन

**हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड,** तीसरी मंजिल, टॉवर-ए, डीएलएफ सेंटर कोर्ट, सेक्टर - 42, गोल्फ कोर्स रोड, गुड़गांव -122002, हरियाणा, भारत। टेली: 0124-4754800, ई-मेल: delhi@heromotocorp.com

**हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड,** 602, छठी मंजिल, टॉवर ए, प्लॉट नंबर बीडब्ल्यू 58, लॉजिक्स सिटी सेंटर, सेक्टर -32, नोएडा - 201301। उत्तर प्रदेश। टेली: 0120-4631000, ई-मेल: noida@heromotocorp.com

**हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड,** एस.सी.ओ-367-368, पहली मंजिल, सेक्टर-34ए, चंडीगढ़-160022, भारत। टेली: +91-172-2623773, 2623774, 2623775, ई-मेल: chandigarh@heromotocorp.com

## नॉर्थ जोन

**हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड,** कपूर टावर्स, प्लॉट नंबर- 284, 15-बी, राजपुर रोड, देहरादून-248001, उत्तराखंड, भारत।
टेली: 0135-2714661, 2713662, 2714663, ई-मेल: dehradun@heromotocorp.com

**हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड,** समिट बिल्डिंग (दसवीं मंजिल) प्लॉट नंबर टीसीजी 3/3 विभूति खंड, गोमती नगर लखनऊ - 226010, भारत।
टेली: 0522-4006594, ई-मेल: Luckynow@heromotocorp.com

**हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड,** सी-19/134-बी, तीसरी मंजिल आई.पी ग्रांड, लल्लापुरा, सिगरा, वाराणसी, उत्तर प्रदेश - 221010, भारत।
टेली: +91-0542- 2390949,2390241, ई-मेल: varanasi@heromotocorp.com

## साउथ जोन

**हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड,** एसकेएवी 909, तीसरी मंजिल, 9/1, लावेल रोड, बैंगलोर -560001, भारत।
टेली: +91-80-46881000, ई-मेल: bangalore@heromotocorp.com

**हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड,** 3-6-289, तीसरी मंजिल, करीम मंजिल, हैदरगुडा, हैदराबाद-500029, भारत।
टेली: +91-40-23223735/3727, ई-मेल: hyderabad@heromotocorp.com

**हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड,** नववीं मंजिल शेषचलम सेंटर नंबर 636/1। अन्ना सलाई, नंदनम, चेन्नई-600035, भारत।
टेली: +91-44- 24340974, 24340977, 24340978, ई-मेल: chennai@heromotocorp.com

**हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड,** 6-ए, डीडी ट्रेड टॉवर, (छठी मंजिल), कलूर-कदवंतरा रोड, कलूर -682 017, कोच्चि-682017, भारत।
टेली: +91-0484- 4039646 -7, ई-मेल: cochin@heromotocorp.com

**हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड,** नंबर 1547, दूसरी मंजिल क्लासिक टावर्स, त्रिची रोड, कोयंबटूर - 641018
टेली: +91-422-2200058, 2200061, ई-मेल: coimbatore@heromotocorp.com

**हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड,** पहली मंजिल वीए कलबुर्गी महालक्ष्मी हवेली, मंदाकिनी हॉस्पिटल रोड, न्यू कॉटन मार्केट, हुबली-580029, भारत।
टेली: 0836-2269717, 2361038, ई-मेल: hubli@heromotocorp.com

**हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड,** डी.एन.ओ. 54-11-18 ई, दूसरी मंजिल, साईं ओडेसी बिल्डिंग, एग्जीक्यूटिव क्लब के सामने, एनएच-5 के पास, विजयवाड़ा-520008, आंध्र प्रदेश, भारत। टेली: +91-866-2546859, ई-मेल: vijayawada@heromotocorp.com

## वेस्ट जोन

**हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड,** क्रोम बिल्डिंग, नंबर 33, हिस्सा-ए-1/1/2, प्लॉट - 2, विमान नगर एवेन्यू 2, नगर रोड, पुणे-411014, भारत।
टेली: +91-020-71903500, ई-मेल: pune@heromotocorp.com

**हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड,** 604, गुंजन टॉवर, एलेम्बिक गोरवा रोड के बाहर, बड़ौदा-390023, भारत।
टेली: +91-265-2286569/2286570, ई-मेल: बड़ौदा@heromotocorp.com

**हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड,** ग्राउंड फ्लोर, ब्लॉक नंबर 2, विष्णु वैभव कॉम्प्लेक्स, 222, पाम रोड, सिविल लाइन्स, नागपुर-440001, भारत।
टेली: +91-712-2545990-91, ई-मेल: nagpur@heromotocorp.com

**हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड,** क्लासिक स्ट्राइप्स हाउस, तीसरी मंजिल 76/79, मकवाना लेन, तकपाड़ा ऑफ। अंधेरी-कुर्ला रोड मरोल, अंधेरी ईस्टा, मुंबई-400059, भारत। टेली: +91-22-28562071, ई-मेल: mumbai@heromotocorp.com

**हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड,** बी-201, दूसरी मंजिल, प्राइड कॉरपोरेट रॉयल पार्क, कलावाद रोड, राजकोट -360001
टेली: 0281-2460622, 2460623, ई-मेल: rajkot@heromotocorp.com